स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ, शनिवार
17 मई, 2025
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 5
सं. 2082 वि.
वर्ष 78, अंक -265 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net



**ट्रंप ने कहा पुतिन से जल्द मिलूंगा, अब सीधी बात जरूरी**

## ब्रह्मोस ने रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखाया



**भुज।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को गुजरात के भुज वायु सेना स्टेशन का दौरा किया। इस एयरबेस

**भुज से रक्षा मंत्री ने पाक को दिखाया आईना**

को पिछले सप्ताह पाकिस्तानी सेना की ओर से निशाना बनाने की कोशिश की गई थी। हालांकि, उनके नापाक मंसूबों पर भारतीय सशस्त्र बलों ने पानी फेर दिया था। राजनाथ की यह यात्रा जम्मू-कश्मीर की यात्रा, नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के एक दिन बाद हुई। भुज में उन्होंने कहा कि हमारे ब्रह्मोस की ताकत पूरी दुनिया ने देख ली है। पाकिस्तान पर हमारी मिसाइल कहर बनकर बरसी है। उन्होंने कहा कि यह भुज, 1965 में पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी रहा है। यह भुज 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी रहा है।

### पाक को एक अरब डॉलर की मदद पर फिर सोचे आईएमएफ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से पाकिस्तान को दी गई एक अरब डॉलर की मदद पर फिर से पुनर्विचार करने की अपील की है। केंद्रीय मंत्री ने आशंका जताई है कि पाकिस्तान इस राशि का दुरुपयोग आतंकी गतिविधियों को संचालित करने में कर सकता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत नहीं चाहता कि आईएमएफ को दिए जाने वाले उसके धन का इस्तेमाल प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान या किसी अन्य देश में आतंकवादी बुनियादी ढांचा तैयार करने में किया जाए।

**पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद बड़ा कदम**

## रक्षा बजट में 50 हजार करोड़ रुपए बढ़ाने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्र सरकार रक्षा बजट में 50,000 करोड़ रुपए बढ़ा सकती है। रक्षा मंत्रालय ने सरकार को फंड बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है, जिसे संसद के नवंबर-दिसंबर के

**आधुनिक हथियारों और तकनीक पर होगा फोकस**

दौरान शीतकालीन सत्र में मंजूरी मिल सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि इस फंड से नए हथियार, गोला-बारूद और तकनीक खरीदी जाएगी। साथ ही सेना की दूसरी जरूरतें, रिसर्च और डेवलपमेंट पर भी खर्च किया जाएगा। बढ़ोतरी के बाद रक्षा मंत्रालय का ओवरऑल बजट 7 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को पेश किए गए 2025-26 के बजट में सशस्त्र बलों के लिए रिकॉर्ड 6.81 लाख करोड़ रुपए का बजट दिया था। इस साल रक्षा बजट पिछले साल की तुलना में करीब 9.5 प्रतिशत ज्यादा है। केंद्र ने 2024-25 में सशस्त्र बलों के लिए 6.22 लाख करोड़ रुपए दिए थे। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के पहले बजट 2014-15 में रक्षा मंत्रालय को 2.29 लाख करोड़ रुपए दिए गए थे। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में दुनिया के पांचवें सबसे बड़े देश भारत का सैन्य खर्च 1.6 प्रतिशत बढ़कर 86.1 बिलियन डॉलर (7.19 लाख करोड़) हो गया है। वहीं, पहलगाम हमले के बाद से न्यूक्लियर मिसाइल दागने की धमकी दे रहे पाकिस्तान का सैन्य खर्च 10.2 बिलियन डॉलर यानी करीब 85,170 करोड़ रहा।

## यूपी में प्रचंड गर्मी का कहर, 22 जनपदों में लू का अलर्ट

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर जारी है। शुक्रवार को प्रदेश के आगरा और झांसी में अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार चला गया। वहीं प्रयागराज, वाराणसी, अमेठी, सुल्तानपुर आदि जिलों में


**आगरा समेत कई जिलों में पारा 45 डिग्री पार**

दोपहर में ही तापमान 44 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक शुक्रवार और शनिवार को दक्षिणी यूपी, बुंदेलखंड के साथ ही आगरा और अलीगढ़ डिविजन में गर्मी और लू प्रकोप ज्यादा संभावित है। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए प्रदेश के पूर्वी दक्षिणी और बुंदेलखंड के 22 जिलों के लिए लू की चेतावनी जारी किया है। साथ ही शुक्रवार से लेकर शनिवार के दौरान, प्रदेश के पूर्वी हिस्सों के 32 जिलों में लू की चेतावनी और 15 जिलों में उष्ण रात्रि की चेतावनी जारी किया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में एक नया विक्षोभ और वेदर सिस्टम सक्रिय हो रहा है।



बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में लू की चेतावनी है।

## एशिया में फिर बढ़े कोविड-19 के मामले



**सिंगापुर।** एशिया में एक बार फिर से कोविड-19 के मामलों में तेजी देखी जा रही है। घनी आबादी वाले हांगकांग और सिंगापुर में पिछले दिनों कोविड के मामले अचानक बढ़ गए। स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यह नया उछाल

**चीन, सिंगापुर, थाईलैंड और हांगकांग में बढ़ रहे केस**

पूरे क्षेत्र में एक नई लहर का संकेत दे सकता है। हांगकांग में वायरस की गतिविधि काफी हाई स्तर पर पहुंच गई है, जबकि सिंगापुर में भी हाल के सप्ताह में मामलों और अस्पताल में भर्ती होने की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। हांगकांग के सेंटर फॉर हेल्थ प्रोटेक्शन के प्रमुख अल्बर्ट औ ने स्थानीय मीडिया को बताया कि शहर में कोविड-19 की गतिविधि अब काफी हाई है। कोविड से संक्रमित लोगों के पॉजिटिव टेस्ट का प्रतिशत एक साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। सेंटर के आंकड़ों के अनुसार, 3 मई तक के सप्ताह में 31 गंभीर मामले दर्ज किए गए, जो पिछले एक साल में सबसे ज्यादा है। सिंगापुर में भी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 3 मई को समाप्त हुए सप्ताह में अनुमानित मामलों में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 14,200 तक पहुंच गए। इसके साथ ही, दैनिक अस्पताल में भर्ती होने की संख्या में भी लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। सिंगापुर अब केवल तभी मामले की संख्या की रिपोर्ट करता है जब उनमें उल्लेखनीय वृद्धि होती है। चीन और थाईलैंड में भी कोविड-19 के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। चीन में नई लहर पिछले साल की गर्मियों जितनी तेज हो रही है।

# मॉडल के रूप में विकसित होंगे श्रमिक अड्डे : योगी

**सीएम ने कहा- कैंटीन में मिलेगा 5 से 10 रु में चाय, नाश्ता और भोजन**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि श्रमिक और उद्योगपति एक-दूसरे के पूरक हैं, न कि प्रतिस्पर्धी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की औद्योगिक प्रगति तभी संभव है जब श्रम कानूनों को प्रो-इंडस्ट्री और प्रो-श्रमिक दोनों दृष्टियों से संतुलित बनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रम कानूनों का सरलीकरण इस प्रकार किया जाए जिससे उद्योगों को सुविधा मिले, लेकिन यह भी सुनिश्चित हो कि श्रमिकों के शोषण या उनके साथ अमानवीय व्यवहार की कोई संभावना न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर हाथ को काम देने के लिए हमें उद्योगों को सशक्त करना होगा। उद्योग बंद कर किसी को रोजगार नहीं दिया जा सकता, बल्कि उद्योगों का विस्तार ही अधिकाधिक रोजगार सृजन का माध्यम है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की स्थिति में श्रमिकों और उनके परिवारों को सुरक्षा मिले, इसके लिए उन्हें सम्मानजनक मानदेय और बीमा सुरक्षा कवच देना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करते हुए राज्य



सरकार का प्रयास है कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा श्रमिक-हितैषी और उद्योग समर्थ राज्य बनकर उभरे। उन्होंने कहा कि बाल श्रमिकों को केवल आजीविका से नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और स्पॉन्सर्ड स्कीम्स से जोड़ते हुए उनके पुनर्वासन की दिशा में तीव्र गति से कार्य किया जाए। यह न केवल सामाजिक दायित्व है बल्कि भावी पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देने का दायित्व भी है। मुख्यमंत्री ने श्रमिक अड्डों को मॉडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए, जहां डोरमेट्री, शौचालय, पेयजल, कैंटीन और ट्रेनिंग सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कहा कि कैंटीन में श्रमिकों को 5-10 रुपये में चाय, नाश्ता और भोजन मिले, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की स्किल मैपिंग कराकर न्यूनतम मानदेय की गारंटी व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह असंगठित कार्यबल को संगठित श्रम शक्ति में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी। उन्होने कहा कि विदेश में रोजगार हेतु जाने वाले निर्माण श्रमिकों को न केवल तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाए, बल्कि गंतव्य देश की भाषा का भी प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाए। यह उनकी कार्यक्षमता और सुरक्षा दोनों के लिए आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने निर्देशित करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत योजना की तर्ज पर निजी अस्पतालों को सीएसआईसी और ईएसआईसी से जोड़ा जाए। इससे संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के श्रमिकों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

## सोने तक नहीं देते थे, जासूसों की तरह करते थे टॉर्चर



**कोलकाता।** पाकिस्तान से 21 दिनों के बाद रिहा होकर भारत लौटे बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ ने अपनी पत्नी रजनी से फोन पर बातचीत में कैद के दौरान के अपने अनुभव साझा किए हैं। उन्होंने अपनी पत्नी को बताया कि पाकिस्तान में कैद के दौरान

**पाकिस्तान से लौटे बीएसएफ जवान ने सुनाई आपबीती**

उन्हें रात को सोने तक नहीं दिया गया। लगातार पूछताछ की जाती थी। पाकिस्तानी ऐसी हरकत करते थे कि जैसे पीके शॉ कोई जासूस हो। 23 अप्रैल को पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में ड्यूटी के दौरान पूर्णम कुमार शॉ गलती से पाकिस्तानी सीमा में प्रवेश कर गए थे। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के अगले ही दिन यह घटना घटी। पाकिस्तान की सेना ने उन्हें हिरासत में ले लिया और उसके बाद से उनसे कोई संपर्क नहीं हो पाया था। भारत सरकार ने कूटनीतिक चैनल के जरिए दबाव बनाना शुरू कर दिया, जिसके बाद पाकिस्तान से उनकी रिहाई हुई। पति से बात करने के बाद रजनी शॉ ने कहा, उन्होंने बताया कि उन्हें शारीरिक यातना नहीं दी गई, लेकिन मानसिक रूप से वे पूरी तरह थक चुके हैं। उन्हें हर रात पूछताछ के लिए उठाया जाता था। वह बोले कि उन्हें खाना तो मिलता था, लेकिन दांत साफ करने की अनुमति भी नहीं दी गई। उनकी आवाज में थकावट साफ झलक रही थी। रजनी ने यह भी बताया कि पूर्णम शॉ को तीन अलग-अलग जगहों पर ले जाया गया। उनमें से एक जगह संभवतः किसी एयरबेस के पास की जगह थी, क्योंकि वहां हवाई जहाजों की आवाजें आती थीं। यह सब उनके मानसिक तनाव को और बढ़ाने वाला अनुभव था।

## सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का प्रतीक है ऑपरेशन सिंदूर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नॉर्थ ब्लॉक में नए मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) का उद्घाटन किया। इस मौके पर गृह मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर

**गृह मंत्री ने किया मल्टी एजेंसी सेंटर का उद्घाटन**

**रॉ-सेना-सीएपीएफ सहित कई एजेंसियां साझा करती हैं इनपुट**

पीएम मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, आसूचना एजेंसियों की सटीक सूचना और हमारी तीनों सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का अद्वितीय प्रतीक है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत खुफिया सूचना जुटाने वाले इंटेलिजेंस ब्यूरो



(आईबी) के बाज, यानी मल्टी एजेंसी सेंटर (एमएसी) पर गृह मंत्री अमित शाह का खास फोकस है। ये खुफिया मल्टी एजेंसी सेंटर 24 घंटे बाज की तरह सतर्क रहता है। रॉ-सीएपीएफ, एनआईए, ईडी और सीबीआई सहित लगभग 26 केंद्रीय एजेंसियां मल्टी एजेंसी सेंटर में अपने सीक्रेट इनपुट साझा करती हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जीतने के लिए संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण के साथ एक एकीकृत एक्शनेबल सिस्टम बनाना होगा। आतंकवाद के वित्तपोषण, क्रिप्टो जैसी नई चुनौतियों से निपटने के लिए राज्यों के पुलिस थानों से लेकर पुलिस महानिदेशक के कार्यालय तक समन्वित अप्रोच अपनानी होगी। उन्होंने नीड टू नो से ड्यूटी टू शेयर की ओर बढ़ने का आह्वान किया था। अब मैक में इन सभी बातों पर काम शुरु हो गया है। देश में उभरते सुरक्षा खतरे के परिदृश्य के बीच आतंकवादी नेटवर्क और उनके सहायक पारिस्थितिकी तंत्र को खत्म करने के लिए सभी एजेंसियों के बीच बेहतरीन तालमेल देखने को मिल रहा है। शाह के अनुसार, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सातों दिन और 24 घंटे सतर्क रहना बहुत जरूरी है।

## अब एमपी के डिप्टी सीएम के बयान पर विवाद

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए विवादित बयान का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ है। इसी बीच प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के एक बयान पर विवाद हो गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में की गई कार्रवाई को लेकर डिप्टी सीएम देवड़ा ने कहा कि देश की सेना और सैनिक उनके चरणों में नतमस्तक है, पूरा देश उनके चरणों में नतमस्तक है। उन्होंने जो जवाब दिया है, उसकी जितनी सराहना की जाए, उतनी कम है। दरअसल, इस वाक्य से पहले वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र कर रहे थे। इस वजह से कांग्रेस ने उन पर सेना का अपमान करने का आरोप लगाया है। दावा है कि उपमुख्यमंत्री देवड़ा पीएम मोदी के चरणों में नतमस्तक होने की बात कर रहे थे। मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम बीते गुरुवार को जबलपुर के दौरे पर थे। जहां, एक कार्यक्रम को संबोधित



करते हुए देवड़ा ने कहा कि मन में बहुत क्रोध था, जो नजारा हमने देखा, जो पर्यटक घूमने गए थे, वहां चुन-चुनकर, धर्म पूछ-पूछकर, महिलाओं को एक तरफ खड़ा करके, बच्चों के सामने पुरुषों को गोली मार दी गई। उस दिन से देश के लोगों में बहुत तनाव था, जब तक इसका बदला नहीं लिया जाएगा। जिन आतंकवादियों ने माताओं का सिंदूर मिटाया, और आतंकवादियों को जो पाल रहे हैं, उनको जब तक नेस्तनाबूद नहीं करते, तब तक चैन की सांस नहीं लेंगे।

## वक्फ कानून के खिलाफ नई याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वक्फ कानून की सांविधानिक वैधता को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि हर कोई

**कहा- हर कोई अखबार में नाम चाहता है**

अखबार में नाम चाहता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तय किया कि वह लंबित मामलों की सुनवाई 20 मई को करेगी। शुक्रवार को अदालत में जब याचिकाएं सुनवाई के लिए आईं तो केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कानून को



चुनौती देने वाली याचिकाओं का अंत नहीं हो रहा है। ऐसे याचिकाएं दायर नहीं की जा सकती। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्होंने 8 अप्रैल को याचिका दायर की थी। 15 अप्रैल को सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री द्वारा बताई गई खामियों को दूर कर दिया था, लेकिन उनकी याचिका सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं की गई। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हर कोई अखबार में अपना नाम चाहता है। जब याचिकाकर्ता के वकील ने पीठ ने याचिका को लंबित याचिकाओं के साथ शामिल करने का अनुरोध किया तो बेंच ने कहा कि हम इस मुद्दे पर निर्णय लेंगे। पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने कहा कि अगर ऐसी कोई अन्य याचिका सुनवाई के लिए आएगी तो उसे खारिज कर दिया जाएगा। जब याचिकाकर्ता के वकील ने उन्हें लंबित याचिकाओं में हस्तक्षेप की अनुमति देने की मांग की तो पीठ ने कहा कि हमारे पास पहले से ही तमाम हस्तक्षेपकर्ता हैं।

## ब्रिटेन में नीरव मोदी की नई जमानत अर्जी खारिज

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को हीरा कारोबारी नीरव मोदी की नयी जमानत याचिका खारिज कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नीरव मोदी वहां की एक जेल में बंद है और अपने मामा मेहुल चोकसी के साथ 13,000 करोड़ रुपये के पीएनबी (पंजाब नेशनल बैंक) धोखाधड़ी मामले में भारत में वांछित है। उन्होंने बताया कि नीरव मोदी (55) ने बृहस्पतिवार को लंदन की अदालत में याचिका दायर कर अपने प्रत्यर्पण अनुरोध पर फैसला आने तक जमानत पर रिहाई की मांग की। सीबीआई ने कहा, नीरव दीपक मोदी द्वारा दायर नयी जमानत याचिका को बृहस्पतिवार को लंदन के किंग्स बेंच डिविजन की अदालत ने खारिज कर दिया।

## राज्य संचालित मंदिरों में सिर्फ ब्राह्मण ही पुजारी क्यों?

**भोपाल।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है। याचिका में सवाल उठाया गया है कि राज्य सरकार द्वारा संचालित धार्मिक स्थलों में पुजारी के रूप में केवल ब्राह्मणों को ही क्यों मौका दिया जाता है।



**एमपी हाई कोर्ट ने सरकार से पूछा सवाल**

याचिका अनुसूचित जाति-जन जाति अधिकारी कर्मचारी संघ की ओर से दायर की गई है। लाइव लॉ की रिपोर्ट के अनुसार, मध्य प्रदेश हाई कोर्ट मंगलवार को राज्य सरकार द्वारा संचालित किए जाने वाले धार्मिक स्थलों से जुड़ी एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में सवाल उठाया गया है कि इन धार्मिक स्थलों में पुजारी के रूप में नियुक्ति के लिए केवल ब्राह्मणों को ही अवसर क्यों दिया जाता है। हिंदू धर्म की सभी जातियों को क्यों नहीं। मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत और जस्टिस विवेक जैन की खंडपीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में इस सवाल का जवाब देने का आदेश दिया है।

## दो एफआईआर दर्ज होने पर राहुल बोले ये मेरे लिए पदक

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी के कई पदाधिकारियों के खिलाफ गुरुवार को दरभंगा के अंबेडकर कल्याण छात्रावास में निषेधाज्ञा के उल्लंघन करते हुए और बिना अनुमति के कथित रूप से अनाधिकृत जनसभा आयोजित करने के आरोप में दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। इन मामलों पर प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि ये सभी मेरे लिए, पदक हैं। मेरे खिलाफ 30-32 मामले दर्ज हैं। दरभंगा के एसडीपीओ (सदर) अमित कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन ने पार्टी कार्यकर्ताओं के औपचारिक अनुरोध के बाद राजेंद्र भवन (टाउन हॉल) में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कांग्रेस को लिखित अनुमति दी थी। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि अंबेडकर छात्रावास परिसर में एक अलग कार्यक्रम के लिए अनधिकृत तैयारी थी।

## दुनिया में पाक को बेनकाब करेंगे भारतीय सांसद



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब भारत के सांसद दुनियाभर में पाकिस्तान को बेनकाब करेंगे। भारत सरकार ने पाकिस्तान की करतूत दुनियाभर के सामने उजागर करने के लिए अगले सप्ताह सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को अलग-अलग देशों की यात्रा के लिए भेजने का फैसला लिया है।

**10 दिन में 30 एमपी बताएंगे पड़ोसी की करतूत**

बताया जा रहा है कि कम से कम 30 सांसदों को 10 दिन के लिए अलग-अलग देशों की यात्रा पर भेजा जाएगा। इसे लेकर सरकार ने विपक्ष सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों से बात की है। कुछ दलों ने अपने सांसदों को भेजने की मंजूरी भी दे दी है। दरअसल, पाकिस्तान पहलगाम से लेकर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लगातार झूठ बोलता रहा है। वह दुनिया को तथ्यों से अलग जाकर एक नैरेटिव सेट करने के लिए मनगढ़ंत कहानी बताता रहा है। पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई बड़ा समर्थन नहीं मिला है, लेकिन चीन और तुर्किये जैसे देशों के उसके साथ आ जाने से उसे एक सहारा मिल गया है। भारत पाकिस्तान की इस कोशिश को बेनकाब करना चाहता है। इसलिए कूटनीतिक तौर पर भारत सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को विभिन्न देशों की यात्रा पर भेजने का फैसला लिया है। अभी प्रतिनिधिमंडल में जाने वाले सांसदों की सही संख्या तय नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि 30 से अधिक सांसद प्रतिनिधिमंडल में जा सकते हैं।

## दिल्ली में पकड़े गए 13 बांग्लादेशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने औचंदी गांव से 13 बांग्लादेशी नागरिकों को बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रहने के आरोप में हिरासत में लिया है। उनके पास से बांग्लादेशी पहचान दस्तावेज बरामद किए गए हैं। दिल्ली में लगातार अवैध रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ अभियान जारी है। इससे पहले अप्रैल में दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर बिना वैध दस्तावेजों के राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न इलाकों में रह रहीं छह बांग्लादेशी महिलाओं को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार, मंडावली पुलिस थाने को मिली सूचना के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई। एक टीम ने सबसे पहले अवैध प्रवासी होने के संदेह में एक महिला को पकड़ा। पुलिस ने कहा, पूछताछ करने पर उसने पहाड़गंज इलाके में छिपे पांच अन्य बांग्लादेशी नागरिकों के ठिकाने का खुलासा किया।

# पालिका बोर्ड बैठक का क्यों होता बहिष्कार

## नगर के विकास में क्या बाधा उत्पन्न हो रही है, सभासदों का आरोप अधिशासी अधिकारी नहीं उठाती फोन



**तिलहर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** हंगामे की भेंट चढ़ती पालिका परिषद बोर्ड बैठकें, सभागार के फर्श पर बैठकर सभासदों के प्रदर्शन और बैठक का बहिष्कार, प्रशासन की खामोशी उसी पर प्रश्न चिन्ह नहीं खड़ा करती है। भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगते हुए सभासदों ने एक बार फिर नगर पालिका परिषद की बजट बोर्ड बैठक का वहिष्कार करते हुए वहीं सभागार के फर्श पर बैठ कर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया तिलहर के इतिहास में यह दूसरी बार हुआ जबकि इससे पूर्व अक्टूबर २४ में बोर्ड मीटिंग में हुए हंगामे का रुद्र रूप इतना बढ़ गया कि मीटिंग ही निरस्त करनी पड़ गई थी। बीते बुधवार को आहूत बोर्ड की बजट बैठक में पहुंचे अधिकांश सभासद, पालिका पहुंचे और सभागार से सभी कुर्सियां बाहर कराने के बाद जमीन पर बैठ कर अपनी एकता जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। सभागार पहुंची नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष हाजरा बेगम को देख सभासदों ने जमीन पर बैठे बैठे ही पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार के आरोपों की बौछार शुरू कर दी। अध्यक्ष तो कुर्सी पर बैठ गईं, लेकिन अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा समेत पालिका प्रशासन के अधिकारी व लिपिक खड़े रहे।आरोप लगा कि जनरेटर बिना चलाए ही १७०० लीटर का फर्जी खर्च, पालिका के वेतन पर हाइवे स्थित एक होटल पर सफाई कर्मचारी लगाए जाने, कम्युनिटी हॉल की चाहर दिवारी न बनाकर हॉल की साज सज्जा पर लाखों का खर्च दिखाए जाने, वर्ष २०१२ के बोर्ड में स्वीकृत दुकानों के निर्माण योजना को वर्तमान बोर्ड में बिना संज्ञान में लाए निर्माण योजना में डाले जाने पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए पालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। बोर्ड के दो वर्ष बीत जाने पर भी उनके वार्ड में एक रुपए का भी काम न कराए जाने, बिना नाला सफाई के भुगतान किए जाने, सभागार की टूटी कुर्सियों को बदले जाने के प्रस्ताव के बाबजूद कुर्सियां न बदले जाने समेत विभिन्न मामलों में भ्रष्टाचार के आरोपों की सभासदों ने झड़ी लगा दी। यह एक बात बड़ी हैसियत रखती है कि यदि पूर्व चेयरमैन यानी वर्तमान चेयरमैन के पति स्वर्गीय श्री इमरान खान के रहते पालिका सदन के सम्मानित सभासदों ने भले ही विरोध किया हो लेकिन इस तरह अभद्रता के हालत कभी देखने को नहीं मिले लेकिन उनके स्वर्ग वास के बाद आखिर ऐसी कौन सी वजह हुई जिसके कारण नगर विकास के संबंध में बात छोड़ सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार को देख कर बोर्ड की सकुशल बैठक होने का नंबर ही नहीं आ रहा है! ऐसा भी नहीं कि बोर्ड बैठक के संबंध में पालिका का बाहर बात न निकलती हो और नगरवासी इसके पीछे की असल हकीकत से वाकिफ ही न हो।

इस बार भी कमाल की बात यही निकल कर सामने आई कि अध्यक्ष ने तमाम मामलों से अनभिज्ञता जताते हुए पालिका प्रशासन में उनकी भी कोइ बात न सुने जाने की बात कह डाली। दरहकीकत यही सत्य भी है वर्तमान में की पालिका के कर्मचारी क्या बल्कि अधिकारी भी फिलहाल अध्यक्ष की बात का रत्तीभर मान रखते नहीं दिखते।समझने का प्रश्न यह है परन्तु क्यूं क्या कोई बीच की ऐसी कड़ी है जो सभासदों , अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष के बीच में समन्वय स्थापित स्थापित नहीं होने दे रहा है। कैंप कार्यालय की स्थापना तो जनता से मुलाकात के लिए बनाया गया था लेकिन किया अब तक १०० आमलोगों की मुलाकात हुई, और उनमें क्या १० लोगों का भी कुछ काम हो सका, यह भी बड़ा प्रश्न हो सकता है। बोर्ड अध्यक्ष के साथ उसके सदन के सदस्य अपने अपने क्षेत्र के विकास के लिए गंभीरता रखने के साथ लगातार बगावत पर उतारू होने पर अधिशाषी अधिकारी की भूमिका पर भी प्रश्न जरूर खड़ा होता है।ऐसे हालात में फिर भी सभासदों द्वारा अध्यक्ष को ऐसे कर्मियों के पटल बदले जाने में उनका सहयोग करने का भरोसा दिलाया जबकि अधिशाषी अधिकारी कल्पना शर्मा ने पुराना राग अलापते हुए, फिर, विगत बैठक का हवाला देकर सभासदों को संतुष्ट करने का प्रयास किया जो नाकाफी रहा और २१ सभासदों के हस्ताक्षर बला ज्ञापन सौंपा गया। जिस सदन के सम्मानित सदस्यों को जनहित कार्यों के लिए अपने ही विभाग को बार बार ज्ञापन देना पड़े, और अपने ही अध्यक्ष के विरुद्ध धरना प्रदर्शन करना पड़े, विकास कार्यों और बजट संबंधी बैठकों को निरस्त करना या वहिष्कार करना पड़े, विभाग में बोर्ड अध्यक्ष की बात सुनने और समझने का मामला खत्म होने लगे और उस बोर्ड के विभाग का प्रशानिक अधिकारी मूक दर्शक बन कर सब कुछ खामोशी से देखता रहे तो सबसे बड़ा प्रश्न चिन्ह उसी पर होना चाहिए होता है।

# एसबीआई मैनेजर की सड़क हादसे में मौत

## मोहम्मदी मार्ग पर मुकरमपुर के पास हुआ हादसा



**रोजा-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** शुक्रवार की सुबह मोहम्मदी मार्ग पर बड़ा सड़क हादसा हो गया। बाईक से बैंक काम से जा रहे एसबीआई के बैंक मैनेजर को तेज रफ्तार से जा रहे टेंकर ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बैंक मैनेजर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रोजा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस अज्ञात टेंकर की तलाश कर रही हैं। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। सड़क हादसे में बैंक मैनेजर की मौत की खबर जैसे ही परिजनों को लगी, पूरे परिवार में कोहराम मच गया। थाना रोजा के सिटी पार्क निवासी अंकुर रस्तोगी भारतीय स्टेट बैंक गंगसरा में शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। शुक्रवार की सुबह अंकुर रस्तोगी किसी काम से बाईक से मोहम्मदी मार्ग पर जा रहे थे, तभी मुकरमपुर के पास तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात टेंकर ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। बताते हैं कि टक्कर इतनी जोर की थी, कि अंकुर रस्तोगी काफी दूर जाकर घसीटते हुए चले गये। सिर में चोट लगने से अंकुर रस्तोगी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद टैंकर चालक वाहन सहित फरार हो गया। सड़क हादसे की खबर मिलते ही थाना प्रभारी राजीव कुमार मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। अंकुर रस्तोगी की मौत की खबर जैसे ही परिवार वालों को लगी पूरे परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी प्रयंका का रो रोकर बुरा हाल हैं। परिवार के लोग पोस्टमार्टम हाऊस पहुंच गये।

# विद्युत कटिया डालने से मना करने पर मारपीट



**मिर्ज़ापुर -शाहजहांपुर ( स्वतंत्र भारत )** परौर थाना क्षेत्र में कटिया डालने से मना करने पर दबंगों ने मार पीट की। महिला ने चार लोगों के विरुद्ध दिया प्रार्थना पत्र।

थाना परौर क्षेत्र के ग्राम देवड़ा निवासी अनीता देवी ने थाना प्रभारी निरीक्षक परौर को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बीते गुरुवार को समय रात्रि लगभग दस बजे गांव के राजेंद्र बिजली की कटिया डालकर बिजली का प्रयोग करते हैं। वहीं पर मेरे जानवर बंदते हैं। अधिकतर कटिया पार्किंग होकर टूट जाती है। अनीता ने कटिया डालने से मना किया तो गांव के राजेंद्र गाली गलौज करने लगे और राजेंद्र समेत राजेंद्र के परिजनों ने मारपीट की। पड़ोसी विकास व उसकी मां बचाने आए तो उन्हें भी लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। परौर पुलिस ने तीनों घायलों को उपचार एवं डॉक्टरी परीक्षण हेतु देर रात प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कलान भेजा।

# सत्य भारती स्कूल के बच्चों ने निकाली जागरुकता रैली



**कांट-शाहजहांपुर ( स्वतंत्र भारत )।** सत्य भारती स्कूल में बालिका अधिकार का गठन कर गांव में बालिकाओं के अधिकारों के प्रति रैली निकालकर जागरूक किया गया। शुक्रवार को कुर्रिया कलां के सत्यभारती स्कूल में बालिका अधिकार समिति का गठन किया गया। जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने गांव में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। बालिकाओं ने हाथों में स्लोगन लिखी पट्टी, तख्ती लेकर गांव की गलियों में नारा लगाकर बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूक किया। जिससे उन्हें भेदभाव से मुक्त एक न्यायपूर्ण समाज में जीने का अधिकार मिल सकें। इस दौरान प्रधानाध्यापिका रूपम वाजपेई, अध्यापक कौशलेंद्र मिश्र, हिमांशु कुमार, शिखा सक्सेना, निदा नाज, शिवी सिंह, पूनम मिश्रा का विशेष सहयोग रहा।

# पुलिस प्रशिक्षण महानिदेशक ने किया रिक्रूट आरक्षी प्रशिक्षण की तैयारियां का निरीक्षण

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** उत्तर प्रदेश पुलिस प्रशिक्षण महानिदेशक तिलोत्तमा वर्मा द्वारा रिक्रूट आरक्षी प्रशिक्षण की तैयारियों का निरीक्षण किया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस प्रशिक्षण महानिदेशक तिलोत्तमा वर्मा द्वारा जनपद में स्थित रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर (आर.टी.सी.) का गहन निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य ६०,२४४ आरक्षी प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण की तैयारियों की समीक्षा करना और भविष्य के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को और प्रभावी बनाना है। निरीक्षण के दौरान आवासीय सुविधाओं का जायजा लिया, जिसमें बैरक, मेस, और अन्य आवश्यक सुविधाओं का मूल्यांकन किया, ताकि प्रशिक्षुओं को अनुकूल वातावरण मिल सके। प्रशिक्षण महानिदेशक द्वारा आईटीआई एवं पीटीआई प्रशिक्षकों के साथ बैठक की गयी, जिसमें प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने और नई तकनीकों को अपनाने पर चर्चा हुई। आधुनिक पुलिसिंग की आवश्यकता को देखते हुए, साइबर अपराध नियंत्रण और तकनीकी दक्षताओं को शामिल करने पर बल दिया गया। प्रशिक्षुओं के शारीरिक स्वास्थ्य और फिटनेस को सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण पद्धतियों पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य आरक्षी प्रशिक्षुओं से संवाद: ११वें बैच के मुख्य प्रशिक्षुओं से बातचीत कर उनके अनुभवों और चुनौतियों को समझने का प्रयास किया गया। आगामी भर्ती प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। इस निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारियों से विचार-विमर्श किया गया। प्रशिक्षण की गुणवत्ता और कौशल विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए निर्देश जारी किए गए, जिससे प्रशिक्षु आधुनिक चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह से सक्षम बन सकें।

# फाइलेरिया की जांच करने पहुंची टीम, नहीं मिले मरीज



**कांट-शाहजहांपुर ( स्वतंत्र भारत )।** टॉस एक्टिविटी के अंतर्गत दो गांवो में फाइलेरिया की रोकथाम के लिए ६, ७ वर्ष के बच्चों का परीक्षण किया गया। फिलहाल अभी तक कोई रोगी नहीं मिला है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी गौरव सक्सेना के निर्देशन में ग्राम पठान गौटिया, एवं जरावन में स्वास्थ्य टीम के द्वारा ६ से ७ वर्ष के बच्चों की फाइलेरिया की जांच की गई। जिसमें एक गांव में ५५ बच्चों की जांच का टारगेट है जो टास्क एक्टिविटी के अंतर्गत किया जा रहा है। बरेंडा, पहलादपुर,कर्मोरी, मोहनपुर सहित अभी लगभग डेढ़ दर्जन गांवो में फाइलेरिया की जांच की जाएगी। इस दौरान स्वास्थ्य की टीम में विवेक दीक्षित, सुशील कुमार, मो इरफान, आकांक्षा, अवनीत, रागिनी वर्मा, रजत, आसमा सिंह, अंकित वर्मा रहे। डॉ गौरव सक्सेना ने बताया जिन गांवों में फाइलेरिया की जांच की गई। उनमें अभी तक कोई भी फाइलेरिया का मरीज नहीं मिला है।

# दो वारंटी गिरफ्तार



**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** शुक्रवार को पुलिस टीम ने अलग-अलग जगह से दो वारंटी गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया थाना अंतर्गत गांव दुल्हा ढाकिया निवासी मुकेश सिंह पुत्र सत्यपाल सिंह उम्र ४० और थाना क्षेत्र के गांव सहवेगपुर निवासी रामकुमार पुत्र छोटे लाल उम्र ५० वर्ष के खिलाफ न्यायालय द्वारा वारंट जारी होने पर एसआई विशेष कुमार कांस्टेबल सन्नी कुमार ने गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# राजकीय इंटर कालेज में भागवत गीता प्रतियोगिता संपन्न



**कांट-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** डीएम के निर्देश पर राजकीय इंटर कॉलेज में भागवत गीता प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा १ से १२ तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। श्लोक एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कक्षा १ से ८ व ९ से १२ तक श्लोक तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं भागवत प्रतियोगिता में १ से ५ तक संपन्न कराई गई। सरस्वती शिशु मंदिर प्रथम, अक्षय कंपोजिट मल्हपुर द्वितीय सरस्वती शिशु मंदिर की अंशिका तृतीय स्थान पर कक्षा ६ से ८ तक प्रश्नोत्तरी में साक्षी कंपोजिट बालीपुर प्रथम वैष्णव कंपोजिट मालिक और द्वितीय दीपन मिश्रा, सतीश इंदेपुर तृतीय स्थान पर रहे। श्लोक गायन में आदित्य मिश्रा प्रथम, विनायक मिश्रा द्वितीय, प्रियांशी तृतीय स्थान पर रही। कक्षा ९ से १२ निबंध प्रतियोगिता में शिव हरी प्रथम धर्मवीर, द्वितीय देवव्रत आर्य तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रियंका प्रथम और वर्धन द्वितीय, आनंद सिंह तृतीय स्थान पर रही। निबंध प्रतियोगिता में नंदिनी प्रथम, सुभाष तृतीय स्थान पर प्रतियोगिता संपन्न कराने में प्रधानाचार्य संजय कुमार मौर्य, खंड शिक्षा अधिकारी शिव बोधन वर्मा, प्रभारी पंकज कुमार, मनीराम, सुशील कुमार मिश्रा, सत्येंद्र कुमार, संजय कुमार, राजीव कुमार, राकेश कुमार, शिशिर दुबे, प्रताप सिंह, आशीष कुमार सिंह, अनुपम शर्मा, संतोष कुमार, अवनीश कुमार गंगवार, पवन राजपूत, सोनी रेशमा, रूपलाल, विजयकांत, देवेंद्र सिंह, मोहम्मद मुमताज, संदीप कुमार मिश्रा, आशा तिवारी, उमेश चंद्र सक्सेना, शैलेंद्र सिंह कुशवाहा, रणवीर सिंह, एकता सिंह, रमेश पाल आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

# आयुर्वेद के जनक की स्वहस्तनिर्मित प्रतिमा का अनावरण

## एसडीएम और श्रीसंतनपाल सिंह कालेज के चेयरमैन किया कार्यक्रम का शुभारंभ



**मिर्ज़ापुर-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** बुधवार को कस्बे के श्री संतन पाल सिंह आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्राचार्य डॉक्टर हनी एस आर प्रसाद व प्रोफेसर डाक्टर अरून दीप ने मिलकर आयुर्वेद के जनक भगवान श्री धन्वंतरि की स्वहस्तनिर्मित प्रतिमा के अनावरण के लिए एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एसडीएम कलान अभिषेक प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। प्रतिमा का अनावरण कॉलेज के चेयरमैन डॉक्टर नीलेश यादव की उपस्थिति में एसडीएम कलान अभिषेक प्रताप सिंह के द्वारा किया गया और एसडीएम कलान अभिषेक प्रताप सिंह ने अपने छात्र जीवन के कुछ अनुभव छात्र-छात्राओं के साथ साझा किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के प्राचार्य डॉक्टर हनी एस आर प्रसाद ने की तथा कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर पल्लवी सक्सेना ने किया। इस मौके पर कॉलेज के उपप्राचार्य डॉक्टर नवनीत कौर और समस्त डॉक्टर गण एवं समस्त स्टाफ व कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में कॉलेज के चेयरमैन डॉक्टर नीलेश यादव ने एसडीएम कलान अभिषेक प्रताप सिंह को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर अभिवादन किया।

# नाबालिग को भगा ले जाने का आरोप

**कांट-शाहजहांपुर ( स्वतंत्र भारत )।** नाबालिग को भगा ले जाने में तीन के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत की गई है। माल जेवर एवं १० हज़ार रुपए नगदी भी ले जाने का भी अरोप है। थाना क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि १४ मई की रात ११ बजे थाना जलालाबाद के भटा देवर का ओमेन्द्र उसकी १५ वर्षीय लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया। लड़की अपने साथ माल जेवर व १० हज़ार नगद ले गई। लड़की को भगाने में गोलू उर्फ अखिलेश यादव व धनपाल का सहयोग है।

# श्रद्धा पूर्वक मनाई गई बाबू जी की द्वितीय पुण्यतिथि

## परशुराम धाम एवं कचहरी में किया गया शर्बत वितरण



**शाहजहांपुर।** ब्राह्मण समाज के संस्थापक वरिष्ठ अधिवक्ता समाजसेवा के अग्रदूत बाबू जी उपाधि से अलंकृत पंडित राजाराम मिश्र की द्वितीय पुण्यतिथि आज समर्पित श्रद्धा भाव के साथ परशुराम धाम शाहजहांपुर में मनाई गई। सर्व प्रथम परशुराम धाम शाहजहांपुर में स्थापित आदरणीय पंडित राजाराम मिश्र जी की मूर्ति पर उनकी धर्मपत्नी व उनके पुत्र डीजीसी सिविल श्री रवि मिश्र ने परिवार के साथ माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए इसके पश्चात ब्राह्मण समाज के संरक्षक श्री केशव चंद्र मिश्र व डॉ सत्य प्रकाश मिश्र, प्रदेश अध्यक्ष डॉ विजय पाठक, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ के के शुक्ल,राकेश कुमार पांडेय, आरेंद्र मिश्र, प्राचार्य एस एस ला कॉलेज डॉ जय शंकर ओझा, प्रगतिशील कृषक कौशल मिश्र, समाजसेवी श्री विनोद अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख श्रीदत्त शुक्ल, रजनीश शुक्ल, आलोक मिश्र,कपिल अवस्थी,रवि मिश्र बंटू, अशोक मिश्र, निर्विकल्प द्विवेदी, आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में संरक्षक श्री केशव चंद्र मिश्र ने कहा कि बाबू जी का जीवन समता और ममता से परिपूर्ण रहा प्राणिमात्र के प्रति उनका सेवा का भाव जीवन पर्यन्त रहा, उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन कॉल में जो सिद्धांत स्वयं के लिए बनाए उन पर आजीवन चले। अपने मानवतावादी विचारों और कार्यों के लिए वह अनंत कल तक समाज में जाने जाएंगे। उन्होंने केवल ब्राह्मण समाज को ही आगे नहीं बढ़ाया वरन् समाज के हर वर्ग और जाति में अपने समन्वयवादी विचारों की छाप छोड़ी। उनके विचार और कार्य हम सबके लिए आज भी जीवंत प्रेरणा देने में सक्षम हैं अत: हम सबका दायित्व है कि समाजसेवा के जो मानविदु उन्होंने स्थापित किए उनको हम सब आगे बढ़ाए यही सच्ची श्रद्धांजलि उनके प्रति होगी। इस अवसर पर परशुराम धाम पर ब्राह्मण समाज के गणमान्य जनों ने शरबत वितरण के कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया जहां पर सैकड़ों की संख्या में राहगीरों ने इस भीषण गर्मी में अपनी प्यास बुझाई। व्यवस्था में आलोक मिश्र, अभिनव तिवारी, पंकज मिश्र, गोपाल, रजनीश, ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, अशोक मिश्र आदि का विशेष सहयोग रहा। बाबू जी की पुण्य तिथि पर वरिष्ठ अधिवक्ता सतेंद्र शुक्ल के संयोजन में कचहरी शाहजहांपुर में भी शरबत वितरण कार्यक्रम रखा गया जिसमें सेंट्रल बार एसोशिएशन के अध्यक्ष अजय वर्मा महामंत्री अवधेश तोमर, रवि मिश्र, रमेश सक्सैना, शिबली, पिंकी, प्रियंक त्रिपाठी,मनोज पांडेय, राजनरायन गुप्ता, राजेश बाजपेई,, आलोक सक्सैना, अब्दुल फरीद, बबलू कश्यप, राम जी मिश्र, सुधाकर मिश्र, अभिनव, कृष्ण कुमार मिश्र आदि उपस्थिति रहे।

# छात्राओं को वितरित किए गए निशुल्क टैबलेट,स्मार्टफोन



**शाहजहांपुर।** एएनएम प्रशिक्षण केंद्र लोदीपुर में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत छात्राओं को निशुल्क टैबलेट,स्मार्टफोन वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम पार्षद रूपेश कुमार वर्मा अन्नू ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार मिश्रा जी के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए पार्षद रूपेश वर्मा अन्नू ने कहा उत्तर प्रदेश देश में सबसे बड़ी युवा शक्ति वाला राज्य है। ऐसे में, प्रदेश की युवा शक्ति को सशक्त बनाने और उसे वर्तमान व भविष्य की जरूरतों के अनुसार कौशल प्रदान करने की दिशा में योगी सरकार ने बड़े कदम उठाए हैं। इस कड़ी में स्वामी विवेकानंद सशक्तिकरण योजना बेहद प्रभावी साबित हो रही है।कार्यक्रम में प्रधानाचार्या अमित कुमारी ,अमित दुवे ,संदीप शुक्ला, जितेंद्र गौतम ,देवेश राजवंशी,रामबाबू,सौरभ राज,अजय कुमार सिंह सहित छात्राएं समस्त स्वास्थ्य स्टा? उपस्थित रहे।

## मदनानपुर के नगला दमन में गाडगे महाराज की मूर्ति की स्थापना



शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )। तहसील सदर के ब्लाक मदनानपुर के ग्राम नगला दमन में राष्ट्र संत बाबा गाडगे महाराज की मूर्ति की स्थापना कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गाडगे आश्रम के मुख्य संत छत्रदास महाराज द्वारा मूर्ति स्थापना के पश्चात् भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही बाबा गाडगे महाराज के जीवन व उनके कार्यों पर आए हुए अतिथियों ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुवायां विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी उपेन्द्र पाल सिंह, सदस्य जिला पंचायत कृष्णपाल कनौजिया, श्रीनिवास माथुर, विजय सिंह, सुधीर दुबे, कृष्ण वर्मा, आरिफ खां, रामवीर कन्नौजिया, राजवीर कनौजिया, अभिराम, लालाराम, रामनिवास सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद रहे।

# जर्जर मकान को सही कराने पहुंचे मकान स्वामी पर पथराव

### सुतली बम से किए धमाके, फायरिंग समझकर बाजार में मची अफरा तफरी

तिलहर( स्वतंत्र भारत )। जर्जर मकान को ठीक करने पहुंचे मकान स्वामी पर पड़ोस के एक परिवार ने फायरिंग और पथराव कर हमला बोल दिया। फायरिंग और पथराव के कारण बाजार में भगदड़ मच गई और सड़क पर यातायात बंद हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों को घर से बाहर बुलाया लेकिन आरोपी नहीं आए।



बरेली के एक व्यक्ति ने बताया कि उसका पुश्तैनी मकान मौजमपुर बाजार में है जिसका पिता के समय ही बंटवारा हो गया था। बंटवारे में उसे मकान का जो हिस्सा मिला था वह काफी जर्जर था। जिसको ठीक करने के लिए वह शुक्रवार को तिलहर आए थे। उन्होंने बताया कि मौजमपुर बाज़ार सड़क की और जर्जर दीवार को वह तुड़वा रहे थे तभी पड़ोस में रहने वाले एक परिवार ने पथराव करना शुरू कर दिया। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोप है कि परिवार के मुखिया के द्वारा सुतली बम से उनके ऊपर फेंके गए। फायरिंग जैसी आवाज को सुनकर बाजार में भगदड़ मच गई और मौजमपुर बाज़ार सड़क पर सन्नाटा पसर गया। सूचना पर एसआई देवेश कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी के घर का दरवाजा खटखटाते रहे लेकिन कोई बाहर नहीं निकला। इसके बाद नायब तहसीलदार मनु माथुर राजस्व टीम एवं पुलिस के साथ पहुंचे और उन्होंने जर्जर मकान को गिराने वाले लोगों से घर से संबंधित कागज देखें इसके बाद उन्होंने आरोपी पक्ष को भी तहसील में बुलाया लेकिन आरोपी पक्ष नहीं आया। बताएं इससे पहले भी आरोपी पक्ष के द्वारा पुलिस की मौजूदगी में पथराव किया गया था जिसमें कई राहगीर भी चोटिल हो गए थे जिस मामले में मुकदमा भी दर्ज है। बाजार के लोगों ने पुलिस पर उठाए कई सवाल। बाजार के लोगों का कहना है कि कई बार आरोपी पक्ष दूसरे के मकान पर कब्जे की नीयत से पथराव और फायरिंग कर चुका है लेकिन पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं करती है जिस कारण आरोपी पक्ष के लोगों के हौसले बुलंद हैं। पथराव और फायरिंग की घटना से बाजार में भगदड़ मचती है और बाजार का माहौल भी खराब होता है। व्यापारियों का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करें जिससे कि आगे इस तरह की घटना दोबारा ना हो सके।

## रिटायर्ड कैप्टन का निधन, शोक



तिलहर( स्वतंत्र भारत )। रिटायर्ड कैप्टन शिशुपाल सिंह का बरेली में इलाज के दौरान निधन हो गया। फेफड़ों में इंफेक्शन के चलते रिटायर्ड कैप्टन को बरेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरवार को प्रातः चार बजे बरेली के अस्पताल में इलाज के दौरान कटरा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरी निवासी रिटायर्ड कैप्टन शिशु पाल सिंह (८२) का आकस्मिक निधन हो गया। रिटायर्ड कैप्टन के निधन की सूचना पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। शिशु पाल सिंह के स्वजनों ने बताया है कि वर्ष १९६५ एवं वर्ष १९७१ में भारत पाक के बीच हुए भीषण युद्ध में कैप्टन शिशु पाल सिंह ने भी भाग लिया था। रिटायर्ड कैप्टन शिशु पाल सिंह का पैतृक गांव पिपरी में शुक्रवार अपराह्न ढाई बजे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

## सांड के हमले से युवक गम्भीर घायल

तिलहर( स्वतंत्र भारत )। नगर के मोहल्ला कुंवरगंज निवासी रवि ने बताया उसके चाचा प्रमोद कुमार घर सब्जी लेने जा रहे थे। डॉक्टर आलोक के अस्पताल के पास पहुंचे उसी समय एक सांड ने हमला कर दिया। जिस से वह गंभीर रूप से घायल हो गया घायल अवस्था में परिजन सीएचसी लेकर आए जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर घायल अवस्था में राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मिर्ज़ापुर-शाहजहांपुर ( स्वतंत्र भारत )। थाना क्षेत्र के गांव सौनेक निवासी विमलेश कुमार पुत्र नरबीर ने थाने पर दर्ज करवाई रिपोर्ट में कहा है कि बीते नौ मई दिन शुक्रवार को मैं और मेरी माता सुनीता देवी मोटरसाइकिल से जलालाबाद से अपने घर आ रहे थे। तभी रास्ते में जरियनपुर पुलिया के पास मिर्ज़ापुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार में मोटरसाइकिल के चालक रिषब पुत्र उदयवीर निवासी भुडेली थाना तिलहर ने मेरी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे में और मेरी माता दोनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। हम दोनों लोग अपना इलाज बाहर करवा रहे थे। जिससे थाने में प्रार्थना पत्र देने नहीं आ सका। मिर्ज़ापुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिषब पुत्र उदयवीर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डीएम आज तिलहर में सुनेंगे समस्याएं

शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत ) जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस तहसील तिलहर में १७ मई को आयोजित होगा। जिसमें जन समस्याओं एवं शिकायतों को सुना जाएगा। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी तहसील सदर, अपर जिलाधिकारी प्रशासन तहसील जलालाबाद में जन शिकायतों को सुनेंगे। इसी क्रम में तहसील पुवायां एवं कलान में सम्बंधित उप जिलाधिकारी जन शिकायतें सुनेंगे।

## तहसीलों में नमीका ( राजस्व ) वकीलों के रिक्त पदों पर भर्ती

शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जबताया है कि उ.प्र. राजस्व संहिता २००६ की धारा-७२ में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत जनपद की तहसील तिलहर में २, तहसील सदर में १, तहसील जलालाबाद में १ तथा तहसील कलान में १ नामिका वकील (राजस्व) की नियुक्ति की जानी है। अतः जो भी अधिवक्ता उक्त पद हेतु आवेदन प्रस्तुत करना चाहें वह २४ मई तक संबंधित तहसील के उप जिलाधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

## २० मई को होगा खाद्यान्न वितरण

शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया है कि माह मई के तहत खाद्यान्न वितरण की तिथि में परिवर्तन किया गया है। अब वितरण की अन्तिम तिथि २५ मई से घटाकर २० मई कर दी गई है। इस अवधि में लाभार्थी अपना खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं। माह मई में ऐसे लाभार्थी जिनका कतिपय कारणों से अंगूठा ई-पॉस मशीन पर नहीं लग रहा है उन्हें मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से भी दिनांक २०मई को खाद्यान्न वितरित किया जाएगा। जनपद के समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक अपने सम्बन्धित अथवा निकटवर्ती उचित दर विक्रेता से निःशुल्क खाद्यान्न २० तक प्राप्त कर लें।

## भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का पुष्पवर्षा कर किया गया स्वागत

### प्रदेश वनमंत्री अरुण सक्सेना, एमएलसी सुधीर गुप्ता, विधायक चेतराम रहे मौजूद



तिरंगा यात्रा का शुभारंभ नगर के गाधी पार्क से प्रदेश वनमंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने किया। यात्रा राजीव चौक से राजामार्केट होते हुए नगर के विभिन्न मार्गो से निकाली गई। इस यात्रा में प्रदेश वनमंत्री अरूण सक्सेना, एसएलसी डॉ सुधीर गुप्ता, विधायक चेतराम, कपिल गुप्ता, पुवायां चेयरमैन संजय गुप्ता, विकाश शुक्ला, अर्पित गुप्ता, संजय सिंह, देवेंद्र अवस्थी, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, महामंत्री अनिल गुप्ता, ब्लाक प्रमुख खुटार नमित दीक्षित, चेयरमैन बंडा इसहाक खान उर्फ बड़े लल्ला, अनुपम अग्निहोत्री, शशि अग्निहोत्री, जितेंद्र दीक्षित, सिद्धार्थ कश्यप, विपिन शुक्ला, राहुल सिंह, महेंद्र पाल, बबली सिंह, मधु सिंह, एनसीसी कैडेट मौजूद रहे।

पुवायां, ( स्वतंत्रभारत )। सेना के आपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रधानमंत्री के आदेश के तहत भाजपा की ओर भारत शौर्य तिरंगा यात्रा धूमधाम से नगर में निकाली गई। यात्रा का नागरिकों ने पूरे जोश से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। यात्रा के दौरान भारत माता के जयकारों से नगर की फिज़ाएं गूंज उठी। अभी गत २२ अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आंतियों के हमले का बदला लेते हुए भारतीय सेना ने बीती ६ मई की रात में पाकिस्तान में घुस कर आतंकी ठिकानों को तबाह किया और जिस शौर्य का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तानी सेना के हमलों का मुंहतोड़ जवाब देकर विश्व में देश का मान बढ़ाया और पाकिस्तान को घुटने टेकने पर विवश कर दिया था। सेना के उसी पराक्रम और शहीदों के सम्मान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में भारत शौर्य तिरंगायात्रा निकालने को कहा था। उसी क्रम में शुक्रवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। भारत शौर्य

## ट्रैफिक पुलिस को मिला एसी हेलमेट, गर्मी से मिलेगी राहत

शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )। उत्तर भारत भीषण गर्मी की चपेट में है, वहीं पुलिस प्रशासन ने अपने ट्रैफिक कर्मियों के प्रति मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए सराहनीय कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी द्वारा उन सभी यातायात कर्मियों को टेंपरेचर कंट्रोल डिवाइस युक्त ए.सी. हेल्मेट वितरित किए। इन हाईटेक हेल्मेट्स की खासियत यह है कि ये गर्मी में ठंडी हवा और सर्दी में गर्म हवा देने में सक्षम हैं। इनका बैटरी बैकअप आठ घंटे का है, जिससे ड्यूटी के दौरान पूर्ण उपयोग सुनिश्चित होता है। पुलिस अधीक्षक ने मौके पर मौजूद जवानों को ब्रीफ करते हुए कहा कि आपका काम सिर्फ ट्रैफिक नियंत्रित करना नहीं, बल्कि



राहगीरों की मदद करना भी है। शासन की मंशा है कि सड़क हादसों में कमी लाई जाए और अनमोल जीवन को बचाया जा सके। इस वितरण कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक नगर देवेन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरुण, क्षेत्राधिकारी यातायात संजय कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक संतोष कुमार सिंह व प्रभारी यातायात विनय कुमार पाण्डेय भी मौजूद रहे। यह पहल न केवल कर्मियों के स्वास्थ्य के प्रति प्रशासन की चिंता को दर्शाती है, बल्कि यह भी प्रमाणित करती है कि आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर ड्यूटी की गुणवत्ता और मानवीय दृष्टिकोण दोनों को साधा जा सकता है।

## सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

तिलहर( स्वतंत्र भारत )। शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। उपचार के दौरान घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव टॉपर निवासी शोभित कुमार गांव के दोस्त मोहित के साथ बाइक से घर जा रहे थे रात करीब ११:०० बजे गांव खेरपुर सरकारी स्कूल के पास सड़क पर कुत्ता आ जाने से बाइक का नियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई दोनों दोस्त घायल हो गए। वही उपचार के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया और थाना क्षेत्र के गांव कुतुबपुर निवासी जिवेन्द्र घर से साइकिल हर खेत को जा रहे। तभी गांव के बाहर निगोही मार्ग पर दोपहर करीब चार बजे अज्ञात बाइक बाहन से टकर हो गई जिससे साइकिल चालक घायल हो गए। उपचार के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## एडीएम ने अवैध खनन पर की कार्रवाई, दो डंपर सीज

शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )। अवैध मिट्टी खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कड़ी कार्रवाई की है। रोजा क्षेत्र के जिंदी नगर और वांडी गांव में शुक्रवार देर रात लगभग १ बजे मिली सूचना पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने मौके पर पहुंचकर दो डंपर अवैध मिट्टी से लदे हुए पकड़ लिए। दोनों डंपरों को मौके पर ही सीज कर दिया गया। इस अवैध खनन कार्य में लिप्त अताउल्लाह नामक व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। उसे जेल भेजने की कार्यवाही के निर्देश उपजिलाधिकारी और इंस्पेक्टर रोजा को दिए गए हैं। खनन स्थल की स्थिति का जायज़ा लेने के लिए नायब तहसीलदार निशि सिंह, लेखपाल तथा खनन अधिकारी को मौके पर बुलाकर मिट्टी खनन की लंबाई, चौड़ाई और गहराई की माप कराई गई। दोषियों पर भारी जुर्माना लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने इस पूरे मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए रात्रि में डीएम द्वारा फोर्स भेजा गया था ताकि किसी प्रकार की कानून-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न न हो।

## श्रीमद् भागवत कथा के बाद हुआ भंडारा

रोजा। क्षेत्र के गांव बिलंदपुर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर शुक्रवार को विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। प्रसाद पाने को आसपास गांव के बड़ी संख्या में लोग उमड़े। दोपहर से शुरू हुआ भंडारा देर रात तक चलता रहा। बिलंदपुर में कथावाचक छाया दीक्षित ने सात दिनों तक श्रोताओं को संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया। कथा सुनने को आसपास गांव से भक्त पहुंचे और श्रीकृष्ण धुन में रम गए। कथा के समापन के बाद हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिससे बड़ी संख्या में लोगों ने भंडारा को प्रसाद प्रहण करने को पहुंचे व देर रात तक भंडारा चलता रहा और बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सुदेश सिंह, अरविंद सिंह, अवनीश सिंह, भगवान सिंह, अनूप, यशपाल सिंह, आशीष बाजपेई आदि मौजूद थे।

## दूसरे दिन कार्यशाला में बच्चों ने सीखा निर्गुण भक्ति गायन

शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )। भावलखेड़ा के कम्पोजिट विद्यालय हथौड़ा बुजुर्ग में संत कबीर एकेडमी द्वारा निर्गुण भक्ति गायन का द्वितीय दिन कार्यशाला में बच्चों ने निर्गुण भक्ति गायन सीखा कार्यशाला के प्रति बच्चों में उत्साह एवं संगीत के प्रति सीखने की ललक बढ़ती ही जा रही है। आज की शुरुआत संत कबीर दास जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पण कार्यशाला प्रशिक्षक दिनेश कुमार एवं विद्यालय की प्रधानाध्यापिका व अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा किया गया। तत्पश्चात गायक संगीताचार्य दिनेश कुमार के सानिध्य विद्यालय के समस्त बच्चों ने संत गुरु कबीर दास जी का निर्गुण भक्ति मार्ग के रहस्य को आत्मसात किया। इसके बाद निर्गुण भक्ति लोक गायन में संगीता चार्य दिनेश कुमार द्वारा स्वयं स्वरबद्ध की गई। कबीर की रचना लोक भजन वन्दे तेरी डोली पिया घर जिस दिन जायेगी न सोना काम आयेगा न चांदी आयेगी। आज की कार्यशाला के माध्यम से शिक्षाप्रद संदेश लेते हुए, जाना कि जीवन में हमें कभी अभिमान नहीं करना चाहिए। गीत के माध्यम से छात्र छात्राओं ने शिक्षा ग्रहण करते हुए सीखा मनुष्य को जीवन में कभी किसी बात का अभिमान न करके सभी की भलाई के लिए जनहित के कार्य करना चाहिए। ये महान कार्य कबीर साहब ने जीवन भर करते हुए देश और दुनिया में अपने कर्मों के चलते अमर हो गए हम इंसानों को भी अपने संत महापुरुषों के विचारों का अनुसरण कर उसे अपने जीवन में धारण करना चाहिए। इस दौरान शैफाली प्रआ, गीता देवी शुक्ला, प्रेम लता शुक्ला, अर्चना श्रीवास्तव सहायक अध्यापिका ने प्रशिक्षक दिनेश कुमार एवं संत कबीर एकेडमी लखनऊ के निर्देशक अतुल द्विवेदी एवं संस्कृति मंत्रालय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हम परम सौभाग्यशाली हैं जो हमारे विद्यालय को इस शिक्षाप्रद महत्वपूर्ण प्रेरणादायक कार्यशाला के लिए चुना गया। हमारे समाज में नैतिक मूल्यों के निर्वाहन के लिए ऐसे आयोजन लगातार होते रहना चाहिए। आज की कार्यशाला के अंत में प्रशिक्षक दिनेश कुमार एवं साथी दल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कल पुनः अधिक से अधिक संख्या में आने के आमंत्रित किया।

## नलकूपों की दी जाए १० घंटे बिजली

पुवायां। पुवायां हाइडिल पर करनापुर पैतापुर गांव के किसानों ने १० घंटे बिजली सप्लाई देने की मांग की है। किसानों ने बताया कि उन्हें दो शिफ्ट में ७ घंटे बिजली दी जाती है जिससे फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही। किसानों ने अधिशासी अभियंता को पत्र देकर एक शिफ्ट में १० घंटे बिजली देने की मांग की है। जिससे गर्मी में लगातार १० घंटे बिजली मिलने से फसल की सिंचाई सुचारू रूप से हो सकेगी। इस दौरान करनापुर पैतापुर गांव के कुलविंद सिंह, रमेश द्विवेदी, अनुज कुमार, पंकज, दीपू, गुड्डू, भूपेंद्र सिंह, भगवान दीन आदि किसान मौजूद रहे।

## श्री सिद्ध बाबा चतुर्थ वार्षिकोत्सव ५ जून से

पुवायां। श्री सिद्ध बाबा स्थान पर चतुर्थ वार्षिकोत्सव ५ जून से शुरू होगा। जिसमें भजन कलाकारों के द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। खुटार रोड स्थित श्री सिद्ध बाबा स्थान पर हर वर्ष की भांति वार्षिकोत्सव का अयोजन होना है। वार्षिकोत्सव ५ जून से शुरू होगा, जिसमे ५ तारीख से लेकर ११ जून तक कथा, १२ तारीख को भजन संध्या व १३ को हवन पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्रीहरिदास कौशल पांडे राम कथा श्रवण कराएंगे इसके अलावा कथा व्यास पं. विजय दीक्षित, ओम तिवारी, कमल पाठक व मयंक शेखर पांडेय श्रीमदभागवत के प्रसंग सुनाएंगे। जानकारी देते हुए सिद्ध बाबा कमेटी के आयोजकों ने अधिक संख्या में पूज्य स्थल पर पहुंचने की अपील की है।

## बीजेपी को नहीं आता सेना का सम्मान करना: रजनीश



तिलहर( स्वतंत्र भारत )। भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरेशी के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री के खिलाफ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने नगर के पुराने रोडवेज पर अपने कार्यकर्ताओं के साथ एक विरोध प्रदर्शन किया। कहा कि देश की बेटी के सम्मान में आज उनके साथ कांग्रेस खड़ी है। कमेटी देश की बेटी और सेना के खिलाफकुछ नहीं बर्दाश्त करेगी। श्री गुप्ता ने कहा भारतीय जनता पार्टी ने ऐसे बेवकूफलोगों को शामिल किया हुआ है जिन्हें भारतीय सेना का सम्मान करना नहीं आता। पदाधिकारियों ने पुराने रोडवेज पर एकत्र होकर गांधी मैदान तक पथ यात्रा निकलते हुए भारतीय जनता पार्टी के मंत्री विजय शाह के विरुद्ध नारेबाजी की और सरकार से मांग की कि ऐसे लोगों को तत्काल पार्टी से बर्खास्त करते हुए उन पर सख्त कार्यवाही की जाए। इस दौरान जिला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता उर्फ मुन्ना, सईद अंसारी, राम जी अवस्थी, प्रदेश सचिव डॉक्टर जाने आलम खान, अफ़ज़ल खान, अनस अहमद, शमशुद्दीन, जैद विधानसभा, सचिव शानू आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने सागौन से भरी पिकअप को पकड़ा

### करनापुर जंगल से काटकर शाहजहांपुर में करते थे बिक्री

सिंधौली-शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सागौन से भरी बोलोरो पिकअप को आरएलडी स्कूल मूर्छा मोड से पकड़ा है। पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि क्षेत्र में एक सागौन काटने वाला गिरोह सक्रिय है। खेतों से चोरी करके रात्रि के समय यह गिरोह सागौन की लकड़ी काटकर अन्य स्थानों पर महंगे दामों में बिक्री कर रहे हैं और उसने पुलिस को बताया कि आज रात्रि के समय मूर्छा मोड से एक बोलोरो पिकअप सागौन से भरी निकलेगी। पुलिस सक्रिय हो गई। रात्रि लगभग एक बजे एक ऐसे बोलोरो पिकअप नंबर यू पी ३० बी टी ८६३४ आती दिखाई दी। पुलिस ने रोक कर तलाशी ली तो सागौन से भरी पिकअप, एक बाइक, दो इलेक्ट्रॉनिक आरा मशीन बरामद हुई। पूछने पर चालक ने अपना नाम साजिद पुत्र जादिक निवासी गांव काजीपुर थाना सिंधौली दूसरे ने अपना नाम मो आमिर पुत्र मो रफीक गांव काजीपुर थाना सिधौली बताया। कड़ाई से पूछने पर उसने अन्य साथी फैजान पुत्र छोटे नि गांव काजीपुर, फरमान पुत्र नमालूम निवासी जमुनिया, नादिर जमुनिया आदि लोगों के साथ सागौन को काटकर पुलिस लाइन के पीछे चावला धर्म कांटा के पास मिंटू उर्फ बाबा पुत्र नमालूम पता अज्ञात को बेच देते हैं। आरोपी ने स्वीकार करते हुए बताया कि आज रात में हम लोगों ने सिंधौली थाना क्षेत्र के करनापुर जंगल से चोरी छुपे सागौन के पेड़ काटे हैं। पुलिस ने वन संरक्षण अधिनयम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू की।

## सचिवालय भवन में भरा गेहूं, पंचायत का काम ठप

### ग्राम पंचायत कैहमरिया के सचिवालय भवन में एक माह से संचालित हो रहा है गेहूं क्रय केंद्र

खुटार( स्वतंत्र भारत )। योगी सरकार ने ग्रामीणों की सहूलियत के लिए गांव में ग्राम सचिवालय भवन बनवाकर वहीं पर ही कर्मचारी को रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दे रखे हैं। लेकिन ग्राम पंचायत कैहमरिया के ग्राम सचिवालय भवन में ढाई माह से गेहूं क्रय केंद्र संचालित किया जा रहा है और उसमें गेहूं की बोरिया लगी हुई है। जिससे ग्राम पंचायत का कार्य पूरी तरह से ठप पड़ा है। लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी ईश्वर ध्यान नहीं दे रहा है। ग्राम पंचायत कैहमरिया में गांव के पूरब पूर्व माध्यमिक विद्यालय के पास लाखों रुपए की लागत से ग्राम सचिवालय का निर्माण कार्य कराया गया है। जहां पर मीटिंग हॉल, प्रधान, सचिव, रोजगार सेवक और कंप्यूटर कक्ष का भी निर्माण कार्य कर कर उसमें लाखों रुपए की लागत से कुर्सी मेज, कंप्यूटर आदि के साथ ही सीसीटीवी कैमरे आदि भी लगवाए गए थे। लेकिन अप्रैल माह से अब तक ग्राम प्रधान और सचिव मिलीभगत से ग्राम पंचायत के कार्य को बंद कर वहां पर गेहूं खरीद के केंद्र संचालित किया जा रहा है। इसके लिए किसी से कोई अनुमति भी नहीं ली गई है। इतना ही नहीं ग्राम सचिवालय के लिए आए फर्नीचर, कंप्यूटर, कुर्सी मेज के साथ ही सीसीटीवी कैमरे आदि भी वहां से हटाकर कहीं दूसरे स्थान पर रखवा दिए गए हैं और पंचायत भवन के प्रत्येक कक्ष और मीटिंग हाल के साथ ही उसके बरामदे में गेहूं से भरी बोरियां, वारदाना, चारपाई बिस्तर आदि रखा हुआ है। ढाई माह से अधिक समय से पंचायत घर में गेहूं के केंद्र संचालित होने के बाद भी अभी तक न तो ग्राम प्रधान और न ही ग्राम विकास अधिकारी ने इस ओर ध्यान दिया है। जिस वजह से गेहूं क्रय केंद्र चलाने वाले लोग बेखौफ होकर ग्रामीणों की सहूलियत के लिए बनाए गए ग्राम सचिवालय का लाभ ले रहे हैं। ग्रामीणों ने इसकी जांच कराकर ग्राम सचिवालय भवन को खाली कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराई जाने की मांग की है।

''ग्राम सचिवालय भवन में कुछ लोग गेहूं खरीद केंद्र जबरन संचालित कर रहे हैं। इसकी जानकारी अधिकारियों को भी दी जा चुकी है। लेकिन किसी ने भी कोई ध्यान नहीं दिया।'' इसराज, प्रधान कैहमरिया

''ग्राम सचिवालय भवन में गेहूं केंद्र संचालित किए जाने की जानकारी मिली है। जानकारी की जा रही है कि यह गेहूं खरीद केंद्र किसके द्वारा संचालित किया जा रहा है। जानकारी कर संबंधित को नोटिस जारी किया जाएगा और कार्रवाई के लिए अधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा।'' अजय पाल, ग्राम विकास अधिकारी कैहमरिया

# सांसद अरुण सागर ने सीएम से की शिकायत

## सिचाई विभाग के एसई और एक्सईएन ने नहर का किया निरीक्षण



**शाहजहांपुर।** भाजपा सांसद अरुण सागर ने लखनऊ में सीएम योगी से मुलाकात कर कई विभागों में बरती जा रही लापरवाही को लेकर पत्र दिया था। जिसमे मुख्य रूप से नहर में गंदगी का मुद्दा था। मुख्यमंत्री ने २४ घंटे के अंदर शिकायतों का संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद सिचाई विभाग के एसई एनके गौतम ने एक्सईएन के साथ मिलकर खुदागंज रजवाहा नहर का निरीक्षण किया। उन्होंने संबधित अधिकारियों को तत्काल नहर की सफाई कराने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि सीएम योगी प्रदेश और जिले की जनता की समस्याओं का सामाधान कराने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने सीएम योगी का आभार जताया है । सांसद अरुण सागर ने बताया कि शाहजहांपुर में जनता दरबार के दौरान लगातार अलग अलग विभागों में लापरवाही की शिकायते मिल रही थीं। लापरवाही के कारण उसकी दिक्कते जनता को उठाना प? रही थीं। इन्ही समस्याओं को लेकर सीएम योगी से मिलकर उनको पत्र देकर समस्याओं से अवगत कराया था। सीएम ने समस्याओं पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए थे। मुख्य रूप से खुदागंज रजवाहा नहर का १३ किलोमीटर का हिस्सा गंदगी से पटा था ।नहरो की सफाई ठीक तरह से नही होने के कारण किसानों को भी उसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा था। उनको फसल की सिचाई के लिए नहर के माध्यम से पानी नही मिल पा रहा था। पत्र देने के २४ घंटे के अंदर ही उसका संज्ञान ले लिया गया। सिचाई विभाग के एसई एनके गौतम ने नहर का निरीक्षण किया है। उनको मौके पर नहर में गंदगी मिली ।जिसके बाद उन्होंने तत्काल संबधित अधिकारियों को मौके पर बुलाकर नहर की ठीक तरह से सफाई करने के निर्देश दिए और उसके बाद नहरों की सफाई का कार्य भी शुरू हो गया। सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार में जनता का उत्पीड़न नही होने दिया जाएगा। जनता की समस्याओं का समाधान कराना हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं में लापरवाही दिखाने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होने सीएम योगी का आभार जताया है ।

# ज्वैलरी की दुकान से लाखों की चोरी

**निगोही।** थाना क्षेत्र के गांव डंडियां बाजार निवासी विधादेवी पत्नी वीरपाल ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि उसकी डंडियां बाजार में मकान व ज्वैलरी की दुकान है। गत रात्रि गर्मी की वजह से परिवारिक जन छत के ऊपर सोये थे। रात्रि १.४५ वजे पुत्री अर्चना व उपासना देवी को दुकान में खटपट की आवाज सुनाई दी। दोनों नीचे उतर कर आयीं।

देखा ताले टूटे थे। कुछ लोग अन्दर मौजूद थे। दोनों डर गयी और ऊपर मां के पास पहुंचीं। मां को बताया और शोर शराबा किया। शोर होते ही सामान लेकर चोर भाग निकले। मां वेटी ने नीचे आ कर देखा। ज्वैलरी की दुकान से कमर विछुवा, पायल, सोने की अंगूठी, सोने की नथ आदि सामान गायब था। दूसरे कमरा से सोने की लर, अंगूठी चांदी की पायल आदि सामान चोर चुरा ले गए।

# रोजाना सड़कों पर लगने वाले जाम का अन्त कब होगा

## क्या जाम से जूझना जलालाबाद की जनता का मुकद्दर बन गया है

**जलालाबाद-शाहजहाँपुर ( स्वतंत्र भारत )।** रोजाना जलालाबाद की सड़कों पर लगने वाला भीषण जाम समस्या माना जाता था लेकिन अब यह समस्या नहीं रहा अब नासूर बन चुका है। इसके स्थाई हल के लिए अभी तक ना तो नगर पालिका के पास कोई समाधान के लिए प्लान है और ना ही वह पुलिस प्रशासन इसका कोई स्थाई हल निकाल पाया है प्रतिदिन सैकड़ों लोग जाम की समस्या से जूझ रहे हैं विभिन्न दर्जनों स्कूलों की पीले रंग की बसें जाम का मुख्य कारण बन गई है।

प्रशासन में बैठे आला अधिकारी जनता के सवाल पर निरुत्तर हैं। शायद उनके पास भी इस समस्या से निपटने के लिए कोई प्लान नहीं है। नगर का मुख्य चौराहा पूरी तरह से जाम की चपेट में आ चुका है। तहसील रोड की अगर हम बात करें तो थाने से लेकर नगर के मुख्य चौराहे तक विशेष कर बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने लोगों को दिन भर जाम से जूझना पड़ता है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों को यह समस्या नजर नहीं आती। दुकानदारों ने दुकानों के चबूतरे बढ़ाकर सड़क पर रख लिए हैं



उसके बाद मोटरसाइकिल भी खड़ी होती हैं अधिकारियों को चाहिए कि वह सीढ़ियां चबूतरे तुड़वा दें तो सड़क आपरूप चौड़ी हो जाएगी लेकिन इतने काम के लिए जिम्मेदार अधिकारी हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। जनता जाम की समस्या से जूझ रही है तो जूझती रहे, लोग घंटों जाम में फंसे हैं तो फंसे रहें, अधिकारियों को इससे क्या लेना देना है, उनकी गाड़ी जब निकलती है तो हूटर सुनकर लोग किनारा पकड़ ही लेते हैं, समस्या तो आम नागरिक के लिए है, अधिकारियों के लिए कोई समस्या नहीं है।

नगर की सड़कों का यह हाल हो गया है कि सड़क गलियों में तब्दील हो गई हैं और गालियां पगडंडी बनती जा रही हैं, सदर बाजार का मुख्य रास्ता पतली गली बन गया है, नल वाली गली और पीपल वाली गली का कहना ही क्या है पैदल दो आदमी आमने-सामने निकलते हैं तो टकरा जाते हैं। किसी को विश्वास ना हो तो तहसील रोड सदर रोड व इन गलियों का निरीक्षण कर सच्चाई का पता लगा सकता है। दुकानों के आगे लोहे क चबूतरे व लोहे की सीढ़ियां बनी हैं, किसी ने लकड़ी के चबूतरे व सीढ़ियां बना रखी हैं तो कई दुकानदार नाली के पार निकल कर सड़क पर पक्के चबूतरे भी बनवा चुके हैं क्या इसको जानता तुड़वागी या फिर जिनकी जिम्मेदारी बनती है उनको यह चबूतरे और सीढ़ियां क्यों नगर नहीं आते, क्यों इन पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### पक्के मकान टूट सकते हैं तो नालों और नालियों पर कब

सवाल इस बात का है कि रामताल के किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को प्रशासनिक अधिकारियों ने जेसीबी मशीनों से पक्के निर्माण तुड़वाकर यह सबूत दिया कि वास्तव में अवैध अतिक्रमण और निर्माण के लिए और उसको तोड़ने के लिए नगर पालिका प्रशासन, राजस्व विभाग कितना वचनबद्ध है। पूरी ईमानदारी के साथ अवैध अतिक्रमणकारियों को खदेड़ने के लिए तैयार खड़ा है व पक्के निर्माण भी डहा सकता है और यदि कोई सरकारी जमीन पर निर्माण अथवा अतिक्रमण करता है तो उसे प्रशासन की जेसीबी मशीनों का सामना करना पड़ेगा तो फिर नालों और नालियों पर बनी इमारतें क्यों नहीं गिराई जा रही हैं? प्रशासन इनको क्यों नहीं तोड़ रहा है? ताकि नगर के रास्ते चौड़े हो सकें और अवैध निर्माण व अतिक्रमणकारियों पर अंकुश लग सके। इस समय पुरा कस्बा जाम की चपेट में आ चुका है लोगों का रास्तों से निकलना मुश्किल हो रहा है प्रशासन इस ओर बिल्कुल ध्यान ही नहीं दे रहा है।

# राजस्व विभाग का कारनामा पहले दिन दोषी, दूसरे दिन निर्दोष

**पुवायां( स्वतंत्र भारत )।** जिस व्यक्ति को एक दिन पहले खनन में दोषी बताया, उसी व्यक्ति को दूसरे दिन निर्दोष बताकर लगा आख्या लगा दी गई। तहसील पुवायां की विकासखंड बंडा की ग्राम पंचायत पिपरा जसी में तैनात वर्तमान लेखपाल ने खनन होने पर ग्रामीणों के द्वारा शिकायत की गई थी लेकिन लेखपाल ने अपनी जांच के दौरान उसी शिकायत पर एक युवक को खनन में दोषी पाया था लेकिन हल्का लेखपाल को पता नहीं कौन सी मजबूरी आ गई और दूसरे दिन उसी युवक को निर्दोष बताकर आख्या लगा दी। ऐसे लोगों पर उच्चाधिकरियों की कब नजर पड़ेगी, यह विषय जांच का है। इससे क्षेत्र में लेखपाल के बारे में खूब चर्चा हो रही है।

# हार्न बजाने को लेकर मारपीट, एक घायल

## पुलिस ने आधा दर्जन लोगों पर दर्ज की रिपोर्ट

**रोजा( स्वतंत्र भारत )।** बुधवार को थाना क्षेत्र के बरनई मे बाइक का हार्न बजाने को लेकर दबंगों ने एक ग्रामीण को लाठी डंडों से पीट कर गंभीर रूप में घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों की विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। बरनई निवासी देवेंद्र ने थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बुधवार शाम सात बजे भाई अनिल अपनी मोटर साइकिल से रोजा बाजार जा रहा था। रास्ते में बीच सड़क पर इरफान पुत्र अजीज और चांद मियां पुत्र सफीक खड़े थे। अनिल ने रास्ते से हटने के लिए हार्न बजाया। तभी हार्न की आवाज सुनकर इरफान और चांद गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने मुनव्वर, सदान, शेखर और अज्ञात लोगों को बुला लिया। सभी अनिल के साथ मारपीट करने लगे। सूचना मिलने पर देवेंद्र, देवेश, टीकाराम मौके पर पहुंचे तो देखा सभी लोग अनिल को भयंकर तरीके से मार रहे थे। बीच बचाव करने पर उन लोगों ने देवेश और टीकाराम को भी मारा पीटा। इसी बीच अनिल बेहोश बेहोश हो गया। देवेंद्र ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। अनिल को घायल अवस्था में रोजा थाने लाया गया। जहां से पुलिस ने इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कालेज भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने सिर पर गंभीर चोट बताते हुए रेफर कर दिया। अनिल को निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई हैं। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही हैं।

# रात्रि विद्युत कटौती किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी : रामबरन

## अधिकारियों की शिकायत मंत्री से करेंगे : विपिन

**शाहजहांपुर।** विद्युत कटौती के कारण क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी हो रही है। पिछले ४ दिन से अंटा फीडर पर कटौती की जा रही है, जिससे लोगों का जीना दुबर हो गया है। रात्रि विद्युत कटौती को लेकर पार्षदों में बैठक की बैठक में इस पर चर्चा हुई थे अवसर पर पार्षद रामबरन सिंह ने कहा कि विद्युत विभाग को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए और लोगों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग की मनमानी किसी कीमत पर चलने नहीं देंगे अगर कहीं फाल्ट है उसको तत्काल सही कराया जाए हिला हवाली बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी पार्षद विपिन सिंह यादव कहा जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए। अधिकारियों की लापरवाही की शिकायत वित्त मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना जी से करेंगे पार्षद प्रदीप सक्सेना ने कहा कि रात विद्युत कटौती की वजह से क्षेत्र की जनता बहुत परेशान रहती रात्रि कटौती हर हाल में बंद होनी चाहिए इस अवसर पर पार्षद राजेश गंगवार पार्षद नरेंद्र पाल आदमी को उपस्थित रहे।

# स्काउट-गाइड ने राहगीरों को पिलाया शर्बत



**पुवायां।** भीषण गर्मी को देखते हुए स्काउड-गाइड की ओर से हाइवे पर शर्बत वितरण कार्यक्रम कराया गया। जिसमें बीईओ ने शर्बत वितरण का शुभारंभ किया। नगर के शाहजहांपुर रोड पर स्काउड-गाइड की ओर से शर्बत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बीईओ कृष्ण कुमार शुक्ला ने शर्बत वितरण कर शुभारंभ किया। इस दौरान पुवायां की ब्लॉक गाइड पल्लवी वर्मा व स्काउट गाइड के बच्चों ने भीषण गर्मी में राहगीरों को शर्बत वितरित किया। इस दौरान अध्यापक प्रेम चंद्र वर्मा, राकेश रोशन, छोटेलाल, विनोद सिंह, अम्बुज गुप्ता समेत तमाम अन्य अध्यापक मौजूद रहे।

# केंद्र नियमित नहीं खुले तो सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर के विरुद्ध कार्रवाई तय

**शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा एवं जिला पोषण समिति बैठक की। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों कार्यप्रणाली पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि यदि केंद्र नियमित रूप से नहीं खुलते हैं, तो संबंधित सीडीपीओ एवं सुपरवाइजर के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे एक सप्ताह के अंदर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ बैठक करें। पोषण ट्रैकर ऐप पर लाभार्थियों के मोबाइल नंबर और आधार सत्यापन का कार्य ३१ मई तक हो। ऐसा न होने की स्थिति में संबंधित ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को सेवा से पृथक करते हुए सुपरवाइजर पर निलंबन कार्रवाई की जाएगी। बिना फेस कैप्चर (फेशियल ऑथेंटिकेशन) के पोषाहार का वितरण नहीं किया जाएगा। डीपीओ को निर्देशित किया कि जब तक आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का आधार प्रमाणीकरण नहीं होता, तब तक उन्हें मानदेय का भुगतान न हो। तय किया गया कि यदि किसी विकास खंड में पांच या उससे अधिक आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाए जाते हैं, तो मुख्य सेविका के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। खंडवार सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं की मासिक बैठकें आयोजित कर उनके कार्यों की समीक्षा करें। पीएफएमएस पोर्टल पर आधार व मोबाइल प्रमाणीकरण न करने पर संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं का मई माह का मानदेय रोक दिया जाएगा। बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविकाएं प्रतिदिन सुबह ८ बजे किसी एक आंगनबाड़ी केंद्र से जियो टैग लोकेशन भेजेंगी, कम से कम एक घंटे तक केंद्र पर उपस्थित रहेंगी और दोपहर १२ बजे से कार्यालय में उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगी।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**काँट( स्वतंत्र भारत )।** दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने रामलीला ग्राउंड के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। १५ मई को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने प्राथमिकी पंजीकृत कराते हुए आरोप लगाया उसके साथ इंदेपुर मोबीन दुष्कर्म किया शोर मचाने पर लात घूसों व लाठी डंडों से पिटाई कर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले में पुलिस ने नगर की रामलीला ग्राउंड के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# जिन विद्यालयों में बाउंड्री वाल नहीं, कराया जाए : डीएम

## डीएम की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग से संबंधित विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि विद्यालयों में नए बच्चों के नामांकन की संख्या में वृद्धि सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रेरणा ऐप का कार्य अधूरा रखने वाले शिक्षकों को अवकाश के दिनों में ही यह कार्य पूर्ण करना होगा, तभी विद्यालय बंद किया जाएगा। कलान एवं मदनापुर विकासखंडों में प्रेरणा ऐप पर सूचनाओं के अद्यतन की स्थिति संतोष जनक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित एबीएसए को प्रतिकूल प्रविष्टि देते हुए निर्देश दिए कि यदि ३१ मई तक सुधार नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विद्यालयों में बाउंड्री वाल नहीं है, वहां प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य कराया जाए। साथ ही सभी रसोई घरों में टाईलीकरण तथा विद्यालयों में टाईलीकरण एवं फर्नीचर की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। शहर क्षेत्र के विद्यालयों को आदर्श एवं शानदार बनाए जाने के भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विवाहिता को घर से भगाया, जिंदा जलाने की धमकी

## पीड़िता ने सीओ को पत्र देकर की कार्रवाई की मांग

**पुवायां( स्वतंत्र भारत )।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने क्षेत्राधिकारी को पत्र देकर ससुरालियों के खिलाफ प्रताड़ित कर घर से भगाने व जिंदा जलाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला ने शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के बड़ागांव निवासी अनीता पुत्री रामसरन ने सीओ को पत्र देकर बताया कि उसका विवाह बण्डा के विराहिमपुर झंझरिया में हुआ था। उसकी एक ४ वर्ष की पुत्री भी है। महिला ने बताया कि ससुरालीजन उसे अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित करते रहते थे। २४ तारीख को ससुरालियों ने मारपीट करते हुए उसे घर से भगा दिया और बिना १ लाख ५० हजार रुपए लाए वापस लौटने पर जिंदा जलाने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि उसने कोतवाली में इस बात की शिकायत की लेकिन पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। जिस पर उसने क्षेत्राधिकारी को पत्र देकर उक्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# बाइक सवार बदमाश महिला के कुंडल खींचकर फरार

**निगोही( स्वतंत्र भारत )।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अपराधियों की धड़पकड़ अभियान के बाबजूद अपराधी बेख़ौफ़ पुलिस को चकमा देकर घटनाओं को अंजाम दे रहे है। थाना कोतवाली की पुलिस चौकी अजीजगंज के उम्मरगंज निवासी माधुरी पत्नी हरिराम ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि कुछ दिन पहले रानी खिरिया थाना तिलहर के गांव रानी खिरिया अपने मायके मेहमानी मे आई थी। १६ मई को वह अपनी माता के साथ ई रिक्शा पर बैठकर अपने बेटे की दवाई लेने निगोही आ रही थी। जैसे ही वह निगोही तिलहर रोड स्थित गांव पिपरिया खुशहाली के आगे पहुंची तभी पिछे से काले रंग की मोटर साईकिल पर सवार लुटेरे आये जिन्होंने हेलमेट से चेहरा को ढक रखा था। उसने मोटर साईकिल को ई रिक्सा से सटाकर माधुरी के कानों मे पहने सोने के कुंडल लूट कर निगोही की तरफ भाग निकले। ज़ब तक लोग कुछ समझ पाते तव तक देर हो गई थी। लुटेरे बहुत दूर निकल चुके थे। सूचना पर पहुंची थाना निगोही पुलिस ने उक्त लुटेरों की काफ़ी तलाश की लेकिन वह नहीं मिल सके। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# उर्स देखने गए युवक के घर नगदी जेवरात समेत लाखों की चोरी

**सेहरामऊ दक्षिणी** परिवार सहित उर्स देखने गए युवक के घर में अज्ञात चोरों ने घुसकर नकदी समेत लाखों रुपए की कीमत के जेवर चोरी कर लिए पीड़ति की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करचोरों की तलाश शुरू कर दी है कस्बा निवासी अनीस बृहस्पतिवार की रात घर पर मेहमानी में आई बहन तथा परिवार के साथ समय करीब १० बजे कुतुवापुर स्थित दादा मियां की मजार पर होने वाले दूसरे दिन के उर्स को देखने गए थे। सुबह करीब पांच बजे उर्स कार्यक्रम समाप्त होने पर पत्नी बहन और बच्चों के साथ वापस लौटकर घर आए मुख्य दरवाजे पर पड़े ताले को खोलकर घर में घुसे तो कमरे में पड़े ताले को टूटा हुआ नीचे पड़ा देखकर भौचक्का रह गया कमरे के अंदर बक्से तथा अलमारी में रखे कपड़े कमरे में बिखरे पड़े थे अलमारी का लाकर में रखे सोने का हार मांग बेंदी दो जोड़ी झाले दो पेडल नथनी अंगूठी के अलावा ? बीस हजार रुपए भी गायब थे। घर में चोरी की घटना होने पर परिजनों का हाल बेहाल हो गया। डायल ११२ पर चोरी की सूचना दी अनीस की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है

# रंजिशन दो पक्षों में लठैती, सात लोग घायल

**तिलहर( स्वतंत्र भारत )।** रंजिशन दो पक्षों में लाठी डंडे चलने से सात लोग घायल हो गए और दोनों और से पुलिस को तहरीर दी गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। गांव हिस्माह निवासी सर्वेश पत्नी मल्लो देवी पुत्र बालवीर,शिवसरन, अहिवरन पुत्री मोनी एक सप्ताह पूर्व कहासुनी को लेकर गांव के अमित पत्नी बिंद्रा से गाली गलौज के बाद भी मारपीट बुधवार को दोनों पक्ष में समझौता हो गया। शुक्रवार को रात करीब १० बजे दोनों पक्षों में हुई मारपीट दोनों पक्ष के करीब सात लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज को सीएचसी भेजा। जहां इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई।

# बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं से परेशान हो उठे लोग

## प्रदेश सरकार की ओर से ( हारेगी गर्मी, जीतेगा प्रदेश ) स्वास्थ्य एक्शन प्लान भी तैयार

**शाहजहांपुर( स्वतंत्र भारत )।** जेठ के महीने में इन दिनों प्रचंड रूप से गर्मी हो रही है। दिनोंदिन बढ़ते तापमान से लोगों का गर्मी से बुरा हाल हो रहा है। स्कूली बच्चों और कामकाजी लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रचंड गर्मी को देखते हुए प्रदेश सरकार ने (हारेगी गर्मी जीतेगा प्रदेश) के तहत स्वास्थ्य एक्शन प्लान तैयार कर लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए हैं। इसमें साफ तौर पर कहा गया है कि सर्व प्रथम लू-तापघात के लक्षणों को पहचान कर उनका इलाज कराएं। उल्लेखनीय है कि इन दिनों झुलसने वाली भयंकर गर्मी का मौसम चल रहा है। आलम यह है, सूर्योदय के एक घंटे बाद से ही गर्मी शुरू हो जाती है और जैसे-जैसे धूप तेज होती हैं। गर्मी चरम पर पहुंच जाती है। ऐसे में बाहर आने-जाने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता



है। वहीं कई लोग गर्मी के कारण डायरिया, उल्टी, त्वचा झुलसने, हाईबीपी सहित आनिद्रा आदि जैसी बीमारियों के शिकार बन रहे हैं। गर्मी से बचाव को लेकर सरकार की ओर से जारी प्लान में खाने-पीने के साथ ही पहनावे और दोपहर १२ से ३ बजे तक धूप में बाहर न जाने की खास तौर पर हिदायत दी गई है।

### लू प्रकोप एवं गर्म हवा से बचाव के लिए यह करें

कड़ी धूप में बाहर न निकलें, खास कर १२ से ३ के बीच में। जिनती बार हो सके पानी पियें यदि प्यास नहीं लगती है तो भी पानी पियें। हल्के रंग के ढीलेढाले सूती कपड़े पहने तथा बाहर निकलने पर गमछा, टोपी और छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का प्रयोग करें। यात्रा के दौरान अपने साथ पानी की बोतल अवश्य रखें। घर में बने पेयपदार्थ जैसे बेल शरबत, सत्तू, लस्सी, नमक चीनी का पानी, छांछ आम का पना इत्यादि का सेवन करें। जानवरों को छाव में रखें तथा खूब पानी पिलाएं। सूर्य के ताप से बचने के लिए नीचे की बिलि्डग में रहे। जितना संभव हो सके धूप में न जाएं।

### यह भूलकर भी न करें

इन दिनों गर्मी बचाव के लिए शराब, चाय और काफी पीने से बचें। धूप में खड़े बाहनों में पालतू जानवरों और बच्चों को न छोडे। उच्चप्रोटीन युक्त तथा वासी भोजन ने करें। बाहर की ओर खुली हुई खिडकी-दरबाजों को खुला न रखे क्यो कि इनसे गर्म हवाएं दोपहर के समय आती है। अपनी स्वास्थ के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं और अपने साथ ही बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं का खास घ्यान रखें।

### लू-तापघात के लक्षण

शरीर का तापमान बढ़ना और पसीना न आना या अधिक पसीना आना। सिरदर्द होना या सिर का भारीपन महसूस होना। त्वचा का सूखा या लाल होना, जी मचलाना, पेशाब कम आना तथा मानसिंक असंतुलन। सांस की समस्या स्वशन प्रकिया तथा धडकन का तेज होना। उल्टी, दस्त होना। बेहोश हो जाना तथा मांसपेशियों में ऐंठन, त्वचा का चिपचिपा होना, होना प्रमुख है।

### लू-तपाघात का प्राथमिक उपचार

इस तरह के लक्षण वाले व्यक्ति को ठंडे एवं छायादार स्थान पर ले जाए। उसके बाद नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर लेजाए। यदि व्यक्ति बेहोश न होतो उसे ठंडा पानी पिलाए। जितना हो सके शरीर से कपड़ों को निकाल दें तथा पखे से शरीर पर हवा करे साथ ही शरीर के ऊपरी हिस्से पर पानी का स्प्रे करदें। ओआरएस का घोल पिलाए। नीबू नमक का पीनी पिलाए।

रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

## भीरा पैंथर्स ने जीता आगाज मैच



**बिजुआ-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** बिजुआ में बृहस्पतिवार की शाम रात्रिकालीन इंडियन क्रिकेट लीग 2025 की शुरुआत हो गई है। गोला विधायक अमन गिरी के चाचा अजय गिरी उर्फ सपल्लू भईया ने फीता काटकर टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन किया। इस प्रतियोगिता में ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र की 5 टीमें भाग ले रही है। पहले दिन इस रात्रिकालीन टूर्नामेंट में दो मुकाबले खेले गए। उद्घाटन मैच में भीरा पैंथर्स ने एसआरएस टाइगर्स को 6 विकेट से हराया। एसआरएस टाइगर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 14 ओवरों में 107 रन 7 विकेट के नुकसान पर बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भीरा पैंथर्स ने 12.4 ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 110 रन बनाकर मैच जीत लिया। पहले मुकाबले के मैन ऑफ द मैच कैफ बने जिन्होंने 20 गेंदों पर 39 रन बनाए व एक विकेट लिया। इसके बाद खेलें गये दूसरे मुकाबले में नेक्सान वोल्वेस की टीम ने एडवेंट लाइंस को 7 विकेट से पराजित किया। नेक्सन वोल्वेस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए निर्धारित14 ओवरों में मात्र 103 रनों पर रोककर 104 रनो को मात्र 8.3 ओवर में साहिल के 29 रनों की बदौलत तीन विकेट के नुकसान पर आसानी से जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले के मैन ऑफ द मैच साहिल रहे जिन्होंने 29 रन के साथ साथ 3 विकेट लिए। कुमार उत्कर्ष दीक्षित द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में विजेता टीम को 51000 हजार व उपविजेता टीम को 21000 का इनाम दिया जाएगा। आयोजन मण्डल की तरफ से बेहतर व्यवस्थाएं की गई है।

# घायल बाघिन की हालत में हुआ सुधार

## नई तस्वीरों में पहले से दिखी बेहतर हालत



पलिया कलॉ-खीरी। स्वतंत्र भारत

किशनपुर वन्य जीव विहार की किशनपुर रेंज में बीते दिनों घायल अवस्था में देखी गई मादा बाघिन अब स्वस्थ अवस्था में पाई गई है। यह पुष्टि आज 16 मई 2025 को प्रातः 8 बजे हुई, जब वन विभाग के अधिकारी द्वारा स्वयं बाघिन का प्रत्यक्ष दर्शन कर छायांकन किया गया।

बाघिन के घायल होने की सूचना 4 जून 2025 को लगभग रात 7रू30 बजे पर्यटकों और फोटोग्राफरों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से वन विभाग को प्राप्त हुई थी। तत्पश्चात वन्य जीव प्रतिपालक की अध्यक्षता में एक टीम गठित कर निगरानी शुरू की गई। 5 से 13 मई तक डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया, जैव वैज्ञानिकों, चिकित्सकीय टीम और क्षेत्रीय वन अधिकारियों ने कैमरा ट्रैप, ड्रोन और स्थलीय निगरानी के माध्यम से व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाया।

14 मई को बाघिन पहली बार कैमरा ट्रैप में कैद हुई, जिसके पश्चात विश्लेषण कर उसकी पहचान की गई। यह पहचान 2022 की व्याघ्र जनगणना के चित्रों से मिलान कर पुख्ता की गई।

# पड़रिया तुला कस्बे में संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव

● **परिजनों ने जताई हत्या की आशंका**

**बिजुआ/पड़रियातुला। स्वतंत्र भारत**

भीरा थाना क्षेत्र के पड़रिया तुला में हरियाणा से मजदूरी करके लौटे 38 वर्षीय राकेश उर्फ बल्ला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव घर से मात्र 30 कदम की दूरी पर गली में पड़ा मिला है। सूचना पर पहुंची पड़रिया तुला पुलिस ने शव का पंचनामा भरते हुए पीएम के लिए भेज दिया है। पड़रिया तुला कस्बा निवासी मृतक राकेश उर्फ बल्ला मंगू राज का पुत्र था। वह तीन भाइयों में मंझला था। उसके छोटे भाई पूनम उर्फ महेश ने पुलिस में तहरीर देकर पोस्टमार्टम की मांग की है। शव मिलने की सूचना पर पहुंचे भीरा थानाध्यक्ष सुनील कुमार मलिक, पड़रिया तुला चैकी इंचार्ज उमराव सिंह, हेडकांस्टेबल राम शंकर यादव, आरक्षी विशाल दक्ष ने शव का पंचनामा भरते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतक राकेश उर्फ बल्ला के खिलाफ भीरा थाने में कई आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। इन्ही मामलों में वह कई बार जेल भी जा चुका है। भीरा थानाध्यक्ष सुनील कुमार मलिक ने बताया है कि मौत को संदिग्ध मानते शव का पीएम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। वही देर शाम मृतक शव पोस्टमार्टम



हाउस से वापस गाँव आया जिसके बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | शनिवार | 17.05.2025 को |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | रविवार | 18.05.2025 को |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 17.05.25 से 26.07.25 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 18.05.25 से 27.07.25 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 20.05.25 से 11.07.25 तक |
| 04057 | सहरसा | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 21.05.25 से 12.07.25 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 19.05.25 से 10.07.25 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 20.05.25 से 11.07.25 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें


## खबर एक नजर

### हड्डी रोग निवारण शिविर का शुभारंभ

**लखीमपुर खीरी (स्वतंत्र भारत)।** भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में ऑफीसर कॉलोनी पार्क में आयोजित हड्डी रोग निवारण शिविर का प्रथम दिवस मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ भव्य रूप में आरंभ हुआ। शिविर में घुटनों, जोड़ों, कमर व सर्वाइकल दर्द से संबंधित रोगों के निवारण हेतु विशेष योगाभ्यास कराए गए। जिला प्रधान रमेश कुमार वर्मा एडवोकेट ने हड्डी रोग के कारणों पर प्रकाश डालते हुए संस्थान का परिचय दिया। सेवक सिंह अजमानी, नरेश चंद्र वर्मा एवं केपी त्रिपाठी ने योग, ध्यान व प्राणायाम का अभ्यास कराया। शिवराम वर्मा, कामिनी मिश्रा, संतोष दीक्षित, प्रेमपाल वर्मा, राम बहादुर मित्रा, डॉ. सुशीला सिंह, अरविंद कुमार वर्मा एवं अशोक कुमार तोलानी ने विभिन्न आसनों का प्रशिक्षण दिया। शिविर का संचालन अरविंद कुमार वर्मा (शिविर प्रभारी) ने किया। कार्यक्रम में अनेक पदाधिकारी, योग साधक एवं साधिकाएं उपस्थित रहे। सभी ने नियमित योगाभ्यास का संकल्प लिया।



### ससुराली जनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**मोहम्मदी खीरी (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली अंतर्गत अंगूरा देवी पुत्री मंजय कुमार निवासी ग्राम बौधी खुर्द थाना मोहम्मदी जिला खीरी ने उपस्थित थाना जाकर प्रार्थना पत्र दिया कि प्रार्थिनी का विवाह लगभग 04 वर्ष पूर्व ग्राम वड़ागांव थाना पुवायाँ जिला शाहजहाँपुर निवासी अशोक पुत्र जगदीश के साथ हिन्दु रीति-रिवाज मे हुआ था। प्रार्थिनी के दो छोटे-छोटे बच्चे है विवाह के समय प्रार्थिनी के पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज भी दिया था। विवाह के बाद से ही से प्रार्थिनी के पति अशोक, ससुर जगदीश पुत्र चेतराम, सास मुन्नी देवी, ननद सोनी, देवर राजू छोटी-छोटी बात पर प्रार्थिनी को तरह तरह की मानसिक व शारीरिक यातनाये देकर प्रताड़ित करते थे प्रार्थिनी चुपचाप सब कुछ सहती रही। घटना दिनाँक 10.05.2025 समय लगभग रात्रि 09 बजे की है। उपरोक्त सभी लोगो ने प्रार्थिनी को गन्दी गन्दी गाली गलौज कर बुरी तरह लाठी डंडो से मारा-पीटा तथा रात में ही घर से निकाल दिया। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर मु0अ0सं0 346/2025 धारा 85/115(2)/352/351(3) बीएनएस 2023 व 3/4 डीपी एक्ट बनाम 1. अशोक पुत्र जगदीश (पति), 2.जगदीश पुत्र चेतराम( ससुर) 3.मुन्नी देवी पत्नी जगदीश (सास), 4.राजू पुत्र जगदीश (देवर), 5.सोनी पुत्री जगदीश (ननद) सर्व निवासीगण बडांगावं थाना पुवाया जनपद शाहजहाँपुर के पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 रघुनन्दन सिंह थाना मोहम्मदी जनपद खीरी के सुपुर्द की गई है।

### जमीनी विवाद में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**मोहम्मदी खीरी (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली अंतर्गत प्रार्थिनी रामदेवी पत्नी सुरेश नि0 ग्राम बबक्करपुर कोतवाली मोहम्मदी जनपद खीरी ने थाना जाकर एक प्रार्थना पत्र दिया कि घटना दिनांक 16.05.2025 को सुबह करीब 10.30 बजे की बात है। जमीन के कब्जे को लेकर विपक्षीगण गावं के ही अनिल सुनील, अशोक पुत्रगण नरेन्द्र ने प्रार्थनी के साथ गाली गलौज किया मना करने पर उक्त विपक्षीगणो ने प्रार्थिनी को मारा पीटा। जब मेरे देवर रमेश पुत्र भारत सिहं ने मुझे बचाने की कोशिश की तो उपरोक्त विपक्षीगणो ने उन्हे भी मारा पीटा। और विपक्षी अनिल ने मेरे देवर रमेश के सिर पर काटां मार दिया जिससे मेरे देवर के सिर मे गंभीर चोट आई है। तथा विपक्षीगण जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर मु0अ0सं0 347/2025 धारा 115(2)/ 352/351(3) बीएनएस 2023 बनाम 1.अनिल पुत्र नरेन्द्र 2.सुनील पुत्र नरेन्द्र 3.अशोक पुत्र नरेन्द्र थाना मोहम्मदी खीरी के पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 शिवकुमार सिंह थाना मोहम्मदी जनपद खीरी के सुपुर्द की गयी है

### अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**फरधान खीरी (स्वतंत्र भारत)।** थाना फरधान पुलिस द्वारा, 50 लीटर अवैध शराब बरामद करके 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, मौके पर भारी मात्रा में लहन भी नष्ट किया गया। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना फरधान के नेतृत्व में थाना फरधान पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों से 01 नफर अभियुक्त तथा 02 नफर अभियुक्ताओं को कच्ची शराब बनाते व बेचते हुये गिरफ्तार किया गया तथा अभि0गण के कब्जे से कुल 50 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई तथा मौके पर लगभग 400 लीटर लहन नष्ट किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त सुरजीत कुमार पुत्र रामखेलावन रन्छोर पुर व दो महिलाओं के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

### न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज

**मोहम्मदी खीरी (स्वतंत्र भारत)।** कोतवाली अंतर्गत प्रार्थना पत्र 175(3) बीएन0एस0एस आदेशित न्यायालय दूमुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लखीमपुर- खीरी दिनांकित 17.04/2025 बाबत विपक्षीगणो द्वारा वादिनी के उधार पैसे मागंने पर वादिनी के घर मे घुसकर गाली गलौज करना व मारपीट करना व छेडछाड करना वचाने आये वादिनी के पति व वेटे को भी मारना पीटना व जान से मारने की धमकी देने के सम्बंध मे प्राप्त हुआ। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर मु0अ0सं0 348/2025 धारा 74/115 (2)/352/351(3)/333 बीएनएस दिनांक घटना 17.04.2025 समय 21.00 बजे घटनास्थल वादिनी का घर बृहद ग्राम सिसोकन थाना मोहम्मदी खीरी वादिनी श्रीमती ऊषा देवी बनाम 1. धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ सोनू पुत्र दिनेश बहादुर 2. रूस्तम पुत्र दिनेश बहादुर 3. दिनेश बहादुर पुत्र लालबहादुर समस्त निवासी ग्राम सिसोकन थाना मोहम्मदी जिला खीरी के पंजीकृत किया गया अग्रिम कार्यवाही हेतु विवेचना शिवकुमार सिंह थाना मोहम्मदी जनपद खीरी के सुपुर्द किया गया है

### पुलिस को चुनौती दे रहे चोर

**लखीमपुर-खीरी।** खीरी कस्बे में विगत एक माह में एक के बाद एक हुई चोरियों से न सिर्फ दहशत है बल्कि पुलिस की रात्रि ग्रस्त पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अगर गौर करें तो बीते माह 07-04-2025 को मोहल्ला अवधि टोला में अज्ञात चोरों ने घर मे घुसकर सोने चांदी के जेवरातों और नगदी पर हाथ साफ किया था जिसको लेकर पीड़िता शिफ़ा ने लिखित तहरीर दी थी तो वही दूसरी चोरी 30-04-2025 को कस्बे के मोहल्ला बाजार में एक निजी क्लिनिक के शटर का ताला तोड़कर एक बड़ा बैट्रा और पंद्रह हजार की नगदी पर हाथ साफ किया था। जिसको लेकर पीड़ित ने खीरी थाने पर लिखित तहरीर दी थी। दो चोरियों के बाद भी स्थानी पुलिस गंभीरता से न लेने के चलते चोरों ने 15-05-2025 को मोहल्ला सैय्यद वाड़ा में राशिद खा के घर अज्ञात चोर ने मोबाइल फोन चुरा ले गए जिसको लेकर पीड़िता ने खीरी थाने पर लिखित तहरीर दी है। अब देखने वाली बात यह होगी कि दो चोरियों से सबक न लेने वाली पुलिस अब आगे चोरियां ना हो इसको लेकर क्या कदम उठाती है। कस्बे में चर्चा है कि एक के बाद एक हो रही चोरियों का खुलासा न होने की वजह से और चोर न पकड़े जाने की वजह से चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।

# स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।


## नक्सली दमन

नक्सली समस्या का देश में काफी पुराना इतिहास रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी में शामिल पश्चिम बंगाल के जुझारू नेता चारु मजुमदार द्वारा शुरू यह मुहिम पहले तो स्थानीय जमींदारों द्वारा बेहद पिछड़े और वंचित समुदायों पर अत्याचार और उनके शोषण के खिलाफ थी। आगे यह हिंसक प्रतिरोध बनी व अन्य राज्यों में फैलने के साथ गंभीर समस्या बनी। विकास के विस्तार की गतिविधियों को इन समुदायों, विशेष रूप से आदिवासियों का हक छीनना माना गया जिसके बाद अपने समर्थन का आधार बढ़ाने को नक्सली इनके साथ जुड़े और सरकार बनाम नक्सलवाद का संघर्ष बन गया। यह आंध्र, बिहार और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में कुछ पनपा भी पर कुछ समय बाद इस पर काबू पा लिया गया। फिर भी छत्तीसगढ़ के अंदरूनी इलाकों में बेहद घनी बसी आदिवासी आबादी के बीच पैठ मजबूत कर नक्सली तत्व छोटी घटनाओं के अलावा एक ही हमले में कई लोगों की जानें लेते रहे। इनमें आम लोगों के साथ कई बड़े राजनीतिज्ञों, प्रशासनिक अधिकारियों को भी निशाना बनाया गया। पूर्व की सरकारों द्वारा इनके खिलाफ कार्रवाइयां तो हुईं पर तात्कालिक समस्या मानकर इनमें निरंतरता न बनाए रखने से नक्सलियों को मौके मिलते रहे व नई सिरे से रणनीति बनाकर उनके हमले भी जारी रहे। इच्छाशक्ति का अभाव इसके पीछे खास वजह थी। पिछले दो वर्षों के दौरान तस्वीर काफी बदल चुकी है। फंदा कसने के बाद नक्सली हमलों में कमी आई और अब उनका सफाया भी तेजी से हो रहा है। बड़े-बड़े खूंखार इनामी नक्सलियों से लेकर छोटे तक या तो मारे जा रहे हैं या सरेंडर कर रहे हैं। अब यह भी पता लगा है कि नक्सली गिरोह हथियारों के मामले में काफी आगे निकल चुके हैं। राज्य की तेलंगाना की सीमा से जुड़ी सीमा पर ऑपरेशन के दौरान उनके पास से अन्य हथियारों के अलावा पहली बार मेगा स्नाइपर भी बरामद हुए हैं। इस घातक हथियार की मारक क्षमता पांच सौ मीटर तक होती है। आश्चर्यचकित सुरक्षा बल यह जांच कर रहे हैं कि नक्सलियों ने इन्हें किस मदद से बनाया है। नक्सली उन्मूलन की दिशा में मिलती कामयाबियों का श्रेय गृह मंत्री अमित शाह को भी जाता है जिन्होंने इसकी लगातार निगरानी का जिम्मा संभाल रखा है।

## वर्षा की तैयारियां

हालांकि अभी आधी मई ही बीती है लेकिन दक्षिणी-पश्चिमी मॉनसून बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर के दक्षिणी भाग, निकोबार द्वीप समूह व अंडमान सागर के उत्तरी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। प्राथमिक वर्षा प्रणाली के एक जून की सामान्य तिथि से पूर्व 27 मई को केरल पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग का मानना है कि मॉनसून यदि उमीद के मुताबिक केरल पहुंचता है तो 2009 के बाद से भारतीय भूमि पर इसका समय से पूर्व आगमन होगा। दक्षिण पश्चिम मॉनसून आमतौर पर एक जून तक केरल में प्रवेश करता है और आठ जुलाई तक पूरे देश में छा जाता है। इस तरह कहा जा सकता है कि देश में मॉनसून की आमद की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अगर मौसम विभाग का अनुमान सटीक निकलता है, जैसा कि आजकल हो रहा है, तो पंद्रह-बीस दिनों के भीतर ही लोगों का बारिश के छींटों से सामना होने लगेगा। इस साल भविष्यवाणी के मुताबिक ही जिस तरह गर्मी कहर ढा रही है, उसे देखते हुए यह अनुमान काफी सुकून देता है कि जल्दी ही इस मुसीबत से छुटकारा मिल जाएगा। वर्षा ऋतु अन्य मामलों में भी काफी अहम है। जैसे कृषि क्षेत्र के लिए बहुत अहम है जो लगभग 42 फीसदी आबादी की जीविका का आधार है तथा देश के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में करीब 18 प्रतिशत का योगदान देता है। इसके अलावा पीने के पानी और विद्युत उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण जलाशयों को फिर से भरने के लिए भी अहम है। यानी तमाम मुसीबतें लाने के बाद भी वर्षा जल का अपना महत्व काफी अधिक है जिसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती। ऐसे में जरूरत यह है कि वर्षा के स्वागत की तैयारी का मन बनाने के साथ ही इससे होने वाले नुकसान व क्षति से निपटने की तैयारी भी अभी से शुरू हो जाए ताकि आगे चलकर किसी विषम परिस्थिति में पछताने की नौबत न आने पाए।

## काँव-काँव

♦♦♦

**राष्ट्रपति पर समयसीमा लगाना असंवैधानिक-मुर्मू**
बस, यही सब देखना सुनना बाकी रह गया था!

**भारत-पाक संघर्षविराम मैंने नहीं करवाया-ट्रंप**
बिहार चुनाव निपटने के बाद बोलते ये बात!

**पाक से केवल आतंकवाद पर बात-जयशंकर**
मतलब भेड़िये को मांसाहार पर घेरा जायेगा!

**ट्रंप उड़ाने लगे हैं अपने दोस्त नेतन्याहू की नींद**
नेतन्याहू भाई, जागते रहो, हमास अभी मरा नहीं!

**पाक समर्थक तुर्की से शैक्षिक संबंध नहीं-जेएनयू**
वैसे तुर्की के साथ कारोबारी रिश्ते जारी रहेंगे!

**बढ़ता पारा चैन के साथ नींद भी उड़ा रहा**
इसीलिए कहते हैं मुसीबत अकेले नहीं आती!

♦♦♦

# सीजफायर पर इतना घमासान क्यों?




- डॉ. दीपकुमार शुक्ल

पाकिस्तान स्थित आतंकी अड्डों को निशाना बनाते हुए भारत द्वारा की गयी सैन्य कार्रवाई बन्द हो जाने के बाद पूरे देश में बहस छिड़ी हुई है। विपक्षी दल जहाँ सरकार पर हमलावर हैं वहीं सत्ता पक्ष के नेता ऑपरेशन सिन्दूर को सफल तथा सीजफायर को अस्थाई बता रहे हैं। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने देश के नाम अपने सम्बोधन में बताया कि भारत ने पहले तीन दिनों में ही पाकिस्तान को इतना तबाह कर दिया जिसका उसे अन्दाजा भी नहीं था। भारत की आक्रामक कार्रवाई के बाद पाकिस्तान बचने के रास्ते खोजने लगा था। प्रधानमन्त्री ने यह भी बताया कि पाकिस्तान दुनियां भर में तनाव कम करने के लिए गुहार लगा रहा था और बुरी तरह पिटने के बाद पाकिस्तानी सेना ने 10 मई की दोपहर हमारे डीजीएमओ को सम्पर्क किया। तब तक हम आतंकवाद के इन्फ्रास्ट्रक्चर को बड़े पैमाने पर तबाह कर चुके थे। पाकिस्तान की तरफ से जब यह कहा गया कि उसकी ओर से आगे कोई आतंकी गतिविधी और सैन्य दुस्साहस नहीं दिखाया जायेगा तो भारत ने भी उस पर विचार किया। प्रधानमन्त्री ने अपने वक्तव्य में स्पष्ट कहा कि हमने पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों पर अपनी जवाबी कार्रवाई को सिर्फ स्थगित किया है। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के बाद ऑपरेशन सिन्दूर अब भारत की नीति बन चुकी है। पाकिस्तान को चेतवानी देते हुए उन्होंने कहा है कि हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। रक्षामन्त्री राजनाथ सिंह ने भी प्रधानमन्त्री की बात दोहराते हुए पाकिस्तान को आगाह किया कि हिन्दुस्तान की धरती पर किया गया कोई भी आतंकी हमला एक्ट ऑफवार माना जायेगा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद 'ऑपरेशन सिन्दूर' के तहत भारतीय वायु सेना ने 6-7 मई की रात पाकिस्तान तथा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में कुल 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। जिसका उद्देश्य आतंकियों के लांचपैड तथा हथियारों के भण्डार को नेस्तानाबूद करना था। जो पूरी तरह सफल रहा। विभिन्न स्रोतों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस कार्रवाई में जैश-ए-मुहम्मद का सरगना अब्दुल रऊफ अजहर सहित 100 से अधिक आतंकी मारे गये। अब्दुल रऊफ दिसम्बर 1999 में इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट-814 के अपहरण तथा अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल की हत्या में शामिल बताया जाता था। आतंकी अड्डों पर अचानक हुई इस बड़ी कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने भारत के कई सैन्य ठिकानों तथा रिहायशी इलाकों को निशाना बनाने की कोशिश की। परन्तु भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने माकूल जवाब देते हुए सभी हमलों को चुटकियों में विफल कर दिया। पाकिस्तान द्वारा छोड़े गये सभी ड्रोन जहाँ हवा में ही नष्ट कर दिये गये वहीं उसका एयर बेस सिस्टम भी ध्वस्त कर दिया गया। इस ऑपरेशन में जिन नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया, उनमें चार पाकिस्तान में तथा पांच पाक अधिकृत कश्मीर में स्थित थे। इन्हें लश्कर, जैश-ए-मुहम्मद तथा हिजबुल मुजाहिदीन जैसे भारत विरोधी आतंकी संगठनों के ठिकानों के रूप में चिन्हित किया गया था। अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से लगभग 25 किलोमीटर दूर मुरीदके में स्थित लश्कर मुख्यालय का नाम 'मरकज तैयबा' था। 26/11 के आतंकी अजमल कसाब तथा डेविड हेडली आदि ने यहीं प्रशिक्षण लिया था। अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से लगभग 100 किमी दूर बहावलपुर में स्थित जैश-ए-मुहम्मद के मुख्यालय का नाम 'मस्जिद/ मरकज सुभान अल्लाह' था। यह आतंकियों की भर्ती, प्रशिक्षण तथा उन्हें कट्टर बनाने का केन्द्र था। अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से लगभग 12 किमी दूर सियालकोट में स्थित 'मेहमूना जोया' नाम का आतंकी अड्डा हिजबुल मुजाहिदीन का बड़ा शिविर तथा कठुआ जम्मू क्षेत्र का नियंत्रण केन्द्र बताया गया। जनवरी 2016 में पठानकोट एयरबेस पर हमले की योजना बनाने तथा उस पर निगरानी रखने का काम यहीं से हुआ था। सियालकोट में ही अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से लगभग 6 किमी दूर जैश-ए-मुहम्मद का सरजाल नामक केन्द्र था। मार्च 2025 में जम्मू कश्मीर के चार पुलिस कर्मियों की हत्या करने वाले आतंकवादियों ने यहीं प्रशिक्षण लिया था। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के पांच आतंकी अड्डों में 'सवाई/शवाई नाला' नामक लश्कर का प्रशिक्षण केन्द्र नियंत्रण रेखा से लगभग 30 किमी दूर मुजफ्फराबाद में स्थित था। मुजफ्फराबाद में ही 'सैयदना बिलाल' नाम से जैश-ए-मुहम्मद का प्रशिक्षण केन्द्र संचालित था। जहाँ हथियार, विस्फोटक तथा जंगल में जीवित रहने का प्रशिक्षण दिया जाता था। वहीं नियंत्रण रेखा से लगभग 30 किमी दूर कोटली में राजौरी-पूंछ क्षेत्र में सक्रिय लश्कर आतंकियों का प्रशिक्षण केन्द्र था। जिसका नाम गुलपुर था। अप्रैल 2023 में पूंछ में तथा जून 2024 में हिन्दू तीर्थयात्रियों की बस पर हमला करने वाले आतंकियों ने यहीं प्रशिक्षण लिया था। कोटली में ही नियंत्रण रेखा से लगभग 13 किमी दूर लश्कर के अब्बास नामक अड्डे में फिदायीन अर्थात आत्मघाती हमले का प्रशिक्षण दिया जाता था। नियंत्रण रेखा से लगभग 9 किमी दूर भीम्बेर में बरनाला नाम से लश्कर का आतंकी अड्डा था। जिसमें हथियार, आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) तथा जंगल में जीवित रहने की ट्रेनिंग दी जाती थी। इन सभी आतंकी अड्डों की तबाही ने निश्चित ही भारत विरोधी आतंकियों की कमर तोड़ने का काम किया है। इसे आतंक के खिलाफ भारत की लड़ाई को बहुत बड़ी सफलता के रूप में देखा जाना चाहिए। लेकिन भारत की एक बड़ी आबादी ऑपरेशन सिन्दूर के तहत पाकिस्तान के टुकड़े होते हुए देखना चाहती थी। लोगों का यह विचार था कि अब यह कार्रवाई पाक अधिकृत कश्मीर की भारत में वापसी तथा बलूचिस्तान की आजादी के बाद ही रुकनी चाहिए। परन्तु अचानक घोषित हुए सीजफायर ने सबकी आशाओं पर पानी फेर दिया। उसमें भी सीजफायर का ऐलान भारत और पाकिस्तान से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा किये जाने से आम जन का आश्चर्यचकित होना स्वाभाविक है। अब प्रश्न यह उठता है कि आतंकी अड्डों पर कार्रवाई शुरू करते ही जब भारत सरकार ने बड़ी प्रतिबद्धतापूर्वक स्पष्ट कर दिया था कि हम सिर्फ और सिर्फ आंतकवादियों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई कर रहे हैंद्य। इसमें न तो पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर हमला किया जायेगा और न ही वहां के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया जायेगा। तब फिर भारत की एक बड़ी आबादी के मन में बलूचिस्तान की आजादी तथा पाक अधिकृत कश्मीर पर कब्जे की भ्रान्ति ने कैसे और क्यों जन्म लिया? इसके राजनीतिक निहितार्थ भले ही तलाशे जा रहे हों। परन्तु कारण यह हो सकता है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आलोचना झेल रही सरकार ने 6 मई तक सेना को पर्याप्त होमवर्क करने के बाद सैन्य कार्रवाई की इजाजत दी थी। जिसका परिणाम पूरी तरह सकारात्मक रहा और पाकिस्तान तथा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित आतंकी अड्डों को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सका। तदोपरान्त पाकिस्तान की ओर से की गयी जवाबी कार्यवाही को भी भारतीय जवानो ने विफल कर दिया। ऐसे में भारत की एक बड़ी आबादी को यह आभास होना स्वाभाविक था कि हम पाकिस्तान पर भारी हैं। अतः लगे हाथ पाक अधिकृत कश्मीर को मुक्त तथा बलूचिस्तान को आजाद करवाकार समस्या को हमेशा-हमेशा के लिए समाप्त कर देना चाहिए। जबकि सरकार तथा सेना का उद्देश्य 7 मई को ही पूरा हो गया था। अतः कार्रवाई को रोकना मुनासिब लगा और हुआ भी यही। ऐसे में आम जन में असन्तोष फैल गया।



## प्रेमचंद की कहानियां



### जुलूस

मिट्ठी इस वक्त मुझे दिल में कितना कायर और नीच समझ रही होगी? शायद इस वक्त मुझे कोई मार डाले, तो वह जबान भी न खोलेगी। शायद मन में प्रसन्न होगी कि अच्छा हुआ। अभी कोई जाकर साहब से कह दे कि बीरबल सिंह की स्त्री जुलूस में निकली थी, तो कहीं का न रहूं। मिट्ठी जानती है, समझती है, फिर भी निकल खड़ी हुई। मुझसे पूछा तक नहीं। कोई फिक्र नहीं है न, जभी ये बातें समझती हैं, यहां सभी बेफिक्र हैं, कॉलेजों और स्कूलों के लड़के, मजदूर पेशेवर इन्हें क्या चिंता ? मरन तो हम लोगों की है, जिनके बाल-बच्चे हैं और कुल-मर्यादा का ध्यान है। सबकी सब मेरी तरफ कैसे घूर रही थीं, मानो खा जायेंगी।

जुलूस शहर को मुख्य सड़कों से गुजरता हुआ चला जा रहा था। दोनों ओर डों पर छज्जों पर, जंगलों पर, वृक्षों पर, दर्शकों की दीवारें-सी खड़ी थी। बरबल सिंह को आज उनके चेहरों पर एक नयी स्फूर्ति, एक नया उत्साह, एक स्या गर्व झलकता हुआ मालूम होता था। स्फूर्ति थी वृक्षों के चेहरे पर, उत्साह युवकों के और गर्व रमणियों के। यह स्वराज्य के पथ पर चलने का उल्लास था। अब उनको यात्रा का लक्ष्य अज्ञात न था, पथभ्रष्टों की भांति इधर-उधर भटकना न था, दलितों की भांति सिर झुका कर रोना न था। स्वाधीनता का सुनहला शिखर बदर आकाश में चमक रहा था। ऐसा जान पड़ता था कि लोगों को बीच के नालों और जंगलों की परवाह नहीं है। सब उस सुनहले लक्ष्य पर पहुंचने के लिए उत्सुक हो रहे हैं।

ग्यारह बजते-बजते जुलूस नदी के किनारे जा पहुंचा, जनाजा उतारा गया और लोग शव को गंगा-स्नान कराने के लिए चले। उसके शीतल, शांत, पीले मस्तक पर लाठी की चोट साफ नजर आ रही थी। रक्त जम कर काला हो गया था। सिर के बड़े-बड़े बाल खून जम जाने से किसी चित्रकार की तूलिका की भांति चिमट गये थे। **क्रमशः...**

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**गृहासक्तस्य नो विद्या नो दया मांसभोजिनः।**
**द्रव्यलुब्धस्य नो सत्यं स्त्रैणस्य न पवित्रता।।**

घर के सुखों में मोह रखने वाला व्यक्ति विद्या-प्राप्ति नहीं कर सकता, मांस खाने वाले व्यक्ति के मन में दयाभाव उत्पन्न नहीं हो सकता, धन का लोभी व्यक्ति कभी सत्य-भाषण नहीं कर सकता और स्त्रियों से लगाव रखने वाला कामी व्यक्ति पवित्र एवं सदाचारी नहीं हो सकता।

♦♦♦

# भारत की आधुनिक युद्ध पद्धति में निर्णायक जीत

- टॉम कूपर, जॉन स्पेंसर

7 मई, 2025 की सुबह ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद से भारत के निपटने के तरीके में बड़े बदलाव को स्थापित कर दिया। यह केवल सैन्य अभियान-भर नहीं था, बल्कि दुनिया को साफ तौर पर संदेश था कि भारत सीमा पार हमलों पर अब चुप नहीं बैठेगा। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले में एक नेपाली नागरिक सहित 26 निर्दोष लोगों के मारे जाने के ठीक दो हफ्ते बाद इस अभियान को अंजाम दिया गया। पहलगाम आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया था और आक्रोश और गुस्से में भरे लोग दुख में एकजुट हो गये थे। भारत सरकार ने अब बहुत हो गया की सोच के साथ तुरंत और दृढ़ता से आतंकी हमले के विरुद्ध जवाबी कार्रवाई की।

विचारपूर्वक की गई जवाबी कार्रवाई में, भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिज़्बुल मुजाहिदीन के नौ आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाकर तबाह कर दिया। ये आतंकी शिविर मुजफ्फराबाद में सवाई नाला कैंप और सैयदना बिलाल कैंप, कोटली में गुलपुर कैंप और अब्बास कैंप, भीमबेर में बरनाला कैंप, सियालकोट में सरजल कैंप और महमूना जोया कैंप, मुरीदके में मरकज तैयबा कैंप और बहावलपुर में मरकज सुभानल्लाह थे। भारत के इस अभियान का टॉम कूपर, जॉन स्पेंसर और जेनिफर ज़ेंग जैसे प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों ने विस्तृत मूल्यांकन किया है, जिसमें भारत की सफलता के रणनीतिक और सामरिक तत्वों को रेखांकित किया गया है। ऑस्ट्रियाई सैन्य इतिहासकार टॉम कूपर ने भारत के वायु सेना अभियान को जीत की स्पष्ट वजह बताया है। कूपर ने कहा है कि पाकिस्तान की विश्वसनीय कार्रवाई अक्षमता से भारत की रणनीतिक प्रभावशीलता परिलक्षित होती है।

उन्होंने कहा, इस मामले में भारत की स्पष्ट जीत हुई है और कोई हैरत नहीं कि पाकिस्तान ने 'युद्धविराम' के लिए क्यों 'आवाज़' लगानी शुरू की।

कूपर ने अपने तर्क के समर्थन में पाकिस्तान की प्रतिरोधी रणनीतिक विफलता का उल्लेख किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई और परमाणु हमले की धमकी देने की रणनीति विफल रही, क्योंकि भारत ने जोरदार जवाबी हमला किया और पाकिस्तानी कदम के जवाब में हमला और बढ़ा दिया। उन्होंने कहा कि लड़ाई इसलिए थमी कि पाकिस्तान ने भारी नुकसान उठाने के बाद युद्ध विराम का आग्रह करना शुरू कर दिया। कूपर ने विचार व्यक्त किया कि पाकिस्तान की तरफ से सैन्य कार्रवाई रोकने का फैसला संभवत- उसके गोला-बारूद के अपर्याप्त भंडार और नष्ट होते यूएवी के कारण हुआ।

मॉडर्न वारफेयर इंस्टीट्यूट-अर्बन वॉरफेयर स्टडीज़ के अध्यक्ष जॉन स्पेंसर ने रणनीतिक संयम और दृढ़तापूर्ण भारतीय रुख की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की चेतावनी भरी लाल रेखाओं को फिर से परिभाषित कर दिया कि पाकिस्तान की भूमि से उस पर किया जाने वाला कोई भी आतंकवादी हमला युद्ध माना जाएगा। स्पेंसर ने अपनी टिप्पणी में कहा कि भारत ने प्रचंड जवाबी हमला किया लेकिन इसे युद्ध में बदलने से पहले ही रोक दिया। यह उल्लेखनीय प्रतिरोधक प्रदर्शन है, जो नपा-तुला, नियंत्रित और विश्वसनीय रहा। जॉन स्पेंसर ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की बड़ी जीत बताया। उन्होंने तर्क देते हुए कहा कि भारत ने सिफ़ 'चार दिनों की विचारपूर्ण सैन्य कार्रवाई में अपने रणनीतिक लक्ष्य हासिल कर लिए, बल्कि उससे भी ज्यादा प्राप्त कर लिया। स्पेंसर इसे निर्णायक शक्ति और उसे स्पष्ट तौर पर लागू किये जाने के प्रयोग के रूप में देखते हैं, न कि सिर्फ प्रतीकात्मक बल के रूप में। स्पेंसर ने कई प्रमुख रणनीतिक प्रभावों का उल्लेख किया है, जो भारत की जीत को प्रदर्शित करते हैं। एक नई रणनीतिक चेतावनी जारी और लागू कर दी गई कि अब पाकिस्तानी धरती से होने वाले आतंकी हमलों का मुकाबला सैन्य बल से किया जाएगा, एक मिसाल है। सैन्य श्रेष्ठता प्रदर्शन- भारत ने पाकिस्तान में किसी भी लक्ष्य पर हमला करने की क्षमता दिखा दी, जिसमें आतंकी ठिकाने, ड्रोन समन्वय केंद्र और हवाईअड्डे शामिल रहे। इसके विपरीत, पाकिस्तान भारत के अंदर किसी भी सुरक्षित क्षेत्र में घुसने में विफल रहा। स्पेंसर ने इसे बड़ी रणनीतिक श्रेष्ठता और वास्तविक प्रतिरोधक क्षमता बताया। प्रतिरोधक बहाली- शक्तिशाली जवाबी कार्रवाई करने लेकिन पूर्ण युद्ध में बदलने से पहले ही संघर्ष को रोककर भारत ने अपने युद्ध नियंत्रण इच्छा और क्षमता का स्पष्ट संकेत दिया, जिससे प्रतिरोधक बहाल हुआ। रणनीतिक स्वतंत्रता- भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता के बिना ही संघर्ष का बेहतर प्रबंधन कर अपनी संप्रभु शर्तों पर सिद्धांतों को लागू किया। अंतर्राष्ट्रीय प्रेस एसोसिएशन की सदस्य जेनिफर ज़ेंग ने भी भारत के रणनीतिक हमलों और पाकिस्तान की हार का विस्तृत विवरण साझा करते हुए कहा है कि भारत ने सटीक और शक्तिशाली हमले कर पाकिस्तान के आतंकी शिविर, वायु रक्षा प्रणाली और प्रमुख सैन्य ठिकाने नष्ट किए। पाकिस्तान का नुकसान जैसे-जैसे बढ़ता गया, उसके जवाबी हमले के प्रयास बार-बार विफल होते गए और वहां का नेतृत्व हताश हो गया और उसने अमरीका और सऊदी अरब का रुख कर पूर्ण सैन्य हार से बचने के लिए कूटनीतिक मदद की गुहार लगाई। उनके लेख में उन घटनाओं को समयबद्ध चरण में दिखाया गया है कि पाकिस्तानी सेना को युद्धविराम की गुहार क्यों लगानी पड़ी। 7 मई - भारत ने जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा से संबंधित आतंकी शिविरों को निशाना बनाते हुए राफेल जेट और ब्रह्मोस मिसाइलों से बड़े स्तर पर हवाई हमले किये, जिससे पाकिस्तान के छद्म नेटवर्क को गहरा झटका लगा। 8 मई- भारत के सटीक हमलों ने लाहौर में पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली एचक्यू-16 को नष्ट कर दिया। भारतीय हमलों से पाकिस्तान की विदेशी सैन्य प्रौद्योगिकी पर निर्भरता उजागर हो गई। 9 मई भारतीय सेना ने नूर खान और रफीकी सहित प्रमुख हवाई ठिकानों पर बमबारी की, जिससे पाकिस्तान की हवाई क्षमता बुरी तरह प्रभावित हुई। ड्रोन, मिसाइलों और जेट से पाकिस्तान की जवाबी कार्रवाई को भारत के एस-400 ट्रायम्फ और अन्य रक्षा प्रणालियों ने रोक दिया। भारत ने पाकिस्तान के दुष्प्रचार और उसे हुए नुकसान के फर्जी दावे को भी खारिज कर दिया।



## प्रेरक प्रसंग

एक सेठ थे। उन्होंने अपने जीवन में खूब कमाई की। बाद में मोह-माया से उनका मन हट गया। वह ईश्वर की उपासना करने लगे। एक दिन एक आदमी उनके पास आया। बोलो, देखिये, मेरे पिता और आपके पिता बड़े मित्र थे। आपके पिता ने मेरे पिता की बड़ी मदद की उससे हमारा कारोबार जमा और हमें बहुत से धन की प्राप्ति हुई।
आज भी भगवान की कृपा और आपके आशीर्वाद से हमारा व्यापार बहुत अच्छी तरह से चल रहा है'।
सेठ का उस दिन मौन था। वह चुपचाप उनकी बात सुनते रहे।
अंत में वह भाई बोले, आपके पिता का ऋण तो क्या चुका सकते हैं ! लेकिन लीजिए, ये कुछ मोहरें आपकी भेंट हैं। इतना कहकर उन्होंने मोहरों की एक थैली निकाली और उनके सामने रखकर चले गये।

## पिता की सीख

जब सेठ का मौन समाप्त हुआ तो उन्होंने अपने लड़के को बुलाया और कहा, जाओ, यह थैली उस आदमी को लौटा आओ।
पिता से उस आदमी ने जो कहा था, वह बेटे ने सुना था। वह बोला, आप यह थैली क्यों वापस करवाते हैं ? वह बिना मांगे दे गये हैं। ये मोहरें हमारे काम आ जायेंगी। आखिर हमारे भी तो बाल-बच्चे हैं।
पिता यह सुनकर गंभीर हो गये, उन्होंने कहा, जिस चीज से मैंने मुंह मोड़ लिया है, तुम चाहते हो कि मैं उसी चक्कर में पड़ूं और तुम लोगों को डालूं ? यह मुझसे नहीं होगा। मैं तो बस इतना चाहता हूं कि मेरे जीवन के बचे दिन भगवद्-भक्ति में बीतें और तुम लोग अपनी मेहनत की कमाई पर आगे बढ़ो।
इतना कहते-कहते पिता की आंखों से आंसू टपकने लगे। बेटे ने फिर कुछ नहीं कहा। वह दौड़ा हुआ गया और थैली लौटा आया।

## आपका पत्र मिला

### देश प्रेमी मुस्लिम योद्धा

हालिया भारत पाक संघर्ष में कर्नल सोफिया कुरैशी का नाम काफी प्रमुखता से आया। वे पाक पर हमला करने वाले सेनानियों में अग्रगण्य रहीं। उनका नाम तब और प्रचारित हुआ, जब मध्यप्रदेश के एक भाजपाई मंत्री ने बदजुबानी करते हुए उन्हें पाकिस्तानियों और आतंकियों की बहन कह डाला। खैर! इससे देश में उनके सम्मान में कोई फर्क नहीं पड़ा और मंत्री की ही थू थू हुई। हम अतीत में जब झॉंकते हैं,तो पाते हैं कि मातृभूमि के लिये लड़ने वाले और भी मुस्लिम योद्धा हुए हैं। 12 वीं शताब्दी में आल्हा ऊदल नामक प्रसिद्ध योद्धावों की सेना के साथ सहयोग करके लड़ने वाले ताला सैयद नाम के एक वीर सेनानी हुए हैं,जो बनारस के सरदार कहे जाते थे। कम मशहूर मुस्लिम सिपाही भी थे, क्योंकि जगनिक के आल्हखण्ड में भीषण युद्ध के वर्णन में एक पंक्ति आती है, अल्ला अल्ला करैं मुसल्ला हिंदू गंगा रहे मनाय।आगे चलकर महाराणा प्रताप की सेना के मुखिया कोई हिंदू न होकर मुस्लिम ही थे। हकीम खॉं नाम के इस महान् सेनापति से अकबर की फौज़ बहुत खौफ खाती थी। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अजीमुल्ला खॉं,शमशुद्दीन खॉं और अजीजन बाई के नाम सदा बड़े आदर से लिये जायँग।ये नाना राव पेशवा के सहयोगी थे। पश्चात्वर्ती स्वतंत्रता संग्राम में तो न जाने कितने मुसलमान लड़े और मारे गये। काकोरी काण्ड के अशफाक उल्ला, नेता जी सुभाष चंद्र बोस के निजी सचिव जय हिंद,का नारा देने वाले आबिद हसन, कर्नल हबीबुर्रहमान, एहसान कदिर, शाहनवाज़ खॉं आदि अनेक नाम हैं।1965 में पाक से हुए युद्ध मे अब्दुल हमीद का नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा है,जिन्होंने खेमकरन सेक्टर में लड़ते हुए पाक के कई टैंक तोड़े और वीरगति को प्राप्त हुए। उन्हें मरणोपरात परमवीर चक्र प्रदान किया गया। ये नमूने मात्र हैं। फेहरिस्त लम्बी है। देश भक्त हर सम्प्रदाय में हुए हैं। सम्प्रदाय विशेष को शक की नज़र से देखना न्याय नहीं होगा।

रघोत्तम शुक्ल
वाया ई-मेल

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**

**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
**E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com**



# बच्चों को बीमार कर सकती है नाखून चबाने की आदत

*नाखून चबाने की आदत अक्सर बच्चों में पाई जाती है। यह आदत पहले तो मामूली लग सकती है, लेकिन यह स्वास्थ्य के लिए कई तरह के नुकसान का कारण बन सकती है। बच्चों के लिए यह आदत न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी हानिकारक हो सकती है। आइए जानते हैं कि बच्चों के नाखून चबाने की आदत से क्या-क्या समस्याएं हो सकती हैं और डॉक्टर इस बारे में क्या सलाह देते हैं।*

**दांतों और मसूड़ों पर असर**

नाखून चबाने से बच्चों के दांतों और मसूड़ों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इस आदत से दांतों की संरचना बिगड़ सकती है, जिससे दांतों में असंतुलन, दांतों का टेढ़ा होना या मसूड़ों में सूजन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। इससे बच्चों को दांतों की समस्याएँ बढ़ सकती हैं, जिन्हें ठीक करने के लिए दंत चिकित्सक की मदद की जरूरत पड़ सकती है।

**इंफेक्शन का खतरा**

नाखून चबाने से बच्चों के हाथों से बैक्टीरिया मुंह में जा सकते हैं। यदि बच्चे अपनी उंगलियों को मुंह में डालते हैं और नाखून चबाते हैं, तो यह बैक्टीरिया उनके शरीर में प्रवेश कर सकते हैं और विभिन्न प्रकार के इंफेक्शन का कारण बन सकते हैं। इससे गले में इंफेक्शन, मौखिक रोग, या पेट में समस्याएँ हो सकती हैं। खासकर अगर बच्चा गंदे हाथों से नाखून चबाता है तो यह और भी खतरनाक हो सकता है।

**पाचन तंत्र पर प्रभाव**

नाखून चबाने से कुछ बच्चे नाखूनों को निगलने की भी आदत डाल सकते हैं। यदि यह नाखून अंदर पेट में चले जाते हैं, तो यह पाचन तंत्र में अड़चन पैदा कर सकते हैं। इससे पेट की समस्याएँ, जैसे गैस, कब्ज, या आंतों की समस्याएँ हो सकती हैं।

**मानसिक तनाव और चिंता**

नाखून चबाना कभी-कभी मानसिक तनाव या चिंता का संकेत भी हो सकता है। कई बार बच्चे तब नाखून चबाते हैं जब वे किसी समस्या या चिंता से जूझ रहे होते हैं। यदि यह आदत लगातार बनी रहती है, तो यह मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का संकेत हो सकता है। ऐसे में बच्चे को मानसिक शांति और समर्थन की आवश्यकता होती है, ताकि वह इस आदत से छुटकारा पा सके।

**कैसे छुड़ाएं बच्चों की नाखून चबाने की आदत**

1. बच्चों को नाखून चबाने से रोकने के लिए सबसे पहले माता-पिता को सकारात्मक वातावरण और प्यार देना चाहिए। बच्चों को समझाना और शांतिपूर्वक बताना कि यह आदत कितनी हानिकारक हो सकती है, उनके लिए सहायक हो सकता है।
2. यदि बच्चे की नाखून चबाने की आदत मानसिक तनाव या चिंता के कारण हो रही है, तो एक अच्छे मनोचिकित्सक से सलाह लेना चाहिए। बच्चे को मानसिक शांति देने के लिए ध्यान, योग, और अन्य तरीके अपनाए जा सकते हैं।
3. बच्चों को हमेशा साफ हाथों से भोजन करना और मुंह की सफाई पर ध्यान देने की सलाह दें। साथ ही, बच्चों के नाखूनों की सफाई और नियमित काटने का ध्यान रखें।
4. बच्चों को अन्य गतिविधियों में व्यस्त रखना भी उनकी नाखून चबाने की आदत को कम कर सकता है। जैसे कि खेलकूद, चित्रकला, संगीत आदि।

नाखून चबाना बच्चों की एक आम आदत हो सकती है, लेकिन यह उनके स्वास्थ्य के लिए कई प्रकार से हानिकारक हो सकता है। इसके प्रभाव को कम करने के लिए माता-पिता को बच्चे को समझाना और डॉक्टर की सलाह लेना चाहिए।

# गर्मी में शिशुओं को हीट रैश से कैसे बचाएं

गर्मी का मौसम आते ही बच्चों की देखभाल में विशेष ध्यान देना जरूरी हो जाता है, खासकर शिशुओं की। छोटे बच्चों की त्वचा बहुत नाजुक और संवेदनशील होती है, इसलिए गर्मी में उन्हें हीट रैश यानी घमौरियों की समस्या जल्दी हो जाती है। हीट रैश की वजह से शिशुओं की स्किन पर लाल धब्बे, जलन, खुजली और छाले हो सकते हैं, जिससे उन्हें बहुत असहज महसूस होता है। पेरेंट्स के लिए यह समझना मुश्किल हो सकता है कि बच्चा क्यों परेशान है। लेकिन घबराने की ज़रूरत नहीं, आप कुछ सरल घरेलू उपाय अपनाकर अपने शिशु को इस गर्मी में हीट रैश से बचा सकते हैं।

**शिशु की त्वचा को सूखा रखें**-गर्मी में पसीना और नमी ही हीट रैश का सबसे बड़ा कारण होते हैं। इसलिए कोशिश करें कि शिशु की त्वचा हमेशा सूखी रहे। अगर पसीना आए, तो साफ और मुलायम सूती कपड़े से हल्के हाथों से पोंछें। शिशु को हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनाएं, जिससे हवा आसानी से अंदर जा सके। तंग या सिंथेटिक कपड़े बिलकुल न पहनाएं।

**शिशु को ठंडा रखें**- शिशु का शरीर गर्मी में जल्दी ओवरहीट हो सकता है। इसे रोकने के लिए, शिशु को पंखे या एसी वाले ठंडे और हवादार कमरे में रखें। सीधी धूप से बचाएं और बाहर ले जाते समय पूरी तैयारी करें। ऐसे कपड़े पहनाएं जो शरीर को ठंडा रखें और पसीना सोख सकें।

**डायपर समय-समय पर बदलें**-गर्मी में डायपर की नमी से रैशेज होने की संभावना ज्यादा होती है। समय-समय पर डायपर बदलें और शिशु को थोड़ा समय डायपर फ्री रखें। हर बार डायपर बदलने पर त्वचा को साफ और सूखा करें।

# बेटी को जरूर बताएं ये खास बातें



**मासिक धर्म की पूरी जानकारी**

कई बार पेरेंट्स को इन बातों को बताने में झिझक होती है, लेकिन यह जानना जरूरी है कि इन्हें समय रहते बताना जरूरी है ताकि बाद में कोई असहजता न हो और बेटी को इन विषयों की पूरी जानकारी मिल सके। 15 साल की उम्र में बेटी मासिक धर्म को समझने के लिए तैयार हो जाती है। उसे यह बताना बहुत जरूरी है कि पीरियड्स क्यों आते हैं, इस दौरान क्या करना चाहिए और क्या नहीं। इसके साथ ही उसे यह भी समझाना चाहिए कि यह एक सामान्य और प्राकृतिक प्रक्रिया है, और यह उसकी सेहत के लिए जरूरी है। इस बारे में उसे स्वच्छता और व्यक्तिगत देखभाल के उपाय भी सिखाने चाहिए।

**किशोरावस्था के बदलाव**

किशोरावस्था के दौरान शारीरिक और मानसिक बदलाव होते हैं, जिन्हें समझने में लड़कियां खुद से दिक्कत महसूस कर सकती हैं। इसलिए बेटी को इस उम्र में होने वाले शारीरिक और मानसिक बदलावों के बारे में जानकारी देना जरूरी है। उन्हें यह समझाना कि इन बदलावों के साथ बढ़ते हुए आत्म-सम्मान और जिम्मेदारी को भी समझे। इस समय में उसका मूड स्विंग होना, शारीरिक बदलावों से परेशान होना सामान्य है।

गुड टच और बैड टच की समझ

यह समय होता है जब बेटी को गुड टच (अच्छा छूना) और बैड टच (खराब छूना) की पहचान सिखानी चाहिए। यह सबसे उपयुक्त उम्र है जब आप उसे यह जानकारी दें कि क्या व्यवहार सही है और क्या नहीं। इसे समझना लड़की के लिए सुरक्षा की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। इस बारे में उसे यह भी समझाना चाहिए कि अगर कभी भी उसे किसी से असहज महसूस हो, तो उसे तुरंत पेरेंट्स से बात करनी चाहिए।

**किशोरावस्था के बदलाव दूसरों के शब्दों को समझना**

बेटी को यह सिखाना जरूरी है कि वह सामने वाले व्यक्ति के शब्दों और शरीर के हाव-भाव से समझ सके कि उनका इरादा क्या हो सकता है। यह उसे समाज में सुरक्षित रहने और सही निर्णय लेने में मदद करेगा। साथ ही, उसे यह भी बताएं कि किसी के शब्दों को लेकर भावनाओं को ज़्यादा तवज्जो ना दें, बल्कि उन्हें अपनी खुद की सोच और आत्मविश्वास से परखें।

**अनजान लोगों से बात करने का तरीका**

अब जब आपकी बेटी 15 साल की हो गई है, तो उसे यह सिखाना जरूरी है कि अनजान लोगों से कैसे बात करनी चाहिए। इससे उसकी संवाद क्षमता बेहतर होगी और यह उसे भविष्य में करियर बनाने में भी मदद करेगा। उसे यह भी समझाना चाहिए कि कभी भी किसी अनजान व्यक्ति को अपने व्यक्तिगत विवरण नहीं देने चाहिए, जैसे घर का पता, स्कूल का नाम आदि।

**ऑनलाइन सुरक्षा और सोशल मीडिया का सही इस्तेमाल**

आजकल के डिजिटल युग में ऑनलाइन सुरक्षा पर भी ध्यान देना बहुत जरूरी है।

15 साल की बेटी को यह सिखाएं कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के व्यक्तिगत जानकारी का शेयर करना गलत हो सकता है। उसे यह बताएं कि ऑनलाइन लोगों से बातचीत में हमेशा सतर्क रहना चाहिए, और किसी भी तरह के असामान्य संदेश या कृत्यों को इग्नोर करना चाहिए।

**जीवन में लक्ष्य और करियर के बारे में सोचने की अहमियत**

जब आपकी बेटी 15 साल की हो जाती है, तो यह समय है उसे अपने भविष्य के बारे में सोचने के लिए प्रेरित करने का।

उसे यह सिखाएं कि अपने लक्ष्यों को निर्धारित करना और उन तक पहुंचने के लिए कठिन मेहनत करना कितना जरूरी है। यह उसे आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा। उसे यह समझाएं कि जीवन में एक उद्देश्य होना चाहिए, और उस उद्देश्य की दिशा में हर दिन कुछ कदम बढ़ाने चाहिए।

**पैसे का महत्व**

बेटी को यह सिखाना कि पैसे का महत्व क्या है और उसे कैसे सही तरीके से खर्च करना चाहिए, यह भी बहुत जरूरी है।

इस उम्र में उसे अपनी आवश्यकताओं और इच्छाओं के बीच अंतर करना चाहिए और बचत के महत्व को समझाना चाहिए। यह उसे भविष्य में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेगा।

## युवा चित्रकार

गौतम एक बहुत ही मशहूर युवा कलाकार था, जो अपने चित्रों में जीवन की सुंदरता को उकेरता था। लेकिन एक दुर्घटना में उसने अपना दायाँ हाथ खो दिया। जिससे वह चित्रकारी करता था, इस घटना से वह बहुत दुखी हुआ और उसे लगा कि उसका जीवन अब बेकार हो गया है। उसने चित्र बनाना बंद कर दिया और खुद को अकेला कर लिया। लेकिन, एक दिन उसकी मुलाकात एक दृष्टिहीन व्यक्ति से हुई, जो बहुत खुश रहता था। उस व्यक्ति ने गौतम से कहा, मेरी आँखों में रोशनी नहीं है। लेकिन, मैं अपने दिल की आँखों से दुनिया देखता हूँ। हर व्यक्ति के जीवन में एक दीपक होता है जो मुश्किलों में भी रास्ता दिखाता है।

उस व्यक्ति की बातों ने गौतम के अंदर प्रेरणा भर दी। उसने अपने घर पर आकर सोचा कि मेरे पास अभी क्या हैं। गहराई से सोचने के बाद उसने पाया की उसका बायाँ हाथ अभी सही सलामत हैं। जिसको ट्रेंड करने की जरूरत हैं। उस दिन से गौतम ने अपने बाएं हाथ से चित्रकारी करना शुरू कर दिया। उसने कड़ी मेहनत और लगन से अपने बाएं हाथ को इस प्रकार से ट्रेंड किया कि उसकी चित्रकारी पहले से भी अच्छी हो गई।

**कहानी**

उसी साल उस शहर में एक सबसे बड़ी चित्रकारी प्रतियोगिता हुई। जिसमें देश-विदेश से बहुत बड़े-बड़े मशहूर चित्रकार भी आएं। उस प्रतियोगिता में गौतम भी गया था। जिसे देख उसके अन्य चित्रकार दोस्तों ने बोला-यह होता हैं चित्रकारी से लगाव, मेरे दोस्त के पास हाँथ नहीं हैं जो चित्रकारी करना भी छोड़ चुका हैं। इस समारोह में हम लोगों का हौसला बढ़ाने के लिए आया हैं। यह बहुत बड़ी बात हैं। गौतम ने अपने दोस्तों को जबाब दिया, मैं आप लोगों का हौसला बढ़ाने नहीं आया हूँ। आप लोगों से मेरा मुक़ाबला हैं। आओ देखते हैं किसमें हैं कितना दम।

उस प्रतियोगिता में गौतम ने प्रथम स्थान हासिल किया और सबको यह बता दिया कि एक रास्ता बंद हो गया तो क्या हुआ। खोजों तो सही, हजारों रास्ते मिलेंगे। इस प्रकार गौतम पहले से और अधिक लोकप्रिय हो गया जिसके कारण उसे बहुत सारे चित्रकारी करने का ऑर्डर मिलने लगा। देखते-देखते वह अपने गाँव का एक बहुत मशहूर चित्रकार बन गया।

**कहानी से शिक्षा :** जीवन में मुश्किलें आती हैं, लेकिन हमारी उम्मीद और संकल्प हमें फिर से खड़ा होने की शक्ति देते हैं।



# बच्चों को नाश्ते में बनाकर दें ये खास पराठा

अक्सर पैरेंट्स को समझ नहीं आता है कि बच्चों को क्या खिलाएं ताकि वो हेल्दी रहें। बच्चें भी खाने में बहुत ज्यादा आनकानी करते हैं। इसलिए जरूरी है कि आप खाने में ऐसी चीजें बनाकर दें जो खाने में हेल्दी होने के साथ टेस्टी हो। हम आपको ऐसे ही एक डिश के बारे में बताने जा रहे हैं। एवोकाडो पराठा। ये इतना टेस्टी होता है कि बच्चों का एक से मन से भरेगा।



**एवोकाडो खाने के फायदे :** रिपोर्ट्स की मानें तो बच्चों के लिए एवोकाडो बहुत फायदेमंद है। इनसे उन्हें भरपूर मात्रा में एनर्जी मिलती है। 6 महीने से बड़े शिशु को आप प्यूरी के रूप में एवोकाडो दे सकते हैं। इसमें मौजूद पॉलीअनसैचुरेट्ड फैट बच्चों का बेहतर विकास करता है और इससे याद्दाशत भी तेज होती है। इसके अलावा एवोकाडो में मौजूद फाइबर से पेट लंबे समय तक भरा रहता है और पाचन तंत्र भी मजबूत रहता है। अगर आपके बच्चे को खून की कमी है या वो बहुत दुबला- पतला है तब ये उन्हें एवोकाडो पराठा जरूर खिलाएं। आइए आपको बताते हैं इसकी **रेसिपी-**

**सामग्री :** एवोकाडो का पल्प पका हुआ (आधा कप), मल्टीग्रेन आटा- 1 कप, अजवाइन- 1/4 चम्मच, अदरक- 1/2 चम्मच घिसी हुई, काली मिर्च- 1/4 चम्मच, नींबू का रस- 1/2 चम्मच, धनिया (बारीक कटा हुआ)- 1 चम्मच, घी या तेल- 2 चम्मच, नमक स्वादानुसार, पानी (आटा गूंथने के लिए)।

**ऐसे बनाएं एवोकाडो का पराठा :** सबसे पहले एवोकाडो को छील लें और इसे बीच में से काटकर, इसका गूदा निकाल लें। अब इस गूदे को मैश कर लें। फिर इसमें अजवाइन, लाल मिर्च या काली मिर्च पाउडर, जीरा पाउडर, धनिया पत्ती और नमक के साथ नींबू का रस डालकर मिक्स करें। इसमें नींबू का रस डालना न भूलें वरना मिश्रण भूरे रंग का हो जाएगा। अब इसमें होलव्हीट आटा डालकर मिक्स कर लें। आटा गूंथकर 15 मिनट के लिए रख दें। अब इसके आटे से लोईयां बनाकर रोटी बेलना शुरू करें। गर्म तवे पर रोटी डालें और धीमी आंच पर दोनों तरफ से तेल या घी लगाकर सेंक लें। एवोकाडो पराठा तैयार है, बच्चे को चटनी के साथ गर्मागर्म पराठा खिलाएं।

# बच्चों को छाछ पिलाने से होते हैं ये बड़े फायदे

गर्मियों का मौसम अपने साथ तेज धूप, लू और शरीर में पानी की कमी जैसी कई परेशानियां लेकर आता है। यह मौसम जितना वयस्कों के लिए चुनौतीपूर्ण होता है, उतना ही या उससे भी ज्यादा बच्चों के लिए मुश्किल बन जाता है। बच्चे अक्सर दोपहर की धूप में खेलते हैं जिससे उन्हें लू, डिहाइड्रेशन, पेट की समस्याएं और त्वचा पर रैशेज जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। ऐसे में छाछ (बटरमिल्क) को बच्चों के खानपान में शामिल करना बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। छाछ को दही और हल्के मसालों के साथ मिलाकर बनाया जाता है। यह स्वाद में तो बेहतरीन होती ही है, साथ ही बच्चों के पाचन और संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होती है।



**बच्चों को छाछ पिलाने के मुख्य फायदे**

शरीर को ठंडक पहुंचाती है- गर्मियों में बच्चों का शरीर जल्दी गर्म हो जाता है, जिससे उन्हें चिड़चिड़ापन, थकावट और बेचैनी महसूस होती है। छाछ में कैल्शियम, पोटेशियम और विटामिन क्22 जैसे जरूरी पोषक तत्व होते हैं। जब बच्चों को छाछ दी जाती है, तो यह शरीर को अंदर से ठंडक पहुंचाती है और बच्चों को तरोताजा तथा एनर्जेटिक बनाए रखती है।

**पाचन क्रिया को मजबूत बनाती है-** गर्मी के कारण पाचन क्रिया सुस्त हो जाती है और बच्चों को पेट दर्द, गैस, कब्ज या अपच जैसी समस्याएं होने लगती हैं। छाछ में मौजूद प्रोबायोटिक्स (अच्छे बैक्टीरिया) बच्चों की पाचन शक्ति को सुधारते हैं। यह पेट की जलन और गैस की दिक्कत से राहत दिलाती है और भूख भी सही करती है।

**इम्यूनिटी बढ़ाती है-**छाछ में दही की तरह ही प्रोबायोटिक्स होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करते हैं। यह बच्चों को संक्रमण, सर्दी-खांसी और वायरल से लड़ने में मदद करती है। गर्मियों में रोज थोड़ी-सी मात्रा में छाछ पीने से बच्चों को मौसम बदलने का असर कम झेलना पड़ता है।

**डिहाइड्रेशन से बचाती है-**तेज गर्मी और पसीना आने की वजह से बच्चों के शरीर से पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी हो जाती है। यह डिहाइड्रेशन का कारण बनता है। छाछ में पोटैशियम और सोडियम जैसे इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं, जो शरीर को अंदर से हाइड्रेटेड रखते हैं। डाइटिशियन प्रांजल कुमत बताती हैं कि छाछ में मौजूद मिनरल्स और विटामिन बच्चों की गर्मी की थकावट को भी कम करते हैं।

**त्वचा की समस्याओं से राहत-** गर्मी में बच्चों की स्किन पर रैशेज, घमौरियां और जलन होना आम बात है। छाछ शरीर को अंदर से ठंडक देती है, जिससे त्वचा की जलन और घमौरियों में आराम मिलता है। छाछ में मौजूद पोषक तत्व त्वचा को हेल्दी बनाए रखते हैं और इन्फेक्शन से बचाते हैं।

बच्चों को छाछ कितनी मात्रा में देनी चाहिए?

**1 साल के बच्चे-** अगर बच्चा 1 साल या उससे ऊपर का है, तो रोजाना 70 से 100 मिलीलीटर छाछ देना ठीक है।

**2 से 5 साल के बच्चे-** इस उम्र के बच्चों को 100 से 150 मिलीलीटर छाछ दी जा सकती है।

**6 से 10 साल के बच्चे-** रोजाना 150 से 200 मिलीलीटर छाछ देना फायदेमंद होता है।

**ध्यान दें-** 1 साल से छोटे बच्चों को छाछ बिल्कुल भी नहीं देनी चाहिए, क्योंकि इसकी तासीर ठंडी होती है। साथ ही एक बार में बहुत अधिक मात्रा में छाछ पिलाने से भी बचें। इससे सर्दी-खांसी या बुखार हो सकता है।

# मोबाइल और टीवी देखने से बच्चों को कैसे रोकें?

मोबाइल फोन, टैबलेट और स्मार्ट टीवी के उदय के साथ, कई माता-पिता अपने छोटे बच्चों को स्क्रीन से दूर रखने के लिए संघर्ष करते हैं। जबकि डिजिटल डिवाइस सामयिक शैक्षिक मूल्य, अत्यधिक स्क्रीन समय की पेशकश कर सकते हैं - विशेष रूप से टॉडलर्स और प्रीस्कूलर्स के लिए - उनके सामाजिक, भावनात्मक और शारीरिक विकास में बाधा डाल सकते हैं। तो माता-पिता निरंतर संघर्ष या अपराध के बिना स्वस्थ सीमाएं कैसे निर्धारित कर सकते हैं? यह गाइड परिवारों को स्क्रीन निर्भरता को कम करने और अधिक सार्थक, तकनीक-मुक्त कनेक्शन को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए व्यावहारिक, अनुसंधान-समर्थित रणनीति प्रदान करता है।



स्क्रीन समय के लिए स्वस्थ सीमाएँ निर्धारित करना बच्चों और छोटे बच्चों के लिए स्क्रीन समय सीमित करना उनके संज्ञानात्मक, भावनात्मक और सामाजिक विकास का समर्थन करने के लिए आवश्यक है। बाल चिकित्सा विशेषज्ञ परिवार के साथ वीडियो कॉल को छोड़कर दो साल से कम उम्र के बच्चों के लिए किसी भी स्क्रीन उपयोग से बचने की सलाह देते हैं। 2-5 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए, स्क्रीन का समय प्रति दिन एक घंटे तक सीमित होना चाहिए, जो शैक्षिक और उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री पर केंद्रित हो। बड़े बच्चों को एक संतुलित दिनचर्या बनाए रखनी चाहिए, यह सुनिश्चित करना कि स्क्रीन का उपयोग नींद, शारीरिक गतिविधि, सीखने या पारिवारिक बातचीत में हस्तक्षेप न करे।

संलग्न विकल्पों को प्रोत्साहित करना बच्चों पर कब्जा करने के लिए स्क्रीन पर भरोसा करने के बजाय, माता-पिता को एक उत्तेजक, स्क्रीन-मुक्त वातावरण बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। आउटडोर खेल, एक साथ किताबें पढ़ना, पहेली, रचनात्मक शिल्प और परिवार बोर्ड गेम न केवल मनोरंजन प्रदान करते हैं, बल्कि भावनात्मक संबंध और विकासात्मक कौशल का पोषण भी करते हैं।

स्क्रीन-फ्री ज़ोन की स्थापना - जैसे बेडरूम या डिनर टेबल - और स्क्रीन-फ्री घंटे, विशेष रूप से सोने से पहले, बच्चों को हवा देने और नींद की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करता है।

उदाहरण के लिए अग्रणी और शामिल रहना माता-पिता स्वस्थ स्क्रीन की आदतों को मॉडलिंग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बच्चे अक्सर वयस्क व्यवहार की नकल करते हैं, इसलिए माइंडफुल स्क्रीन उपयोग का प्रदर्शन करते हैं और सक्रिय, गैर-स्क्रीन गतिविधियों में बच्चों के साथ संलग्न होते हैं, एक सकारात्मक उदाहरण सेट करते हैं। जब स्क्रीन उपयोग की अनुमति दी जाती है, तो सह-देखने वाले कार्यक्रम और सामग्री पर चर्चा करने से अनुभव अधिक शैक्षिक हो जाता है। स्पष्ट नियमों और सीमाओं के साथ एक पारिवारिक मीडिया योजना स्थापित करना स्थिरता सुनिश्चित करता है। यदि चुनौतियां उत्पन्न होती हैं, जैसे कि स्क्रीन की लत या व्यवहार में परिवर्तन के संकेत, माता-पिता को व्यक्तिगत मार्गदर्शन के लिए बाल रोग विशेषज्ञों से परामर्श करने की सलाह दी जाती है।



-विजय गर्ग



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**शनिवार, 17 मई 2025**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, पंचमी तिथौ शनि वासरे 29/15/ पूर्वाषाढ़ा नक्षत्रे 17/44/ सध्य योग 07/09/ कौलव करणे 17/36/ मकर राशिगत चन्द्रमा घं.24 मि.04 पर।

**मेष :** समय लाभकारी है। द्रव्य लाभ होगा। कार्यों की पूर्ति होगी। प्रयोजन समागम होगा। यश प्रप्ति होगी।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृष :** जीवनसाथी पर व्यय होगा। ऋण लेने से बचें दूसरो पर छोड़े गए कार्यों में विलंब होगा। आवेश त्यागे।

**वृश्चिक :** दांपत्य जीवन सुख मय होगा। खर्च पर नियंत्रण रखें। सम्मान का लाभ मिलेगा। पारिवारिक कष्ट रहेगा। खर्च बढ़ेगा।

**मिथुन :** नए अनुबंधों का लाभ होगा। अनावश्यक कार्य में व्यस्त रहेंगे। घरेलू विवादों। को टालें।

**धनु :** व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। संबंधों में मधुरता रहेगी।

**कर्क :** उत्तरदायित्व पूरे होंगे। महत्वपूर्ण कार्य समय से पूरे कर लें। कुछ अतिरिक्त समस्याएं बनी रहेंगी। कार्य सिद्धि का प्रसंग है। अपने प्रयास व्यर्थ न गवाएं।

**मकर :** शिक्षा के क्षेत्र में किया गया प्रयास सार्थक होगा। शासन सत्ता का लाभ मिलेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे।

**कुंभ :** सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। लाभ मार्ग प्रशस्त होगा। उधार देने से बचें जनसंपर्क में वृद्धि होगी।

**कन्या :** कार्य व्यापार में सामान्य प्रगति। पुरानी समस्याओं का समाधान। आर्थिक योजना में पूंजी निवेश कर सकते हैं।

**मीन :** महत्वपूर्ण परिचय तथा मौखिक आश्वासन का लाभ उठा सकते हैं। स्वयं की आवश्यकताओं पर व्यय करेंगे। स्वास्थ्य नरम होगा। काम में स्थिरता रहेगी।







## आज भारतीय सैनिकों का शौर्य पूरी दुनिया देख चुकी है-मयंकेश्वर शरण सिंह

### वीर भारतीय सेना के सम्मान में निकाली गई तिरंगा यात्रा

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। भारत की वीर सेना द्वारा आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के दांत खट्टे किए गए। और पाकिस्तानी आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया गया इसी क्रम में सेना के वीर जवानों के सम्मान में जिला मुख्यालय पर एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया यात्रा में मुख्य रूप से जिले के प्रभारी मंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह भाजपा प्रदेश मंत्री देवेश कोरी भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला व जनपद के विधायक , प्रबुद्ध वर्ग के गणमान्य उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा का आयोजन नगर स्थित सरोजिनी वाटिका से प्रारंभ होकर शहीद पार्क तक हुआ। इस अवसर पर मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा शहीद वीर अब्दुल हमीद की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की ।



प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने बताया कि भारतीय सेना के सम्मान में आज इस विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है इसमें जिले के कोने-कोने से राष्ट्रभक्त आए हैं और भारत की वीर सेना के प्रति सम्मान का भाव रखते हुए यात्रा में भाग ले रहे हैं। देश का प्रत्येक नागरिक आपरेशन सिंदूर में भारत की सफलता पर भारत के सैनिकों को प्रणाम कर रहा है आज भारतीय सैनिकों का शौर्य पूरी दुनिया देख चुकी है इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री देवेश कोरी ने बताया की तिरंगा भारत की शान है और आज यात्रा के माध्यम से हम सब अपनी वीर सेना को सेल्यूट कर रहे हैं उन्होंने कहा कि भारत की सेना के लिए देश के बच्चे बच्चे के हृदय में सम्मान है और वह भारत के मनोबल को हरपल बढ़ाने का कार्य करते हैं। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि देशभक्ति ही हमारी असली पहचान है हम अपने भारतवर्ष से अटूट प्रेम करते हैं और यहां की सेना हमारे लिए पूज्य है आज उसके सम्मान में जिला मुख्यालय पर तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है यात्रा में प्रबुद्ध लोगों ने बढचढ़ के भाग लिया है और इस यात्रा में शामिल लोगों के जज्बे को देखकर लगता है कि भारत का आम नागरिक अपनी सेना को अपनी जान से ज्यादा प्यार और सम्मान करता है आज की यात्रा सेना के सम्मान के लिए है। इस अवसर नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही मिश्रिख सांसद अशोक रावत ,सेवता विधायक ज्ञान तिवारी, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव महमूदाबाद विधायक आशा मौर्य सिधौली विधायक मनीष रावत, महोली विधायक शशांक त्रिवेदी, शिव कुमार गुप्ता, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय अवस्थी व्यापारी मोनू सहगल, संतोष दास खाकी, आशीष शास्त्री, विश्राम विश्रामसागर राठौर, संजय मिश्रा, रोहित सिंह, अजय विश्वकर्मा, सुधाकर शुक्ला सचिन मिश्रा, उदित बाजपेई, जया सिंह, हरिओम मिश्रा, सुनील मिश्रा, दीपू भार्गव अनुज सक्सेना सहित जनपद के राष्ट्रभक्त उपस्थित रहे।

## बारिश से पहले पूरा करें चेम्बर निर्माण कार्य- नेहा अवस्थी

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। पालिकाध्यक्ष नेहा अवस्थी ने शुक्रवार को शहर के पूर्णागिरी नगर मोहल्ले का भ्रमण किया। उन्होंने निकाय की ओर से चल रहें निर्माण कार्य का जायजा लिया। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि पूर्णागिरी नगर के लोगो को जल भराव की समस्या से निजात दिलाने के लिये पालिका प्रशासन चेम्बर का निर्माण करा रहा है। उन्होंने कार्य को बारिश से पहले पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि चेम्बर कार्य पूर्ण हो जाने के बाद काफी हद तक जल भराव की समस्या दूर हो जायेगी। पालिकाध्यक्ष ने मोहल्लेवासियों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनी और निराकरण का भरोसा दिलाया। उन्होंने बताया कि बारिश से पहले नगर के सभी नाले-नालियों की सफाई का अभियान चला कर अवरोधों को दूर किया जायेगा ताकि जल प्रवाह को सुलभ बनाया जा सकें। पूर्णागिरी नगर के निवासी डी.के.वर्मा, अरविन्द वर्मा, उत्सव तिवारी, अनिरूद्ध शुक्ला ने निकाय के कार्यो की सराहना करते हुये कहा कि मोहल्ले के लोग जल भराव से परेशान होते रहे है, विगत वर्ष पालिकाध्यक्ष ने क्षेत्र का भ्रमण कर पानी निकासी की व्यवस्था करायी थी और अब इस समस्या से पूर्णत: निजात दिलाने के लिये चेम्बर का निर्माण कराया जा रहा है। मोहल्लेवासियों ने चेम्बर निर्माण के लिये पालिकाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, श्रीमती मधु श्रीवास्तव, श्रीमती सीमा गौतम, अंजनी मिश्रा, सचिन मिश्र, आकाश सिंह आदि मौजूद रहें।



### सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से १७ मई २०२५ दिन शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक तहसील में किया जाएगा। उक्त तिथि को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील लहरपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन प्रस्तावित है।

## संजीव गुप्ता टिंचू ने किया तिरंगा यात्रा का ऐतिहासिक स्वागत

### पुष्प वर्षा के साथ किया लड्डू व पानी का विरतण

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। पुलवामा हमले के बाद भारतीय सेना के द्वारा जो अदम्य साहस का परिचय देते हुए पाकिस्तानी आतंकवादी व पाकिस्तानी सेना को सबक सिखाने के बाद सेना के सम्मान में निकली जा रही तिरंगा यात्रा का छात्र युवा नेता व भाजपा कार्यकर्ता संजीव गुप्ता टिंचू ने स्थानीय टाउन हाल गेट पर पुष्प वर्षा व लड्डू ,पानी वितरण के साथ ऐतिहासिक स्वागत किया इस दौरान संजीव गुप्ता टिंचू के साथियों के भारत माता की जय ,बन्दे मातरम के गगन वेदी नारो के साथ तिरंगा यात्रा में शामिल लोंगो का स्वागत किया । इस दौरान पूर्व छात्र नेता के सी लाला,सन्तोष गुप्ता,राकेश शुक्ला ,सुनील श्रीवास्तव ,शरद वर्मा ,डालडा, वेदी,अमूल्य शुक्ला,डब्लू,पंकज अवस्थी ,धर्मेन्द्र,रवि गुप्ता,चिन्टू, आशू सिंह ,श्याम जी,अनिल गुप्ता,राहुल गौतम,विबेकराजेन्द्र गौतम मेहरोत्रा ,अंशुल तिवारी,शिवम मिश्रा, विबेक श्रीवास्तव,शिवम शर्मा सहित सैकड़ों समर्थक मौजूद थे।



## चकबंदी प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए-अभिषेक आनंद

### चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में चल रहे सभी चकबंदी कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि चकबंदी प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए एवं पारदर्शिता बनाए रखते हुए किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन गाँवों में चकबंदी का कार्य लंबित है, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य प्रारंभ किया



जाए। भूमि विवादों, अभिलेखीय त्रुटियों तथा किसानों की आपत्तियों का समाधान तेजी से कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि फील्ड स्तर पर अधिकारी सक्रिय रहें और किसानों से संवाद बनाकर विश्वासपूर्वक कार्य करें। कार्यों की गुणवत्ता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि में चकबंदी पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाय। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी प्रक्रियाओं में चकबंदी निदेशालय के निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि चकबंदी संबंधी कार्य जिन गांवों में क्रियाशील है वहां प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि चकबंदी न्यायालय में लम्बित वादों को समय से निस्तारित किया जाये। पुराने वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सैन्य भूमि पर रोपित पौधों का राज्यमंत्री ने किया निरीक्षण, दिये निर्देश

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग ने बताया कि अरूण कुमार सक्सेना, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा सैन्य भूमि १७८ प्लाट-१ व २ पर पूर्व में रोपित पौधों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रोपित किये गये पौधों की सफलता मानक के अनुरूप पायी गयी। राज्यमंत्री द्वारा यह कहा गया कि रोपित पौधों में सिंचाई व सुरक्षा की समुचित व्यवस्था अच्छी है। राज्यमंत्री द्वारा वृक्षारोपण को सफल बनाने एवं उनकी सुरक्षा आदि के सम्बन्ध में यह भी निर्देश दिये गये कि आगे भी वृक्षारोपण का इसी तरह से ध्यान देते हुये रोपित किये गये अन्य वृक्षारोपण स्थलों का भी मानक के अनुरूप सफल बनाये रखा जाये तथा अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर रोपित किये गये पौधों की सुरक्षा एवं सिंचाई व्यवस्था के लिये उन्हे भी प्रेरित किया जाये। वृक्षारोपण जन महाअभियान २०२५-२६ को सफल बनाने के लिये जनसहभागिता का पूर्ण सहयोग प्राप्त कर जोर-शोर से वृक्षारोपण महाभियान को सफल बनाने का भरपूर प्रयास किया जाये, जिससे वर्तमान में हो रहे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम किया जा सके। उक्त कार्यक्रम में विकास यादव, प्रभागीय वनाधिकारी सुयश श्रीवास्तव, क्षेत्रीय वनाधिकारी, व अन्य स्टाफमौके पर उपस्थित रहे।



## केन्द्रीय विद्यालय की अवनी ने कक्षा 12 में प्राप्त किये 90.88 प्रतिशत अंक

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटो से कम नही है हर क्षेत्र में अपना जलवा बिखेर कर माता-पिता व गुरूजनो का नाम रोशन करने में पीछे नही है। इसी को चरितार्थ करते हुये आर.आर.डी इण्टर कालेज के गणित अध्यापक स्व.अशोक शुक्ला की पौत्री व धीरेन्द्र शुक्ला की पुत्री अवनी शुक्ला में केन्द्रीय विद्यालय में १२वी क्लास में ९०.८८ प्रतिशत अंक पाकर सभी का नाम रोशन करने का काम किया है। अवनी ने इसके पूर्व में कई क्षेत्रो में अपना रूतबा बिखेरा वो चाहे खेलो इंडिया वूमेन एस लीज स्टेट में सिल्वर पाने का हो या फिर नेशनल में मेडल का। अवनी शुक्ला ने रीजनल लेवल पर चौंपियन शिप में तीन बार गोल्ड मेडल। सीतापुर जिला चौंपियन शिप में १००मीटर में गोल्ड। युवा कल्याण एवं शिक्षा विभाग से तीन बार गोल्ड मेडल। मण्डल में गोल्ड। जोन में गोल्ड मैडल हासिल किया था।




## डाक सेवाओं से सम्बन्धी शिकायतों का निस्तारण तत्काल किया जाये-पुरुषोत्तम नाथ

सीतापुर (स्वतंत्र भारत)। डाक सेवाओं को ग्राहकोमुखी बनाने और शिकायत निवारण तंत्र को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से कार्यालय अधीक्षक डाकघर सीतापुर मण्डल में डाक सेवा समाधान दिवस का आयोजन अधीक्षक डाकघर सीतापुर मण्डल द्वारा किया गया। जिसके अन्तर्गत सीतापुर जनपद के आम जनमानस एवं ग्राहकों द्वारा उल्लास दिखाते हुए भाग लिया गया तथा अपनी-अपनी शिकायतों से अधीक्षक डाकघर को व्यक्तिगत रूप से अवगत कराया गया। इस अवसर पर डाक अधीक्षक पुरुषोत्तम नाथ ने अवगत कराया कि १६ मई को ६ ग्राहकों ने डाक सेवा समाधान दिवस में अपनी शिकायत दर्ज करायी जिसमें से ०२ शिकायतकर्ता की समस्या का निराकरण तत्काल करते हुए उनका भुगतान सम्बन्धित डाकघर से करा दिया गया। जबकि अन्य ०४ शिकायतों का निस्तारण शीघ्र ही जांचोपरान्त कराने का आश्वासन दिया गया। अधीक्षक डाकघर द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि ग्राहकों से प्राप्त होने वाली शिकायतों का समाधान प्रत्येक स्थिति में तत्काल प्रभाव से किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। ग्राहकों को डाकघर की योजनाओं से किसी प्रकार असुविधा न हो इसका भी ध्यान रखा जायेगा। यह भी सूच्य है कि अगला डाक सेवा समाधान दिवस को प्रात: ०८ बजे से ११ बजे तक मण्डलीय कार्यालय सीतापुर में आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर सीतापुर मण्डल के सहायक डाक अधीक्षक उत्तरी उपमण्डलीय डाक निरीक्षक, परिवाद निरीक्षक, जनसम्पर्क निरीक्षक प्रधान डाकघर एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत पात्रों को लाभान्वित किया जाये-हर्ष मवार

सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार ने बताया कि शासनादेश १८ अक्टूबर, २०२२, निदेशालय समाज कल्याण उ०प्र० के पत्र दिनांक १३ अगस्त २०२४ एवं सचिवालय मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के पत्रांक १७ मार्च २०२५ में उल्लिखित व्यवस्थानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत जनपद सीतापुर में प्रतियोगियों हेतु नि:शुल्क संचालित कोचिंग कक्षाओं के सत्र २०२५-२६ में कक्षाओं का आरम्भ ०१ जुलाई २०२५ से किया जाना है, कक्षाओ में अध्यापन एवं मार्गदर्शन कार्य हेतु वार्ताकारों, प्रवक्ताओं/ व्याख्याताओं एवं विषय विशेषज्ञों की आवश्यकता है, जिसका विषयवार विवरण निम्नवत् हैं कि यू०पी०एस०सी० / यू०पी० पी०एस०सी० -प्राचीन इतिहास, मध्यकालीन इतिहास, आधुनिक इतिहास, विश्व इतिहास, आर्ट एण्ड कल्चर, भूगोल, भारतीय राज व्यवस्था, भारतीय अर्थव्यवस्था, इन्टरनल सिक्योरिटी, वैश्विक सम्बन्ध, एथिक्स, भारतीय समाज, करेन्ट अफेयर्स, इन्वायरमेंट एण्ड डिजास्टर मैनेजमेंट, करेन्ट अफेयर्स, जनरल साइंस एण्ड टेक्नालाजी, यूपी स्पेशल, सेन्सस एण्ड जी० के०, सीसेट क्राम प्रिहेन्शन , इण्टरपर्सनल स्कील्स एण्ड कम्युनिकेशन, लाजिकल रीजनिंग एण्ड एनालिटिकल एबिलिटी, डिसिशन मेकिंग (निर्णय क्षमता एवं समस्या समाधान), सामान्य बौद्धिक क्षमता, तार्किक कौशल एवं विश्लेशणात्मक क्षमता, संचार कौषल सहित अंतर-वैयक्तिक कौशल, बोधगम्यता, एलिमेन्टरी मैथ्स, जनरल इंग्लिश, जनरल हिन्दी, २- जे० ई०ई०-मैथ्सए भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, ,नीट-भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, ४-एन०डी०ए०/सी०डी०एस-मैथ्सए इंग्लिश, जी०के०, जनरल साइंस। निदेशालय समाज कल्याण उ०प्र० के पत्र संख्या १३ अगस्त २०२४ के अंतर्गत निर्गत मानक संचालन प्रक्रिया में वर्णित व्यवस्थानुसार सिविल सेवा तथा पी०सी०एस० के लिए विश्वविद्यालय, राजकीय डिग्री कालेज के शिक्षक तथा आई०ए०एस० (मुख्य) परीक्षा अथवा पी.सी०एस० (साक्षात्कार) अथवा दो बार पी०सी०एस० (मुख्य) परीक्षा में शामिल हुए अभ्यर्थी अतिथि व्याख्याता के रूप में विशेषज्ञ चयन समिति की अनुशंसा से प्रशिक्षण केन्द्रों में सूचीबद्ध किए जायेंगे। नीट पाठ्यक्रम हेतु संबंधित विषय में एम०एस०सी० (प्रथम श्रेणी) अथवा एम०बी०बी०एस० तथा जे०ई०ई० के लिए संबंधित विषय में एम०एस०सी० (प्रथम श्रेणी) अथवा एम०टेक की डिग्री धारण करने वाले अभ्यर्थी अतिथि व्याख्याताओं के रूप में चयनित किये जायेगे। आवेदन करने की तिथि ०१ से १५.०५.२०२५ तक थी, जिसे विस्तारित/बढ़ाकर २४.०५.२०२५ किया जाता है।

## पत्रकारों की समस्याओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार- विमर्श 18 मई को

बिसवां-सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। पत्रकारों की समस्याओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार- विमर्श तथा चिंतन के लिए बिसवां के स्वर्गीय हरगोविंद वर्मा केन यूनियन हाल में आगामी १८ मई को राज्य सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पंजीकृत की जिला इकाई सीतापुर के बैनर तले उक्त कार्यक्रम संपन्न होगा। दो चरणों में होने वाले इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक का मुख्य अतिथि के रूप में आगमन हो रहा है। कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही, क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा, वित्तीय एवं प्रशासनिक विलम्ब समिति व एमएलसी पवन सिंह चौहान, संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास रेड्डी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएन सिन्हा, राष्ट्रीय महामंत्री बलविंदर सिंह जम्मू, प्रदेश अध्यक्ष डा. राजेश त्रिवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रगुप्त श्रीवास्तव, प्रांतीय महामंत्री रमेश शंकर पाण्डेय के अलावा जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, समाजसेवी व भारतवर्ष के कई राज्यों से पत्रकार भाग ले रहें हैं। कार्यक्रम आयोजक व वरिष्ठ पत्रकार सिराज अहमद ने बताया कि प्रोग्राम के प्रथम चरण में राज्य सम्मेलन के अंतर्गत आए हुए अतिथियों का स्वागत,सम्मान एवं जिला अध्यक्ष सीतापुर द्वारा पत्रकारों से संबंधित प्रस्ताव के बाद शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह संपन्न होगा। द्वितीय चरण में उत्तर प्रदेश राज्य समिति की कार्यकारिणी का गठन होगा। साथ ही पत्रकार साथियों के अलावा विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। आयोजक सिराज अहमद ने कार्यक्रम को सफल बनाने का आवाह्न करते हुए बड़ी संख्या में पत्रकारों से पहुंचने की अपील भी की है।

## विवाहिता ने ससुराली जनों पर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

मिश्रित-सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। मिश्रित देहात के गौतम नगर निवासिनी रेखा देवी उर्फ बबली पत्नी प्रदीप कुमार ने प्रभारी निरीक्षक को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी शादी हिंदू रीति रिवाज से बीते २ वर्ष पहले हुई थी । वह दो मांह पहले अपने मायके गौतम नगर आई हुई थी । तभी दिनांक १३ मई को लग भग सायं ५ बजे ससुराली जन बराती पुत्र शंकर , माल्ती पत्नी बराती , सूरज पुत्र बराती , निर्मल पुत्र बराती , पूनम पुत्री बराती माइके आकर पीड़िता व उसके पति को जमकर मारा पीटा जिससे दोनों लोगों को गंभीर चोटें आई हैं । पीड़िता का आरोप है कि ससुराली जन दहेज में एक प्लाट बुलट मोटर साइकिल व २ लाख रुपए की नगदी मांग रहे हैं । परंतु मायके वाले इतना दहेज दे पाने में सक्षम नहीं है । उन्होंने अपनी सामर्थ के अनुसार दान दहेज दिया था । पीड़िता का आरोप है । इस मारपीट के दौरान ससुर बराती बक्से का ताला तोड़कर ५० हजार रुपए की नगदी उठा ले गए हैं । इसके एक मांह पहले ७० हजार रुपए की नगदी घर से उठा ले गए थे । पीड़ित महिला ने मांमले का शिकायती पत्र प्रभारी निरीक्षक को देकर सभी आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की हैं ।

## देश के जाबांज सैनिकों के सम्मान में 19 मई को निकाली जायेगी विशाल तिरंगा यात्रा

महमूदाबाद-सीतापुर(स्वतंत्र भारत)। विभिन्न शैक्षिक, सामाजिक संगठनों, एनसीसी, एनएसएस तथा भारत स्काउट एवं गाइड्स द्वारा आपरेशन सिन्दूर, के तहत अपने शौर्य, वीरता, पराक्रम को दिखाने वाले देश के जाबांज सैनिकों के सम्मान में १९ मई सोमवार को महमूदाबाद में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। आयोजक मंडल की ओर से जानकारी देते हुए बताया गया कि १९ मई को सुबह आठ बजे रामकुंड चौराहे पर भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ तिरंगा यात्रा का शुभारंभ होगा। जाति, मजहब और राजनैतिक सोंच से हटकर देशहित में इस आपरेशन सिन्दूर तिरंगा यात्रा में सभी से शामिल होने की अपील की गई है। यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

# सरकार सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों के सुरक्षित व सम्मानजनक जीवन के लिए उठा रही ठोस कदमः मंत्री

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** केन्द्रीय राज्य मंत्री उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता बीएल वर्मा ने आज नमस्ते (मशीनकृत स्वच्छता पारिस्थितिकी तंत्र के लिए राष्ट्रीय कार्यवाही) योजना के तहत सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों (एसएसडब्लू) को पीपीई किट, आयुष्मान कार्ड एवं सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम का जीआईसी ऑडिटोरियम निकट इस्लामिया इंटर कॉलेज में दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया।



इस अवसर पर मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री ने सामाजिक न्याय की भावना को साकार करते हुए यह सोचा कि कोई भी देश का नागरिक भूखा ना रहे, इसलिए प्रत्येक जरूरतमंदों के लिए 5 किलो निशुल्क राशन वितरण की व्यवस्था की। सफाई मित्रों को उनके परिवारिजनों के हित को ध्यान में रखते हुए विभिन्न योजनाएं चलायी, जिनसे सफाई मित्र ऋण प्राप्त कर अपने कार्य क्षेत्र की मशीने आदि क्रय कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने घर, पार्क, आस-पास की सफाई के साथ ही कार्यालयों में लंबित कार्यों को भी समाप्त करना चाहिए। उन्होंने बताया कि 73768 सीवर और सेप्टिक टैंक कर्मचारियों को चिन्हित किया गया है, 45878 कर्मियों को पीपीई किट वितरित की जा चुकी है, पांच लाख तक के निशुल्क इलाज हेतु 27 हजार से ज्यादा कर्मियों को आयुष्मान कार्ड वितरण व कर्मियों को सुरक्षा उपकरण किये जा रहे हैं।

इस अवसर पर महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सरकार सफाई मित्रों के कार्य का सम्मान करती है, सफाई का कार्य मुख्यतः मशीने से हो और यदि सफाई मित्र कार्य करते हैं तो पूरी सुरक्षा और सतर्कता के साथ कार्य करें यह सरकार की प्राथमिकता है।

नमस्ते योजना के अन्तर्गत नगर निगम बरेली, नगर पालिका परिषद फरीदपुर, नगर पालिका परिषद बहेड़ी नगर पालिका परिषद मीरगंज, नगर पंचायत मोहनपुर ठिरिया, नगर पंचायत फतेहगंज पश्चिमी, नगर पंचायत रिछा, नगर पंचायत धौराटांडा ,नगर पंचायत सिरौली, नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी एवं नगर पंचायत बिशारतगंज कर्मचारियों को पीपीई किट वितरण किया गया।

इस अवसर पर बरेली जनपद के अजय कुमार, अकबर हुसैन, अनुज कुमार शर्मा, गौरव, गोविन्द कुमार, ईश्वरी प्रसाद, मनोज कुमार, मो सैफी, प्रदीप यादव, राहुल कुमार, राजपाल सिंह, राजू भारती को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। जनपद शाहजहांपुर व जनपद पीलीभीत के कर्मचारियों को को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया।

## चार लापता किशोर दिल्ली से बरामद

**बरेली।** कई दिनों से लापता चल रहे चार किशोरों को पुलिस ने दिल्ली के एक सुधार आश्रय गृह से बरामद करते हुए उनके परिजनों के हवाले कर दिया सीबीगंज थाने के गांव मथुरापुर निवासी रोहित पुत्र वीरेंद्र और उसके दोस्त ऋतिक पुत्र संजय, विजय पुत्र धारा सिंह,आयुष पुत्र सुनील कुमार को पुलिस ने आज उनके घर वालों के हवाले कर दिया रितिक की मां गुड्डी में 11 मई को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए गांव के ही रहने वाले भगवान दास और ऋतिक पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए अपने बेटे रोहित और उसके दोस्तों को अगवा करने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत की थी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोर को तलाशने की कोशिश की तो उन्हें दिल्ली के रेन बसेरा शहरी आश्रम सुधार बोर्ड से बरामद कर लिया पूछताछ के दौरान बरामद किए गए किशोरों ने बताया कि वह स्वयं ही लाल किला देखने को घर से निकले थे पुलिस ने आज चारों किशोर को उनके परिजनों के हवाले कर दिया

# नगर निगम ने चलाया कुतुबखाना से चौपला तक अतिक्रमण हटाओ अभियान

## दोबारा अतिक्रमण न करने की दी हिदायत



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** शहर में सड़क किनारे हो रहे अतिक्रमण को लेकर नगर निगम कुतुबखाना से चौपला चौराह तक चलाया अतिक्रमण अभियान जिसमें प्रवर्तन दल साथ में रहा। नगर निगम के राजस्व निरीक्षक नीरज कुमार गंगवार ने बताया कुतुबखाना से चौपला रोड पर शिकायत आ रही थी कि रोड किनारे अतिक्रमण होने की वजह से रोड पर जाम लग रहा है इसलिए कुतुबखाना



से चौपला चौराह तक अतिक्रमण अभियान चलाया जा रहा है साथ सड़क की साइडों में लगे बेनर होडिंग भी हटाए जा रहे हैं लोगो को हिदायत दी कि दुकानों के सामने अतिक्रमण नहीं करे नहीं तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

# रामगंगा में डूबकर सुरक्षा गार्ड की मौत, परिवार में मचा कोहराम

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली/फरीदपुर।** गांव के पास बहने वाली रामगंगा नदी में नहाते समय पानी में डूब कर एक सुरक्षा गार्ड की मौत हो गई उसकी लाश दूसरे दिन शुक्रवार सुबह नदी में तैरती पाई गई पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव गौसगंज सराय निवासी वकील अहमद पुत्र जहीर अहमद की लाश आज सुबह फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव खल्लपुर में रामगंगा पर बने आधे पुल के पास पानी में तैरती पाई गई मृतक के घर वालों ने बताया कि वकील अहमद केसरपुर स्थित नवीन, प्रवीण के फार्म हाउस में सुरक्षा गार्ड के तौर पर काम करते थे और कल शाम को गर्मी होने के कारण वह रामगंगा में नहाने के लिए गए थे लेकिन वह वापस नहीं लौटे पता चलने पर घर के लोगों ने उन्हें गंगा में तलाशने की कोशिश की लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली तब घटना की जानकारी पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों और गोताखोरों की मदद से उसकी लाश को रामगंगा में तलाशने की कोशिश की लेकिन उसे भी सफलता नहीं मिली आज सुबह लगभग 7 बजे लोगों ने अहमद की लाश को नदी में तैरते देखा और घटना की जानकारी पुलिस को दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से लाश को पानी से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जाच शुरू कर दी मृतक की पत्नी का नाम बानो बेगम है वह 6 बच्चों का पिता था।

# क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर रोकथाम के लिए व्यापार मंडल ने थाना प्रभारी को दिया ज्ञापन



-स्वतंत्र भारत-

**भुता।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामों में लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं से निराश ग्रामीणों ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियो के साथ मिलकर थाना प्रभारी को दिया ज्ञापन।

इन दिनों क्षेत्र में चोरों के हौसले काफी बुलंद हो गए हैं। रात्रि में चोरों का गैंग एक गांव में चार चार घरों को निशाना बना रहा है। मगर पुलिस के हाथ अभी भी चोर पकड़ने में खाली हैं। पुलिस अभी तक एक भी चोरी का खुलासा नहीं कर सकी है।

जिसके कारण ग्रामीणों में पुलिस के खिलाफ काफी आक्रोश है। लगातार बढ़ती चोरी से भयभीत ग्रामीणों ने आज उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी के साथ मिलकर थाना प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह को एक ज्ञापन दिया है।

और कहां है अगर जल्द ही क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं हुआ। तो हम सब मिलकर प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करेंगे। इस मौके पर शोभित सक्सेना, दीपक सेठ, राजा सेठ, पंकज अग्रवाल, अमरजीत सिंह बक्शी व तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु समर कैम्प आयोजन आवश्यकः वैशाली जौहरी

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** लायंस विद्या मंदिर में परीक्षाफल घोषित होने के बाद समर कैम्प का शुभारंभ किया गया। समर कैम्प 2025 का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्य वैशाली जौहरी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। प्रधानाचार्य वैशाली जौहरी ने कहा कि स्कूल में आयोजित समर कैम्प बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अति आवश्यक है, जिसके लिए स्कूल की शिक्षिकाओं द्वारा समर कैम्प में योग, एरोबिक मेडिटेशन, फैब्रिक पेंट, ड्रॉइंग, नान फायर कुकिंग, जुम्बा, नृत्य एवं आउट डोर खेलों के साथ - साथ बच्चों की जीवन शैली को बेहतर बनाने की भी क्लासेस को शामिल किया गया है। प्रधानाचार्य वैशाली जौहरी ने कहा कि समर कैम्प हेतु अंशिका, सलोनी, आयुशी, कामना, विनीता, भगवती, कोमल, दीप्ति, अंजू, शालिनी, सिमरन, आंचल, रुचि, शिखा, आरती, रेनु, नीतू, मीनाक्षी, शिवांगी, साधना एवं गुंजन आदि ने अपना अभूतपूर्व सहयोग प्रदान किया है।

स्कूल द्वारा आयोजित कैम्प की तारीफ करते हुए स्कूल मैनेजर सतीश अग्रवाल ने भी छात्र एवं छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु प्रधानाचार्य एवं शिक्षिकाओं द्वारा समर कैम्प के प्रयासों हेतु सराहना की। इस अवसर पर बच्चों ने जोश एवं खुशी के साथ समर कैम्प में बढ़ चढकर हिस्सा लिया।

## खबर एक नजर

### आंवला पुलिस ने अभियान के दौरान दबोचे दो सटोरिए

**आंवला।** चौकी इंचार्ज सचिन कुमार व हेड कांस्टेबल महेश चंद्र क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक गस्त कर रहे थे, गस्त के दौरान सूचना मिली कि मोहल्ला फूटा दरवाजा के निकट दो व्यक्ति सट्टे की खाईबाड़ी कर रहे हैं। जब वे वहां पहुंचे तो उन्होंने मुखबिर के इशारे और सूचना के आधार पर दो व्यक्तियों को दबोच लिया। उनके पास से सट्टे से जुड़ी वस्तुएं बरामद हुई हैं। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में उन्होंने अपना नाम हैदर अली पुत्र नुसरत अली निवासी मोहल्ला फूटा दरवाजा व इमरान उर्फ बबलू पुत्र हफीस मोहल्ला फूटा दरवाजा बताया।आंवला पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

### ससुरालियों ने पार की हैवानियत की हद, दहेज उत्पीड़न की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

**आंवला।** गांव खनगावाँ श्याम के रहने वाले ग्रामीण ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी करीब डेढ़ वर्ष पूर्व रामपुर जिला के गांव ठाकुरद्वारा के कमल उर्फ ऋषभ पुत्र बृजपाल सिंह के साथ हिंदू रीति रिवाज से की थी। जिसमें काफी दान दहेज दिया गया। मगर ससुराल पक्ष के लोग इतने पर संतुष्ट नहीं थे। वह उसे और अधिक दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करने लगे। मार्च के महीने में उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। वह अपनी बेटी को जैसे-जैसे बुला कर लाया। उन्होंने समझाने का प्रयास किया मगर आरोपित नहीं माने। इसके अलावा उसने आरोप लगाया कि आरोपियों ने उसकी बेटी के आपत्तिजनक वीडियो बना लिए है। जिन्हें भेज कर वह ब्लैकमेल कर रहे हैं। इसके अलावा अन्य गंभीर आरोप लगाए है। आँवला पुलिस ने उनकी शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह का कहना है कि मुकदमा पंजीकृत किया जा चुका है जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### दावत में आए युवक की बाइक बारातघर से चोरी

**बरेली।** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के दया बारातघर में दावत में शामिल होने आए एक युवक की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित रामनाथ कश्यप, पुत्र रामस्वरूप गांव कांधरपुर थाना कैंट निवासी बुधवार रात करीब 8:57 बजे दावत में पहुंचे थे। इसी दौरान बारातघर के बाहर खड़ी उनकी काले रंग की सुपर स्प्लेंडर (नं. यूपी25 सीएफ 6098) बाइक अज्ञात चोर उठा ले गया। घटना की जानकारी मिलते ही रामनाथ ने तत्काल सुभाषनगर थाने में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि बाइक चोरी की घटना सुभाषनगर बदायूं रोड दया बारातघर के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर बाइक बरामद करने का दावा किया जा रहा है। बढ़ती चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है।

### आरोपी ने सीने पर रखा तमंचा, सिर पर किया प्रहार, कप्तान से की शिकायत

**बरेली।** एक महिला ने मीरगंज पुलिस की शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से करते हुए तहरीर दी है। मीरगंज के ग्राम सिंधोली निवासी राजवती पत्नी राम प्रकाश ने बताया कि 15 मई को छत्रपाल पुत्र मिठाई लाल, राहुल पुत्र छत्रपाल, रामदेई ने एक राय होकर प्रार्थनी के खेत की मेड़ काट कर अपने खेत मे मिला ली। आरोप है कि इस बात का विरोध जताने पर दबंगों ने घर से खींचकर मारपीट की व धारदार हथियार से सिर में प्रहार कर दिया। इसके बाद सीने पर अवैध तमंचा रख कर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि जब पीड़िता जान बचाकर थाने पहुँची तो पुलिस ने कार्यवाही की जगह उल्टा पीड़िता के पति को ही थाने में बैठा लिया। पीड़िता ने कप्तान से कार्यवाही की मांग की है।

### रंजिश में जलाई लाखों की फसल, पुलिस बना रही समझौते का दबाव


**बरेली।** मामला ग्राम भीकमपुर थाना बहेडी जिला बरेली का है। जहां पर हरपाल के खेत में लिपटिस व आम व जामुन व नीम के लगभग 150 पेड़ लगे थे जिसकी कीमत लगभग 8 लाख रूपये थी तथा बराबर में गन्ने की पेड़ी का खेत था जिसे पड़ोस के नवनीत सिंह व संदीप सिंह पुत्र सुदम सिंह ने 13 मई को समय करीब दोपहर 3 बजे पराली डालकर रंजिशन आग लगा दी जिससे पीड़ित के पेड़ व गन्ने की फसल जल गयी। सूचना पाकर पीड़ित हरपाल खेत पर पहुंचा तो उसने देखा कि उनके पेड़ व गन्ने की फसल जल गयी है। जिस पर पीड़ित नें खेत जोत रहे नवनीत सिंह व संदीप से पूछा कि तुमने हमारे पेड़ व फसल क्यों जला दिये जिस पर नवनीत सिंह व संदीप सिंह पुत्र सुदम सिंह व अनुनय सिंह पुत्र जसवीर सिंह आग बबूला हो गये और मां-बहन की गन्दी गन्दी गालियां देते हुये मारपीट पर उतारू हो गए और कहा अभी तो पेड़ो की जलाया है अगर ज्यादा बोलोंगे तो तुम्हे भी जला देंगे। पीड़ित ने इस बात का विरोध किया तो उक्त विपक्षीगण पीड़ित के साथ गाली गलौज व मारपीट करने लगे और ट्रैक्टर में रखी लोहे की राड व फावड़ा निकालकर जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित का आरोप है घटना के सम्बन्ध में थाना पुलिस से शिकायत की परंतु पुलिस द्वारा उन पर समझौता कराने का दबाव बनाया जा रहा है और कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। पीड़ित ने शुक्रवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने मिलकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

# दुस्साहसः युवक ने अपनी पत्नी को मकान से लटकाया नीचे,बाल-बाल बची महिला की जान

## पति ने क्रूरता की सभी हदें की पार

-स्वतंत्र भारत-

**आंवला।** नगर क्षेत्र के लठैता मोहल्ले में एक युवक ने अपनी पत्नी के साथ जमकर मारपीट की। हद तो जब हो गई जब उसने अपनी पत्नी को घर की छत से उल्टा लटका दिया।और बचाने गये लोगों से भी गाली-गलौच की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर हड़कंप मच गया।



बदायूं जनपद के थाना वजीरगंज क्षेत्र के रहने वाले महिला के भाई रघुनाथ सिंह की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। रघुनाथ ने आंवला पुलिस से शिकायत कर बताया कि उन्होंने लगभग 12 वर्ष पहले अपनी बहन डॉली का विवाह आंवला के लठैता मोहल्ला निवासी नितिन सिंह के साथ किया था। नितिन शराब पीने का आदी है और आए दिन उसकी बहन के साथ मारपीट करता था। हम लोगों ने कई बार उसे समझाने का प्रयास किया,लेकिन उसकी आदतों में कोई सुधार नहीं आया। 13 मई की रात करीब 10 बजे नितिन ने डॉली को बुरी तरह से पीटा और उसे घर की छत से उल्टा लटका दिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और उन्होंने समय रहते डॉली को पकड़ लिया,जिससे उसकी जान बच गई। इस घटना में डोली को गंभीर चोटें आई हैं। रघुनाथ सिंह की शिकायत पर आंवला पुलिस ने नितिन कुमार,अमित कुमार और दो अन्य महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अपनी पत्नी को इस तरह से लटकाने को लेकर लोगों में बेहद आक्रोश है, संभावना जताई जा रही है कि उक्त प्रकरण में दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी ,महिला आयोग भी संज्ञान ले सकता है।

# ऑपरेशन सिंदूरः भारतीय सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में एवं भारतीय सेनाओं के सम्मान में आयोजित भारत शौर्य तिरंगा यात्रा नवाबगंज विधानसभा में बड़ी भव्यता व बहुत बड़ी संख्या में निकाली गयी। भारत शौर्य तिरंगा यात्रा श्री कृष्णा इंटर कॉलेज से प्रारंभ करते हुए बाजार से होते हुए पटेल चौक पर समापन हुआ। हजारों की संख्या में एकत्र हुए लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर हिंदुस्तान जिंदाबाद, भारत माता की जय, भारतीय सेना की जय के नारे लगाए। यात्रा में पूर्व सैनिक, एनसीसी के लोग,सिविल सोसाइटी के लोग, प्रबुद्ध वर्ग, व्यापारी, विभिन्न कॉलेजो के छात्र-छात्रायें, शिक्षकगण, अधिवक्ता, सामाजिक संस्था व ब?ी संख्या में महिलायें व क्षेत्र की जनता ने भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में भाग लिया व हाथों में तिरंगा लेते हुए भारत माता की जय के नारों ने देश प्रेम के प्रति उत्साह व जोश कई गुना बढ़ा दिया।



यात्रा में सम्मिलित भाजपा जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने कहा की भारत के आन बान शान व शौर्य और पराक्रम का प्रतीक है यह तिरंगा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर हर भारतीय को गर्व है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों को जड़ से खत्म करने का काम किया है। हमारी भारतीय सेना का शौर्य पूरी दुनिया देख चुकी है। भारत माता के वीर सपूतों के रहते देश की सरहद को कोई आंख नहीं दिखा सकता। यात्रा में सम्मिलित एमएलसी डॉ जयपाल सिंह व्यस्त ने कहां कि यह भारत शौर्य तिरंगा यात्रा भारतीय वीर सपूतों व भारतीय सेना के शौर्य को सलाम करने के लिए निकाली गई है।

भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में प्रमुख रूप से एमएलसी डॉ जयपाल सिंह व्यस्त, जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, विधायक डॉ एमपी आर्य, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, पवन शर्मा, रविन्द्र सिंह राठौर, राजकुमार शर्मा, पूरण लाल लोधी, विमला शुक्ला, श्रुति गंगवार, नीरेंद्र सिंह राठौर, वीरपाल गंगवार, मेघनाथ सिंह कठेरिया, पूर्व सैनिक जमुना प्रसाद, वीर सिंह, मेवाराम, हरपाल, हरिशंकर गंगवार, चंचल गंगवार, अजय सक्सेना, अंकित माहेश्वरी, राहुल साहू, अभय चौहान, ब्लॉक प्रमुख डॉ आशुतोष गंगवार आदि उपस्थित रहे।

# मलूकपुर की १२० मीटर की अधूरी सड़क का निर्माण कार्य अधर में

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** नगर निगम द्वारा मलूकपुर से लेकर जसौली तक कि मुख्य सड़क का निर्माण किया गया था,परन्तु मलूकपुर स्थित दीपक जरनल स्टोर से लेकर खाने के होटल तक कि लगभग 120 मीटर सड़क को अधूरा छोड़ दिया गया था,जिसको लेकर जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खां वारसी ने 30 दिसम्बर 2024 को मेयर डॉ उमेश गौतम से मिलकर ज्ञापन देकर सड़क का पूरा निर्माण कराने की मांग की थी जिस पर मेयर उमेश गौतम ने सड़क निर्माण के आदेश दिये थे, लेकिन 5 महीनों का समय बीतने के बाद भी अधूरी सड़क का निर्माण नही हो पाया है,जिस कारण सड़क पर गड्डो में चलने को राहगीर मजबूर हैं।



इधर-उधर से सड़क ऊँची होने से 120 मीटर की सड़क नीची होने से जलभराव की समस्या का भय बना हुआ है, बारिश के चलते यहाँ अधिक जलभराव होगा। जनसेवा टीम के अध्यक्ष समाजसेवी पम्मी खां वारसी ने नगर निगम के अधिकारियों एवं मेयर डॉ उमेश गौतम से मांग करते हुए कहा कि बारिश से पहले अधूरी सड़क का निर्माण जल्द शुरू करवाया जाये।

# आपत्तिजनक वीडियो सेंड करने वाला पाक प्रेमी गिरफ्तार

-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** थाना इज्जतनगर क्षेत्रान्तर्गत निवासी एक युवक द्वारा आरएसएस कार्यकर्ता के व्हाट्सएप पर एक आपत्तिजनक वीडियो भेजा गया था जिसमें पाकिस्तानी युवक हिन्दुस्तानियों को चीरने की धमकी दे रहा है तथा उक्त पोस्ट पर एक वीडियो चल रही है जिसमे एक पकिस्तानी व्यक्ति भारत की एकता व अखण्डता को ध्वस्त करने के लिए बोल रहा है। उक्त पोस्ट किसी गुड्डू अंसारी नाम के व्यक्ति द्वारा अपने मोबाइल से की गयी थी जिससे जनता मे काफी आक्रोश एवं क्षेत्र के लोग आपत्तिजनक वीडियो से काफी आहत थे। प्रकरण में प्राप्त सूचना पर विधिक कार्यवाही करते हुए थाना इज्जतनगर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया गया।



प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए उक्त वीडियो वायरल करने वाले व्यक्ति की शीघ्र पहचान कर गिरफ्तारी हेतु थाना इज्जतनगर पर टीम का गठन किया गया। उक्त टीम ने 12 घण्टे के अन्दर ही उक्त वीडियो वायरल करने वाले व्यक्ति की पहचान अभियुक्त गुड्डू अंसारी पुत्र वाहिद हुसैन निवासी नगरिया कला थाना इज्जतनगर जनपद बरेली के रुप में की गयी। 16 मई गुरुवार को थाना इज्जतनगर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त गुड्डू अंसारी को आईवीआरआई रोड से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से आपत्तिजनक वीडियो को वायरल करने वाला मोबाइल रियलमी कम्पनी रंग स्लेटी का बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुये मा न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अपराध रविन्द्र कुमार,उनि रवेन्द्र सिह राणा, हेकां मनोज कुमार, हेकां सुरेन्द्र कुमार

# क्षेत्रीय विधायक ने दिल्ली के लिए रोडवेज बस सेवा का शुभारंभ किया

-स्वतंत्र भारत-



**फरीदपुर।** विधायक डॉ श्याम बिहारी लाल ने फरीदपुर रोडवेज स्टैंड पर फरीदपुर से दिल्ली के लिए रोडवेज सेवा का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया। इस मौके पर विधायक डॉ श्याम बिहारी लाल व अन्य लोगों ने रोडवेज में बैठकर कुछ दूर तक आनंद लिया। रोडवेज में बैठकर उन्होंने एआरएम रोहिलखंड एके वाजपेई एवं अमरोहा एआरएम अनिल कुमार से फरीदपुर रोडवेज के विस्तार के लिए बातचीत की और बताया

अब फरीदपुर रोडवेज बस स्टैंड से सुबह 6:00 बजे फरीदपुर से दिल्ली की सेवा एवं बीसलपुर होते हुए गोला गोकर्णनाथ एवं प्रयागराज के लिए बसों का जल्द ही शुभारंभ होगा। वहीं एके वाजपेई ने बताया फरीदपुर बस स्टैंड से जल्द ही रोज वालों को एमएसटी की सुविधा एवं रोज रोडवेज से 10 बसों का रूट भी निर्धारित किया जाएगा और यहां हर समय एक टीआई उपस्थित रहेंगे।

इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष प्रतुल्ल अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष आतिश अग्रवाल, पुष्पेंद्र यादव, शैलेश सिंह बिल्लू, राजेश गुप्ता भाजपा युवा नगर अध्यक्ष प्रदीप यादव, विनोद राठौर, राजेश कश्यप हरिशंकर अग्निहोत्री, सभासद चंदन शुक्ला, मनीष गुप्ता, पर्वत सिंह, हिमांशु शर्मा, हसमुख आदि लोग उपस्थित रहे।

## बीआरसी की मासिक बैठक संपन्न



**माधोगंज।** बीआरसी पर खण्ड शिक्षा अधिकारी गिरिजेश कटियार की अध्यक्षता में खण्ड शिक्षा अधिकारी व प्रधानाध्यापक की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।बैठक में आगामी दिनों में स्कूल चलो अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन के संबंध में चर्चा नवीन नामांकन की प्रगति एवं प्रेरणा पोर्टल पर नवीन नामांकन फीडिंग की अद्यतन स्थिति की समीक्षा, स्पोर्ट्स पंजीकरण की समीक्षा , यू डाइस प्लस की डाटा एंट्री तथा छात्र-छात्राओं की अपार आईडी संबंधी विवरण पूर्ण कराए जाने के संबंध में चर्चा, बालिकाओं का शत प्रतिशत नामांकन पर चर्चा, ग्रीष्मावकाश में विद्यालय का सामान सुरक्षित रखने पर चर्चा,सभी का मोबाइल आन रहने पर चर्चा,सोशल आडिट पर चर्चा, शिक्षक संकुल बैठको में उपस्थिति पर चर्चा, विद्यालय को जी पी डीपी में सम्मिलित होने पर चर्चा, ग्रीष्मावकाश गृहकार्य पर चर्चा,विद्यालयों में स्थापित कराये जा रहे स्मार्ट क्लास एवं आई सी टी लैब के कक्षा शिक्षण में प्रयोग के संबंध में चर्चा, डीबीटी पोर्टल पर छात्र एवं अभिभावक की आधार पेंडेंसी की अद्यतन स्थिति पर चर्चा, संचारी रोग एवं टीकाकरण अभियान की अद्यतन समीक्षा आदि बिंदुओं पर विधवत चर्चा - परिचर्चा हुई। इसी क्रम में नवचयनित ए आर पी चन्द्रप्रकाश सिंह विज्ञान विषय व बलजीत सिंह हिन्दी विषय का स्वागत किया गया। ए आर पी चन्द्रप्रकाश सिंह ने कहा कि जल्द ही माधौगंज ब्लॉक को निपुण ब्लॉक बनाने में सभी शिक्षक साथियों का सहयोग चाहता हूं सभी ने सहमति दी। एआरपी बलजीत सिंह ने भी ब्लाक को निपुण ब्लॉक बनाने में सभी का सहयोग मांगा।ब्लाक बाबू प्रदुम्न अवस्थी द्वारा फार्म 16 का वितरण किया गया नोडल शिक्षक संकुल नीरज गुप्ता, रजनेश कुमार, मनोज प्रताप सिंह, नीरज अवस्थी,अनूप दीक्षित, संतोष कुमार,यशपाल सिंह, प्रियतम सिंह ,दिलीप सिंह,पंकज सिंह, प्रशांत वर्मा, विनय सिंह,रामशरण, राजीव कुमार,सपन विक्रम सिंह, मुकेश सिंह, रेनू कटियार,ज्योति बाजपेयी , ब्लॉक बी सी निखिल सिंह ,राजीव गुप्ता, संजय सिंह, शौर्य मिश्रा व विकासखंड के समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

# शाहाबाद पुलिस ने पकड़ा अवैध रूप से ले जाया जा रहा प्रतिबंधित मीट

- **शाहाबाद क्षेत्र में प्रतिबंधित है मीट काटना**

**शाहाबाद हरदोई। स्वतंत्र भारत**

स्वदेशी जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार की सुबह प्रतिबंधित मीट ले जाते हुए एक ई रिक्शा चालक को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किया है।पुलिस ने मांस को जब्त कर मामले की छान बीन शुरू की है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र में ई रिक्शे पर प्रतिबंधित मीट के खुले आम इधर से उधर जाने की घटना ने सिद्ध कर दिया कि कहीं न कहीं शाहाबाद पुलिस की मिलीभगत से इस अवैध व्यापार को चलाया जा रहा है।

आपको बता दें योगी सरकार द्वारा बिना रिनुवल और कागजी कार्यवाही पूर्ण किए अवैध रूप से चलाए जा स्लाटर हाउसों को पूर्णतया बंद करने का फरमान सुनाया गया था।वर्षों से शाहाबाद कस्बे में चलाया जा रहा स्लाटर हाउस भी उसी आदेश के अनुपालन में बंद किया गया था।तब से कस्बे में चल रहीं मीट की लगभग 27 दुकान दारों को रजिस्टर्ड स्लॉटर हाउस से पैक्ड मीट लाकर बेचने की अनुमति दी गई थी।शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र में मीट काटना पूर्णतया प्रतिबंधित किया गया था।लेकिन सूत्रों के अनुसार कोतवाली पुलिस की मिलीभगत से शाहाबाद में चोरी छिपे मीट काटा और बेचा जा रहा है। शुक्रवार को सुबह स्वदेशी जागरण मंच के नगर अध्यक्ष अनिल लाहौरी ने कार्यकर्ताओं के साथ सूचना पर पीछा करते हुए एक ई रिक्शा चालक को आंझी चैकी क्षेत्र के



टुमुरकी मार्ग से पकड़कर प्रतिबंधित मीट सहित आंझी चैकी पुलिस के सुपुर्द किया था।स्वदेशी जागरण मंच कार्यकर्ता के दिए गए प्रार्थना पत्र में रिक्शा चालक द्वारा स्वीकार करना दिखाया गया कि कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला महमंद निवासी यामीन और उसके पुत्र प्रतिबंधित मीट को काटकर दुकानों पर उसके द्वारा सप्लाई करवाते हैं। पुलिस ने उक्त मामले में रिक्शा चालक मोहल्ला महमंद के रानू पुत्र फिरासत और यामीन पर पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर की है।

## जिलाधिकारी ने की कल्याणकारी विभागों की समीक्षा

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में विभिन्न कल्याणकारी विभागों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माणाधीन आँगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण जल्द पूरा किया जाये। वृद्धावस्था, दिव्यांग व विधवा पेंशन के सभी लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण जल्द सुनिश्चित किया जाये। बाल सेवा योजना के लाभार्थियों को ससमय भुगतान सुनिश्चित किया जाये। वन स्टॉप सेंटर में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी व सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## खबर एक नजर

### युवक को मारपीट कर किया घायल

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के इशेपुर भाई भाई के विवाद में युवक को मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल परीक्षण करवाया है। पीड़ित छविराम पुत्र रामेश्वर के अनुसार 14 मई की रात में उसका अपने सगे भाई जोगेंद्र से बाद विवाद हो रहा था।भाई के साले सुरसा थाना क्षेत्र निवासी राजेश और राजपूत ने अपने साथी रामसेवक के साथ मिलकर शराब के नशे में उसे गाली गलौज किया मना करने पर डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।शोर सुनकर उसकी पड़ोसन चंद्रकांती उसे बचाने आई तो विपक्षियों ने उन्हें भी मारा पीटा। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाया है।

### नवयुवक ने फ़ासी लगाकर दी जान

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** मल्लावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बाबटमऊ के मजरा मढ़िया में एक 32 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते आम के बाग में पेंड़ से फांसी लगाकर जान दे दी। ग्रामीण सुबह उठकर अपने खेतों पर काम करने जा रहे थे उन लोगों ने यह दृश्य देखा तो हड़कंप मच गया। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रभु कश्यप पुत्र मनीराम कश्यप उम्र 32 वर्ष अपने तीन भाइयों में सबसे छोटा था और मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहा था। रात में किसी समय गांव के पास आम के बाग में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवा कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मल्लावां थानाध्यक्ष बालेन्द्र मिश्रा के अनुसार आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

### दूल्हा-दुल्हन का बुद्ध प्रतिमा भेंट कर किया सम्मान

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** पिहानी में दहेज, नशा और जाति-धर्म को लेकर भेदभाव करने जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अलख जगाने वाले दूल्हा-दुल्हन को समाजसेवी जोगराज सिंह ने बुद्ध की मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान कासिम, किसान नेता रणजीत सिंह राणा फौजी, बबलू पाल, मैनेजर वेद प्रकाश, राजकुमार, विमलेश कुमार और पप्पू आदि ने नव दंपत्ति की सराहना करते हुए आशीर्वाद दिया। यह मौका था प्रदीप कुमार गौतम निवासी लोकपुर, पोस्ट कुसुमा तथा उपासना निवासी पिरालपुर पोस्ट भदेउसा के विवाह का। वर और वधू दोनों ही बौद्ध धर्म के सिद्धांतों के अनुरूप सामाजिक बुराइयों के खिलाफ निरंतर लोगों को जागरुक करते रहते हैं। दोनों ने दहेज रहित विवाह करने का संकल्प लिया। बरातियों और जनातियों से आग्रह किया कि वह विवाह समारोह में शराब पीकर हुड़दंग नहीं करेंगे। समाजसेवी योगराज का कहना है कि वह सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध आगे आने वाले युवाओं को भविष्य में भी प्रोत्साहित करते रहेंगे।

### 18 घण्टे विद्युत आपूर्ति कराने की मांग

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** 159 बिलग्राम ,मल्लावा, माधौगंज में अघोषित विधुत कटौती बंद कराकर रोस्टर के हिसाब से18 घण्टे बिजली दिलाए जाने के लिए नगरपंचायत अध्यक्ष अनुराग मिश्र ने अधिशासी अभियंता विधुत वितरण खण्ड हरदोई व प्रदेश के ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखा। पत्र में उन्होंने कहा कि दिन हो या रात्रि बिजली विभाग द्वारा अघोषित कटौती की जा रही है नगर में टुकड़ो में 8 से 10 घण्टे ही बिजली मिल रही है भीषण गर्मी में क्षेत्र की जनता परेशान है। जब कि प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में 18 घण्टे बिजली देने के निर्देश है। विभाग के अधिकारियों से फोन पर वार्ता करने पर कहा जाता है कि ऊपर से कटौती की जा रही है।श्री मिश्र ने क्षेत्र में रोस्टर के हिसाब से 18 घण्टे विधुत सप्लाई दिलाने की मांग ऊर्जा मंत्री से की।

### युवती के हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** संडीला थाना क्षेत्र में पांच वर्ष पूर्व मारपीट कर युवती की हत्या के मामले में सत्र न्यायाधीश की अदालत ने नामजद आरोपी को गुरुवार को दोष सिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास और 4000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। प्राप्त विवरण में 21 जुलाई 2020 को रामस्वरुप पुत्र रामलाल निवासी ग्राम जनिगांव पट्टी द्वारा तहरीर दी गयी कि उमेश पुत्र बाबूलाल निवासी मो0 मंडई कस्बा व थाना संडीला व सोनी पत्नी छुटकन्ने निवासी ग्राम पट्टी थाना अतरौली द्वारा उसकी बहन के साथ मारपीट कर उसकी हत्या कर दी गयी। इस संबंध में थाना संडीला पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी कर जेल भेजते हुए विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था। इस अभियोग में स्थानीय पुलिस/मॉनिटरिंग सेल द्वारा न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी की गयी एवं अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई, जिसके परिणामस्वरुप 15 मई को न्यायालय सत्र न्यायधीश द्वारा आरोपी को दोष सिद्ध मानकर आजीवन कारावास व 4000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

### दिव्यांग को ट्राईसाईकिल व योजनाओं का लाभ

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** एक दिव्यांग बच्ची पायल अपने नाना गोगे, दादी राधा व माता ममता के साथ जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के पास पहुँची। पायल की माँ ममता ने बताया कि बच्ची के पिता अजय दिल्ली में काम करते हैं। बच्ची पैरों व आँखों से दिव्यांग है। उसको चलने फिरने में काफ़ी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। जिलाधिकारी ने तुरंत जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी को बुलाया और बच्ची को एक ट्राईसाईकिल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। दिव्यांग कल्याण अधिकारी द्वारा जब बच्ची का आधार कार्ड माँगा गया तो उसकी माँ ने बताया कि बच्ची का आधार कार्ड अभी तक नहीं बना है। इस पर जिलाधिकारी ने बीएसओ को निर्देश दिए कि तत्काल आधार कार्ड पंजीकरण के लिए किसी कर्मचारी को भेजा जाये। कर्मचारी ने कलेक्ट्रेट पहुँचकर बच्ची का आधार पंजीकरण कराया। आधार पंजीकरण कराने के साथ ही जिलाधिकारी ने स्वयं अपने हाथों से बच्ची को ट्राईसाईकिल सौपी। जिलाधिकारी ने जब बच्ची से पूछा कि कैसा लग रहा है तो बच्ची ने कहा अच्छा लग रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्ची का यूडी आईडी कार्ड बनवाया जाये। जिलाधिकारी ने बच्ची को प्रोबेशन विभाग द्वारा संचालित स्पोंसरशिप योजना से आच्छादित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि बच्ची को योजना के अंतर्गत प्रतिमाह 4 हजार रूपये मिलेंगे। उन्होंने पायल के परिवार से कहा कि बच्ची को कभी हिम्मत न हारने दें। पायल की माँ, दादी व नाना ने जिलाधिकारी को साधुवाद दिया। जिलाधिकारी ने बच्ची की ट्राईसाईकिल डाला से उसके घर तक भिजवाई। इससे पूर्व बच्ची के नाना ने कहा समाचार माध्यमों में उन्होंने देखा है कि जिलाधिकारी द्वारा समय समय पर सरकारी योजनाओं के माध्यम से ऐसे लोगों की मदद की जाती है। इसको पढ़कर व सुनकर वह यहाँ पहुँचे हैं।

### रंग कार्यशाला का हुआ समापन

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** भारतेंदु नाथ अकादमी के सौजन्य से दयानंदन इंटर कॉलेज सुरसा में 10 मई से चल रही रंग कार्यशाला का आज समापन हो गया। समापन दिवस की कार्यशाला का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर तथा सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया। संस्कृति विभाग की इस कार्यशाला में लोक गायक मोहम्मद हनीफ ने छात्र-छात्राओं को संगीत व इसकी बारीकियों के बारे में बताया। कार्यशाला के आयोजन में नूरजहां सामाजिक शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक सेवा संस्थान का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। अपने समापन उद्बोधन में प्रधानाचार्य अखिलेश कुमार ने कहा की संगीत का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी।

## बोलेरो को खाई में पलटने से एक की मौत पांच घायल

**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** जतुली गांव में स्वर्गीय मानसिंह के यहां बारात लेकर आए थे अपने गांव इमलिया को वापसी जाते समय रात 2 बजे कुरसेली गांव मोड बाजीलाल बाबा स्थान के पास एक बोलेरो गाड़ी खाई में पलट गई ।एक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतक धर्मपाल सिंह पुत्र रामस्वरूप सिंह निवासी पलिया हरपालपुर घायल इंद्रपाल यादव पुत्र बालक निवासी इमलिया ग्रांट रामकोट सीतापुर घायल पवन यादव पुत्र रामखिलावन यादव निवासी मोहकमपुर मिश्रिख सीतापुर घायल अशोक यादव पुत्र दफेदार सिंह निवासी उजरामउ राणेपर फर्रुखाबाद ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल भिजवाया



# लाठियों से पीटकर युवक की हत्या

## शराब के नशे में हुआ था भाइयों में विवाद

**शाहाबाद हरदोई। स्वतंत्र भारत**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्लापुर में शराब के नशे में हुए मामूली विवाद में सगे भाई और उसके पुत्रों ने लाठियों से पीटकर चाचा को गंभीर रूप से घायल कर दिया।जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेजा है।

प्राप्त विवरण में अब्दुल्लापुर निवासी भैया लाल अपने पुत्र मानसिंह और भतीजे अरविंद पुत्र मटरू के साथ गुरुवार की शाम को शराब पी रहा था।किसी बात को लेकर उन लोगों की सगे भाई बड़े लाल से बातचीत हो गई।मामूली बातचीत शराब के नशे में लाठी डंडों से मारपीट में बदल गई।शोर सुनकर परिजनों ने बीच बचाव किया लेकिन




तब तक लाठी के वार से बड़े लाल घायल हो गया।परिजन उसे घायलावस्था में सीएचसी टोडरपुर लेकर गए।जहां इलाज के दौरान देर रात्रि उसकी मृत्यु हो गई। शुक्रवार को सुबह घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश राय क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा के साथ घटना स्थल पहुंचे और घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भेजा है।सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए हैं। मृतक के भतीजे रमन सिंह की लिखित तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने भैया लाल, उसके पुत्र मानसिंह और भतीजे अरविंद पुत्र मटरू के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर हत्यारोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## विवाहिता जेवर सहित लापता आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट

**हरदोई।** पिहानी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता घर से जेवर लेकर प्रेमी के लापता हो गई है।पति की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की है। पीड़ित पति के अनुसार उसकी 20 वर्षीय पत्नी को 13 मई की दोपहर में सीतापुर जनपद के महोली थाना क्षेत्र के ग्राम अब्बासपुर निवासी पहाड़ी उर्फ हंसकुमार पुत्र प्यारे अपने साथ बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है।उसकी पत्नी घर में रखा विवाह का सारा जेवर लेकर गई है। पीड़ित पति की लिखित तहरीर के आधार पर पिहानी पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है।

# युवती की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- **एक तरफा प्रेम में पागल युवक ने युवती के विवाह के दो दिन पूर्व गोली मारकर की थी हत्या**

**हरदोई। स्वतंत्र भारत**

मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जरेरा मजरा बाबट मऊ में 13 मई की सुबह युवती की छत पर चढ़कर सोते समय युवती की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने हत्यारोपी को तमंचा और बाइक के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्राप्त विवरण में 13 मई को थाना मल्लावां पर सूचना प्राप्त हुई कि संगीता पुत्री नौरंग निवासी ग्राम जरेरा थाना मल्लावां की संदिग्ध परिस्थिति मे गोली लगने से मृत्यु हो गई है। सूचना पर उच्चाधिकारीगण व स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा फील्ड यूनिट द्वारा मौके पर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई।

पुलिस द्वारा शव को नियमानुसार पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेजा गया।युवती के पिता नौरंग पुत्र रामपाल की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने नामजद आरोपी प्रेमचंद उर्फ कल्लू पुत्र अंगने



निवासी ग्राम बद्दापुरवा कोतवाली कन्नौज जनपद कन्नौज और उसके साथी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी।

पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना में संलिप्त अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु टीम गठित कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये थे। थाना मल्लावां के प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र मिश्रा और पुलिस बल द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद आरोपी प्रेमचंद उर्फ कल्लू पुत्र अंगने को घटना में प्रयुक्त एक तमंचा मय एक अदद जिंदा व एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर व मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया।पुलिस टीम द्वारा प्रेमचंद उर्फ कल्लू से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि कुछ समय पहले मृतका संगीता उसके गांव में अपने ननिहाल आयी थी जिससे युवती से उसकी मित्रता हो गयी थी।

वह मृतका से शादी करना चाहता था।उसे पता चला कि मृतका संगीता की शादी 15 मई को होनी थी। इसी बात से क्षुब्ध होकर दिनांक 12/13 मई की रात्रि में वह अपने अन्य साथी के साथ उसकी पल्सर मोटरसाइकिल से संगीता के घर गये थे और उसके द्वारा संगीता के घर जाकर अपने साथ चलने के लिये कहा तो संगीता ने शादी तय होने के कारण साथ जाने से मना कर दिया तो उसके द्वारा संगीता की हत्या कर दी।पुलिस ने गिरफ्तार हत्यारोपी को जेल भेज दिया है।

## एसपी ने क्वाटर गार्ड और मेस का किया निरीक्षण



**हरदोई (स्वतंत्र भारत)।** पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेकर अपराध को रोकने के टिप्स दिए।उन्होंने पुलिस लाइन,112पीआरबी मेस,क्वाटर गार्ड आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली इस अवसर पर परेड का निरीक्षण करते हुए उन्होंने उपस्थित पुलिस कर्मियों को क्षेत्र में अपराध रोकने के टिप्स देते हुए कहा कि नागरिकों की सुरक्षा ही हमारा प्रथम कर्तव्य है।पीड़ित न्याय की आस लेकर पुलिस के पास आता है हमे हर हाल में उसका दर्द सुनकर निराकरण के लिए सही कदम उठाना चाहिए। परेड सलामी के बाद उन्होंने पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण करते हुए क्वार्टर गार्ड,मेस सहित यूपी 112 का निरीक्षण करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर अंकित मिश्रा,प्रतिसार निरीक्षक सहित पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर व विद्या मंदिर में छात्र संसद का गठन

**हरदोई।** सरस्वती शिशु मंदिर व विद्या मंदिर विकासखंड की सभागार में छात्र संसद का गठन किया गया। जिसमें सभी छात्र छात्राओं के द्वारा शिशु मंदिर के छात्र अभी यादव को अध्यक्ष , अनन्या सिंह मंत्री,स्वपलीन को सेनापतिपद पर चुना गया। विद्या मंदिर में देवकीनंदन सोनी को प्रधानमंत्री दीपिका सिंह उप प्रधानमंत्री, आयुष बाजपेई संसदीय कार्य मंत्री, अनंत शेखर शुक्ला न्यायाधीश, राज सिंह सरकारी वकील, अंश मिश्रा विपक्ष वकील, छात्राओं की तरफ से अध्यक्ष राखी राठौर , उपाध्यक्ष सौम्या गुप्ता , मंत्री समृद्धि, शिवानी राठौर सेनापति पद के लिए चुना गया। शुक्रवार को नव निर्वाचित सभी सदस्यों को मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख कुशी बाजपेई ने शपथ दिलाई । कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के कार्यालय प्रभारी व वरिष्ठ आचार्य समीर वाजपेई ने किया। मुख्य अतिथि कुशी बाजपेई , विकासखंड अधिकारी अरुण कुमार , वरिष्ठ पत्रकार नवनीत वाजपेई रुचि , बृजेश गुप्ता ,कुलदीप दीक्षित आदि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि कुशी बाजपेई ने कहा कि यही बच्चे देश का भविष्य है। बच्चों में बाल्यावस्था से ही दायित्व बोध ग्रहण कराना, साहस धैर्य और परिश्रम के प्रति प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति पर आधारित शिक्षा और संस्कार देने का काम विद्या भारती की ओर से संचालित शिक्षण संस्थानों में होता है। उन्होंने कहा कि शिशु मंदिर और विद्या मंदिर में पढ़ने वाले छात्रों के अंदर बाल्यकाल से ही देशभक्ति और संस्कार के बीच रोपे जाते हैं।

# पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का खुलासा कर हत्यारे को भेजा जेल

**शाहाबाद हरदोई। स्वतंत्र भारत**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कौहरिया में बुधवार की सुबह गन्ने के खेत में मिले अधेड़ के शव के मामले में पुलिस ने हत्यारोपी को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार कर ब्लाइंड मर्डर का खुलासा कर दिया है।

प्राप्त विवरण में 14 मई को रमाकान्ती पत्नी रामपाल निवासी ग्राम अब्दुल्लापुर द्वारा थाना शाहाबाद पर तहरीर दी गई कि उसके पति रामपाल पुत्र मेवाराम अपने बहनोई रतिराम पुत्र अगनेलाल निवासी ग्राम कौहरिया थाना शाहाबाद के घर गये थे। जहां रतीराम द्वारा रामपाल को गांव के बाहर स्थित झोपडी के पास सुरेश पुत्र मैकू और नन्हे पुत्र मुंशी निवासीगण कौहरिया के पास छोड़ कर चले गए थे। जिसके उपरांत रामपाल उपरोक्त का कोई पता नही चल सका।14 मई को थाना शाहाबाद क्षेत्रांतर्गत ग्राम



कौहरिया के बाहर गन्ने के खेत में रामपाल उपरोक्त के शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। इस संबंध में वादिनी की तहरीर के आधार पर थाना शाहाबाद पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी।पुलिस ने उक्त हत्या के मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की और विवेचना की कार्यवाही के दौरान जांच में नामजद आरोपियों की नामजदगी गलत पायी।

प्रभारी निरीक्षक उक्त हत्या के मामले में किसी निर्दोष को जेल नहीं भेजना चाहते थे इसलिए उन्होंने बारीकी से हर पहलू की जांच पड़ताल करवाई। उक्त हत्या के मामले में थाना शाहाबाद के प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश राय, क्राइम इंस्पेक्टर शिव गोपाल, जामा मस्जिद चैकी प्रभारी रजनीश त्रिपाठी आरक्षी नितिन तोमर और शोभित कांत मिश्र द्वारा विवेचना की कार्यवाही के दौरान प्रकाश में आये छुन्नालाल पुत्र रामेश्वर निवासी ग्राम अब्दुल्लापुर थाना शाहाबाद को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक लकडी का डंडा व एक खुरपी बरामद की गयी। गिरफ्तार हत्यारोपी ने पुलिस को बताया मृतक रामपाल, सुरेश पुत्र मैकू और नन्हे के पास झोपडी में बेठने के बाद अपने घर जा रहा था।वह शराब के नशे में था। घर जाते समय रास्ते में मृतक को छुन्नालाल खेत की रखवाली करते हुए दिखाई दिया। जिसको देखकर मृतक रामपाल, छुन्नालाल को गाली-गलौज करने लगा। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसके द्वारा मृतक रामपाल पर खुरपी व डंडे से वार कर उसकी हत्या की गयी तथा शव को ग्राम कौहरिया के पास गन्ने के खेत में छिपा दिया था।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया है।

# हाईस्कूल व इण्टर के मेधावी छात्रों का हुआ अलंकरण समारोह

● मुख्य अतिथि के रूप में महेंद्र प्रताप सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक रहे मौजूद

पलिया कलां। स्वतंत्र भारत





नगर के सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज में मेधावी छात्र अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्र प्रताप सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक का विद्यालय के प्रवेश द्वार पर घोष के साथ रोली अक्षत लगाकर प्रबंध समिति के पदाधिकारियों एवं प्रधानाचार्य ने स्वागत किया इसके पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन से किया। विद्यालय की छात्राओं ने मां सरस्वती की वन्दना अभिनय के साथ प्रस्तुत की तथा स्वागत गीत प्रस्तुत किया कार्यक्रम में आये हुए सभी का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह के द्वारा कराया गया। तहसील में टाप करने वाली मेधावी हाईस्कूल की छात्रा छवि राठौर एवं द12वीं की छात्रा इशिता कुशवाहा को विजय नरायन महेन्द्रा के द्वारा उपलब्ध कराई गई साइकिल जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा प्रदान की गई मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि जो भी व्यवस्थाएं होती है वह बच्चों के लिए होती हैं इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों में शिक्षा के साथ संस्कार व भारतीय संस्कृति का परिचय कराने का कार्य किया जाता है विद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष चांद कुमार जैन को अच्छी व्यवस्था एवं प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह को जिले के अच्छे प्रधानाचार्य के लिए डीएम द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य परिवार व कर्मचारियों को भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया विद्यालय के प्रबंधक राम बचन तिवारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया तथा बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बीता हुआ क्षण कभी वापस नहीं आता यदि आपने इसका ठीक प्रकार से सदुपयोग किया तो मैं अपने को धन्य समझूंगा इसके साथ यह भी कहा कि विद्या वह मूल मंत्र है जो किसी भी परिस्थिति में आपके काम आता है प्रधानाचार्य ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि ष्अब जाग उठो, कमर कसो, मंजिल की राह बुलाती हैष् मेहनत से अपनी पढ़ाई में लग जाओ और प्रदेश मेरिट में अपना स्थान बनाओ। विद्यालय के अध्यक्ष चांद कुमार जैन ने मुख्य अतिथि को सम्मान देने के लिए धन्यवाद दिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महेन्द्र प्रताप सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक, अध्यक्ष चांद कुमार जैन, प्रबंधक राम बचन तिवारी, सह-प्रबंधक शिवपाल सिंह, अभिषेक शुक्ला, दीपक तलवार, संरक्षक कृष्ण कुमार मालपानी, नगर प्रचारक योगेन्द्र, विजय नरायन महेन्द्रा, रीता सिंह, राममूर्ति व समस्त आचार्य परिवार, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बिजुआ मंडल की बैठक में जिला पदाधिकारियों ने दिया कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन



बिजुआ। स्वतंत्र भारत

बिजुआ मंडल की महत्वपूर्ण बैठक 16 मई 2025 को आयोजित की गई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा और जिला मंत्री/मंडल प्रवासी रामआसरे कनौजिया ने मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक को तीन सत्रों में विभाजित किया गया। मंडल अध्यक्ष ने बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर अवस्थी और हरिहर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। इनमें जिला सहसंयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ अनूप मिश्रा, जिला मंत्री महिला मोर्चा श्रीमती गंगा देवी और जिला उपाध्यक्ष अनु.मोर्चा/ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजवीर राज शामिल थे। कार्यक्रम में मंडल पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष और पदाधिकारी, सक्रिय सदस्य तथा शक्ति केंद्र संयोजक भी उपस्थित रहे। मंडल उपाध्यक्ष आदित्य मोहन शुक्ला ने बैठक का सफल संचालन किया। आईटी संयोजक और सोशल मीडिया प्रभारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## जलजीवन मिशन का प्रशिक्षण प्रारंभ



**बिजुआ खीरी (स्वतंत्र भारत)।** विकास खंड बिजुआ में जल जीवन मिशन का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। यह कार्यक्रम विकास खंड के सभागार में तीन बैच में आयोजित किया जा रहा है। पहला बैच 15 मई 2025 को संपन्न हुआ। अगले दो बैच में एक आज 16 और अंतिम 17 मई को होंगा। जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर रायबरेली के सहयोग से यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति परियोजनाओं के संचालन और रखरखाव की जानकारी दी गई। साथ ही जल आपूर्ति परियोजनाओं का पंचायत को हस्तांतरण और जलापूर्ति प्रबंधन प्रणाली पर विस्तृत चर्चा की गई। सहायक विकास अधिकारी पंचायत अनिल वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रशिक्षक रविश खान ने प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक और स्वयं सहायता समूह की सदस्य मौजूद रहीं।


स्वतंत्र भारत

## वर्गीकृत

### सूचना

पहले मेरा नाम वैभव श्रीवास्तव था, जिसे बदलकर वैभव कुमार श्रीवास्तव पुत्र अनिल कुमार श्रीवास्तव कर दिया है। नि.- 566/17 जयप्रकाश नगर आलमबाग लखनऊ के नाम से जाना व पहचाना जाये।

सी.आर.-320/L-25

### सूचना

मेरा यूपी बोर्ड द्वारा जारी हाईस्कूल वर्ष 1988 अनुक्रमांक 456940 का अंकपत्र व प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है। राकेश धर पांडेय पुत्र विश्वनाथ पांडेय पता-ए 302 योगानंद, सीएचएस प्लाट नं.13 सेक्टर 15, नबी मुंबई, ठाणे।

सी.आर.-322/D-30

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम RASHID HABIB FAROOQUI था जो अब बदलकर RASID HABIB FAROOQI हो गया है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। RASID HABIB FAROOQI S/O Sipte Habibullah Farooqi 189/170 Rani Mandi, Prayagraj UP.

सी.आर.-322/D-33

### सूचना

मेरा नाम अतीक अहमद खान मेरे पिता का नाम स्वर्गीय कबीर अहमद खान सा0 ग्राम अल्लीपुर परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़ है, मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम अंग्रेजी में अशुद्ध ATEEQUE AHMAD KHAN दर्ज हो गया है। जबकि मेरा शुद्ध नाम ATIQUE AHMAD KHAN है।

सी.आर.-326/D-37

### सूचना

मैंने अपना नाम अफजाल से बदलकर अफजाल खान रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। पता- गोपालपुर, मजगवां, जनपद-बलरामपुर (उ.प्र.)।

सी.आर.-325/L-25

### सूचना

सूचित किया जाता हैं कि पुष्पा लता देवी (PUSHPA LATA DEVI) मेरा गलत नाम है ,मेरा सही नाम पुष्प लता (PUSHP LATA ) है भविष्य में मुझे पुष्प लता के नाम से जाना व पहचाना जाय। पुष्प लता पत्नी धर्मेन्द्र कुमार निवासी- 576/385, गहरू, सरोजनी नगर, लखनऊ।

सी.आर.-324/L-38

### संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र पुष्पेन्द्र सिंह को गलत आचरण के कारण चल अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। धनपाल पुत्र जगनाथ नि.ग्रा. सरथौली थाना कांट-शाहजहांपुर।

सी.आर.-328/D-30

### NOTICE

I hitherto known as Tinnoo Singh S/O Virendra Pal Singh, Residing at Village-Paliya Patti, Paliya Patti, Shahjahanpur Uttar Pradesh- 242301, have changed my name and shall hereafter be known as Tejpratap Singh.

सी.आर.-328/D-31

### NOTICE

I hitherto known as Gokaran S/O Sudesh Singh, Residing at Village-Kiratpur Bihari, Jaitipur, Shahjahanpur Uttar Pradesh- 242301, have changed my name and shall hereafter be known as Swatantra.

सी.आर.-328/D-27


## नकदी सहित तीन लाख का माल किया पार

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के खोराडीह गांव मेंगुरुवार की रात कच्चे घर का खपरैल हटाकर घुसे चोरों ने नकदी सहित तीन लाख रुपये के जेवरात पार कर दिया। शुक्रवार की सुबह पीड़ित ने पुलिस को चोरी की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिसमौका मुआयना कर जांच पड़ताल में जुट गई है। खोराडीह के पथरहिया पुरवा निवासी लालता के घर के सभी सदस्य गुरुवार को बारात मेंसम्मिलित होने के लिए अपने रिश्तेदार के यहां गए थे। लालता घर पर अकेलेथे। गुरुवार की रात भोजन करनेके बाद बाहर दरवाजे पर सोए हुए थे।


### सूचना

मैं शन्नो पत्नी मो0 इसरार निवासिनी-350, बारादरी मस्जिद, अशराफटोला, कस्बा सण्डीला जिला हरदोई यह सूचित करना चाहती हूँ कि मेरा एक मूल विक्रय विलेख दिनांकित 10/12/2019 जो उपनिबन्धक सण्डीला, हरदोई के कार्यालय में बही सं0-1, जिल्द सं0-6841 पृष्ठ सं0-171/204 क्रमांक 9737 पर पंजीकृत है यह मूल दस्तावेज दिनांक 08/04/2025 को अशराफटोला, कस्बा सण्डीला जिला हरदोई में कहीं गिर कर खो गया है उपरोक्त विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय की गयी सम्पत्ति गाटा सं0-266 मि. का जुज भाग रकबा 1000 वर्गफिट स्थित-ग्राम-टिकरादाऊदपुर परगना व तहसील- सण्डीला जिला हरदोई सूचनार्थी द्वारा श्रीमती जरीना बानों पत्नी मो0 एजाज निवासिनी-ग्राम-असही आजमपुर, परगना व तहसील- सण्डीला जिला हरदोई को विक्रय की जा रहीं है यह दस्तावेज जिस किसी को मिले या किसी को कोई आपत्ति हो तो मो0नं0-9621663713 एवं श्रीमती जरीना बानों पत्नी मो0 एजाज के मो0नं0 पर 9794750888 को सूचित करना सुनिश्चित करें!

सी.आर.-321/L


## नियमित जांच से आंखों के कैंसर से बचा जा सकता है - डॉ. आकाश

गोला गोकरननाथ खीरी। स्वतंत्र भारत



डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल मोहम्मदी व साइट सेवर्स के संयुक्त तत्वाधान में रेटिनाब्लास्टोमा जागरूकता सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम में मुखूय रूप से विजन सेंटर पर आने वाले बच्चों व उनके माता पिता को रेटिनाब्लास्टोमा नामक कैंसर को रोकने के लिए आवश्यक कदम क्या उठाये जाने चाहिए पर जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉ आकाश ने उपस्थित लोंगो को आंखों के कैंसर के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि यह जानलेवा बीमारी जन्म से 5 वर्ष के बच्चों में पाई जाती है। इससे बचने के लिए बीमारी के लक्षणों को जानना जरुरी है डॉ आकाश ने लक्षणों और बीमारी से बचने के उपाय के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने कहा की बच्चों के आँखों मे रेटिनोब्लास्टोमा को आमतौर पर ल्यूकोकोरिया नामक स्थिति से पहचाना जाता है। आंख में सामान्य लाल रिफ्लेक्स की अनुपस्थिति जिसके कारण पुतली लाल के बजाय सफेद दिखाई देती है और सबसे आसानी से तब देखी जाती है जब आंखों में रोशनी पड़ती है। आप फ्लैश से ली गई तस्वीर में एक सफेद पुतली देख सकते हैं जिससे आप रोग को आसानी से समझ सकते है। उन्होंने बताया की हॉस्पिटल में अब तक कई बच्चों का ईलाज सफलता पूर्वक किया जा चुका है। उन्होंने उपस्थिति लोगों को चित्र के माध्यम से रोग व उपचार के बारे मे जागरूक किया। संस्था के कार्यक्रम अधिकारी विपिन पांडेय ने कहा कि अब जरूरत है कि हमें अपने बच्चों नौनीहालों की आँखों की रक्षा करने की, और समय रहते रेटिनाब्लास्टोमा नामक जानलेवा कैंसर को जान समझ कर बच्चों की जान बचाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की। इस लिये नियमित तौर पर नेत्र जांच कराते रहना है। इस अवसर पर डॉ श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल मे व प्राथमिक नेत्र जाँच केंद्र पर जागरूकता वार्ता रंगोली आदि कार्यक्रम आयोजित किये गए। संस्था के क्वालिटी विशेषज्ञ ने कहा कि हमारे नेत्र जांच केंद्र रेटिनाब्लास्टोमा से ग्रसित बच्चों की आँखों की जांच व इलाज के लिए समुदाय में हमेशा सेवा देने के लिए उपलब्ध है। जिसमे बच्चों की आँखों की जाँच व इलाज मुख्यतः सम्मिलित है। हिना शाह ने कहा कि संस्था इस जानलेवा आँखों के कैंसर के उपचार के के लिए दृढ़ संकल्पित है। साईट सेवर्स के प्रोजेक्ट ऑफिसर जन्मेजय अवस्थी ने 11 मई से 17 मई तक इस जनजागरूक अभियान पर किये जाने वाले कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में गुलनाज हुसैन, मरियम, दीपक कुशवाहा, विजय प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## वांछित अपराधी श्रवण कुमार गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी (स्वतंत्र भारत)।** पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के दिशा निर्देश में अपराध व रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत थाना खीरी पुलिस को सफलता हाथ लगी है। थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय के नेतृत्व में नकहा चैकी प्रभारी गौरव कुमार ने अपनी पुलिस टीम के साथ गैंगस्टर एक्ट में वांछित अपराधी श्रवण कुमार को एक अवैध तमंचा व कारतूस समेत गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक विवेक उपाध्याय ने बताया गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार कर कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है।

## जिला मुख्यालय से वापस पलिया सीएचसी पहुंची अल्ट्रासाउंड मशीन




**पलियाकलां-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगी अल्ट्रासाउंड मशीन जो जिला मुख्यालय ले जाई गई थी वह अब वापस आ गई है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के हस्तक्षेप के बाद करीब सात माह बाद मशीन वापस आ सकी है। करीब सात माह पहले जिले पर लगी अल्ट्रासाउंड मशीन खराब हो गई थी जिस पर सीएमओ ने यहां सीएचसी में लगी अल्ट्रासाउंड मशीन को जिला मुख्यालय पर मंगवा लिया गया था। पिछले महीने डीएम के तहसील दिवस में आने पर कुछ लोगों ने अल्ट्रासाउंड मशीन को जिला मुख्यालय पर मंगवा लेने को लेकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से शिकायत की थी। जिस पर डीएम ने सीएमओ डा. संतोष गुप्ता से तहसील सभागार में ही नाराजगी जताते हुए मशीन को वापस करने को कहा था। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के हस्तक्षेप के बाद सीएमओ ने अल्ट्रासाउंड मशीन को पलिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भिजवा दिया है। सीएचसी पर मशीन ने काम करना भी शुरू कर दिया है। सीएचसी अधीक्षक डा. भरत सिंह ने बताया कि मशीन आ गई है और वह काम भी कर रही है जिसका लाभ लोगों को अब मिलने लगेगा।

## ग्राम जन चौपाल में अधिकारी रहे नदारद, सचिवों ने की खानापूर्ति

**जिगना (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के बजटा गाँव मेंशुक्रवार को पंचायत भवनपर संपन्न हुई चौपाल में ब्लाक स्तरीय अधिकारी नदारद रहे। एक मात्र सेक्रेटरी की उपस्थिति के चलते माहौल फीका रहा। कार्डधारकों ने कोटेदार की कारस्तानी उजागर की। सुबह दस बजे से चौपाल में आई महिलाओं व ग्रामीणों को भीषण गर्मी के मौसम मेंएक बजेदिन तक चौपाल शुरू होने का इंतजारकरना पड़ा। सेक्रेटरी मुश्ताक अहमद नेआवास व शौचालय की मांग को सूचीबद्ध किया। कार्ड धारकों नेएक स्वर में बताया किकोटेदार घटतौली करता है। दिव्यागों व पात्र जनो की अनदेखी कर मृतकों का राशनकार्ड अपनेचहेतों के नाम आवंटित कर रहा है।यद्यपि कोटेदार वकील कुमार नेआरोपों सेइंकार किया। प्रधान उषा देवी ने अध्यक्षता की। पंचायत सहायक पवन प्रजापति,श्रीकांत बिंद आदि रहे। सेक्रेटरी नेबताया कि अन्य कार्यो मेंव्यस्तता के कारण ब्लाक स्तरीय अधिकारी चौपाल में नहीं आए।

## पं. विजयानंद मिश्र मार्ग निर्माण में लीपापोती

**सीखड़ (मिर्जापुर)।** क्षेत्र की सबसे पुरानी सड़क पं. विजयानंद मिश्र मार्ग जो खैरा बाजार से सीखड़ कुल छह किलोमीटर की है इसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चौड़ीकरण करते हुए दो लेन का पुनर्निर्मित किया जा रहा है। सड़क निर्माण का कार्य अभी आधा अधुरा ही है। निर्माण कार्य मे जिनका मकान सड़क मे बाधा पहुंचा रहा था उन लोगों ने अपना अपना मकान स्वयम तुड़वा लिया किन्तु खैरा मे सरकारी स्कूल की चाहार दीवारी नही तोड़ी गई।


### किसान सहकारी चीनी मिल्स लि0, सम्पूर्णानगर-खीरी

**गन्ना परिवहन ई-निविदा सूचना**

पेराई सत्र 2025-26 में इस मिल समिति के विभिन्न 29 वाह्य गन्ना क्रय केन्द्रों पर गन्ना की ट्रकों/ट्रेलरो से चीनी मिल केन कैरियर तक ढुलाई/लदाई आदि कार्यों हेतु अनुभवी गन्ना परिवहनकर्ता ठेकेंदारों/प्रतिष्ठित ट्रांसपोर्टरो से दिनांक 16/05/2025 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 30/05/2025 को सांयकाल 6:55 बजे तक ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 31/05/2025 को प्रातः 11:00 बजे (टेक्निकल विड) एवं दिनांक 01/06/2025 को प्रातः 11:00 बजे कामर्शियल विड खोली जायेगी। उक्त निविदा www.etender.up.nic.in एवं www.upsugarfed.org पर देखी जा सकती है।

प्रधान प्रबन्धक

**शान्ती देवी राम बदन महाविद्यालय नसीरपुर, जनपद-अम्बेडकरनगर : आवश्यकता है:** स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत प्राचार्य- 01 पद एवं परास्नातक कला संकाय में समाजशास्त्र, हिन्दी, गृह विज्ञान, भूगोल के 02-02 प्रवक्ताओं की तथा स्नातक कला संकाय में भूगोल में 02 प्रवक्ता की एवं हिन्दी, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान में 03-03 प्रवक्ताओं की तथा संस्कृत, प्राचीन इतिहास, राजनीति शास्त्र एवं शिक्षा शास्त्र में 01-01 प्रवक्ता की आवश्यकता है। शैक्षिक योग्यता- उ0प्र0 सरकार/ यू0जी0सी0 द्वारा निर्धारित एवं डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की परिनियमावली के अनुसार। वेतनमान- उ0प्र0 सरकार/ यू0जी0सी0 एवं अवध विश्वविद्यालय अयोध्या द्वारा स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत निर्धारित वेतनमान एवं अन्य सुविधाएं। नोट- इच्छुक अभ्यर्थी समस्त अंकपत्रों एंव प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ सात दिनों के अन्दर कार्यालय में सम्पर्क करें या रजिस्टर्ड डाक से भेजे। नोट- कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

**प्रबन्धक : अशोक कुमार दूबे, मो.नं. 9935853799, 9792095949**

### शुद्धिपत्र

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है की न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (टी0जी0) / अपर कलेक्टर, लखनऊ द्वारा जारी सरफेसी एक्ट में विज्ञापन, जो इस अखबार में दिनांक 13 मई 2025 को प्रकाशित हुए हैं, वाद संख्या विज्ञापन के शीर्षक नाम निम्नानूसर पढ़ा जा सकता है :-

**वाद संख्या:डी- 202510460001504 श्री हैदर रज़ा नकवी आदि**

**वाद संख्या: डी- 202510460001463 श्री राम किंकर यादव आदि**

अन्य प्रकाशित विवरण यथावत सही और बिना किसी परिवर्तन के हैं।

दिनांक: 16 मई 2025 — प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउजिंग फाइनेन्स लिमिटेड

**हेतु सदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)**

**न्यायालय अपर जिला जज (FTC)2 इलाहाबाद/ प्रयागराज**

**प्रोवेट वाद स.798 सन 2024**

मनीष कुमार गुप्ता उम्र लगभग 33 वर्ष पुत्र संतोष कुमार गुप्ता निवासी ग्राम पोस्ट बेलवां परगना सिकंदरा तहसील फूलपुर जिला प्रयागराज...... ........याची/प्रार्थी

बनाम

संतोष कुमार उम्र लगभग 52 वर्ष संदीप कुमार उम्र लगभग 48 वर्ष पुत्रगण स्व. चैलू निवासीगण- ग्राम व पोस्ट बेलवां परगना सिकंदरा तहसील फूलपुर जिला प्रयागराज...........प्रतिवादी

चूंकि उपर नामोकित ने इस न्यायालय से यह आवेदन किया है। कि अतएव आपको एतद द्वारा चेतावानी दी जाती है। कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए 2025.के05 के26 दिवस को 10 बजे पूर्वह में स्वयं या सम्यक अपेण अनदिष्ठ अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने मे असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अधारित किया जाएगा मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया

**नियत तिथि-26.05.2025**

**न्यायाधीश**

सी.आर.-322/D-CN

**वाद पदों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन (आदेश 5 नियम 1 और 5)**

**न्यायालय एम. ए. सी. टी.उतरी प्रयागराज**

**सी.पी.न.- 1284 सन 2019**

**निर्मला यादव आदि........वादिनी**

**बनाम**

**डेलही गुजरात फ्लीट कैरियर आदि**

...

बृजेश कुमार पुत्र अमृत निवासी ग्राम चकनेंदु पोस्ट सियाडीह हंडिया जिला प्रयागराज वाहन ट्रैक्टर संख्या यू पी 70 एफ सी -0522......प्रतिवादी

चूँकी वादिनि ने आपके खिलाफ के लिए वाद सरिबत किया है अतएव आपको एतद द्वारा जो की सम्यक रूपेण अनूदिष्ट है और वाद संबंधी सब सरबान प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है या इसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति है जो कि ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में समर्थ है । 2025 के 06 के 09 दिवस को बजे आहूत ने दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपसाजत हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को पेश करें जिनका की अपनी प्रतिरक्षा के समर्थन में सहारा लेने का आपका आशय है आपको यह सूचना दी जाती है कि पूर्ण वर्णित दिवस को आपको उपसजाति चूक होने पर वाद आपकी अनुपस्थिति में सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया

**नियत तिथि - 09.06.2025**

**न्यायाधीश**

सी.आर.-322/D-CN

**अदालती सूचना अनसूची 7 (धारा290)**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0), मोहम्मदी खीरी**

**मुत0 उत्तराधिकार वाद सं0- 24/2022**

**ता0 पेशी- 22.05.2025**

**मनीराम पुत्र हेमराज निवासी अजवापुर परगना पसगवां तहसील मोहम्मदी जिला खीरी**

**बनाम**

पुतूलाल पुत्र किसा निवासी अजवापुर परगना पसगवां तहसील मोहम्मदी जिला खीरी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुतूलाल पुत्र किसा निवासी अजवापुर परगना पसगवां तहसील मोहम्मदी जिला खीरी की निम्नवर्णित सम्पत्ति के लिए उत्तराधिकार प्रमाणपत्र हेतु ने एक प्रार्थनापत्र इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 22.05.2025 को निश्चित हुई है।

अतः यदि किसी पक्ष को अथवा किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह नियत तिथि अथवा किसी कार्य दिवस में न्यायालय में आकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा 22.05.2025 को प्रार्थनापत्र की सुनवाई एक पक्षीय रूप से कर प्रार्थनापत्र निस्तारित कर दिया जाएगी।

**सम्पत्ति का विवरण-**

इण्डियन बैंक शाखा अजवापुर परगना पसगवां तहसील मोहम्मदी जिला खीरी

में मृतक के नाम बचत खाता सं0 50293186596

में धनराशि मु0 377234/- रुपया मय ब्याज

**न्यायालय की आज्ञा से मुन्सरिम न्यायालय सिविल जज जू0डि0 मोहम्मदी खीरी**

सी.आर.-323/D-CN

अदालती सूचना ता. पेशी 30.06.2025 हेतु संदर्शित करने की सूचना(साधारण प्रारुप) न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शाहजहांपुर वाद सं. 557 वर्ष 2024 अन्तर्गत धारा 125 सी.आर.पी.सी थाना रौजा जनपद शाहजहांपुर श्रीमती अभिलाषा पांडेय बनाम संजय शुक्ला बनाम संजय शुक्ला पुत्र श्री गणेशप्रसाद शुक्ला निवासी 36/100 खास बाजार शिवाला थाना फीलखाना जिला कानपुर-208001 मो.9305615413....विपक्षी चूंकि उपरिनिमांकित श्रीमती अभिलाषा पांडेय वादिनी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि हर्जा खर्चा भरण पोषण दिलाया जावे। अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2025 ई.के माह 06 के 30 दिवस को दस बजे के पूर्वान्ह में स्वंया या सम्येक रूपेण अनादिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। आज सन् 2025 के माह 05 के 16 दिवस को मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम/रीडर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय शाहजहांपुर।**

सी.आर.-328/D-CN

अदालती सूचना ता.पेशी 10.07.2025 सम्मन तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) न्यायालय सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर मूलवाद संख्या 633 वर्ष 2019 आर.सी इण्डस्ट्रीज बनाम मै. गोयल पॉलीमार एण्ड फ्लोर मिल शाहजहांपुर आदि बनाम 1- मै. गोयल पॉलीमार एण्ड फ्लोर मिल शाहजहांपुर कार्यालय गांधीगंज शाहजहांपुर द्वारा भागीदार/पार्टनर 2- श्रीमती आशा गोयल पत्नी स्व. विशनचंद्र गोयल पार्टनर मै. गोयल पॉलीमार एण्ड फ्लोर मिल शाहजहांपुर कार्यालय गांधीगंज शाहजहांपुर 3- मोहित गोयल पुत्र स्व. विशनचंद्र गोयल पार्टनर मै. गोयल पॉलीमार एण्ड फ्लोर मिल शाहजहांपुर कार्यालय गांधीगंज शाहजहांपुर... प्रतिवादीगण हरगाह आर.सी इण्डस्ट्रीज वादी उपरोक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत बसूली धनराशि के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 10 माह 07 सन् 2025 ई.ववक्त 10 बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से आज वतारीख 16 माह 05 सन् 2025 ई.में जारी किया गया। **न्यायालय के आदेशानुसार मुंसरिम सिविल जज सी.डि. शाहजहांपुर।**

सी.आर.-328/D-CN

### दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लि., पुरनपुर, जिला-पीलीभीत — ई-निविदा सूचना

इस मिल समिति में वर्ष 2025-26 में निम्न सामानों की आपूर्ति एवं ठेके के कार्यो हेतु अनुभवी पार्टियों से ई-निविदाएँ अंकित तिथि तक एवं अंकित धरोहर राशि जमा करने के उपरान्त आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा की नियम व शर्ते व विस्तृत विवरण www.etender.up.nic.in एवं संघ कार्यालय लखनऊ की बेवसाइट www.upsugarfed.org से डाउनलोड की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य विवरण | निविदा लोड करने की तिथि | निविदा अपलोड करने की तिथि | टेक्नीकल बिड खोलने की तिथि | कामर्शियल बिड की तिथि | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | C.I. Sluice Valve | 26-05-2025 | 05-06-2025 | 06-06-2025 | 06-06-2025 | 5000/- |
| 2. | Cast Steel Item | 26-05-2025 | 05-06-2025 | 06-06-2025 | 06-06-2025 | 5000/- |
| 3. | Refractory Item | 27-05-2025 | 06-06-2025 | 07-06-2025 | 07-06-2025 | 5000/- |
| 4. | Packing & Jointing | 27-05-2025 | 06-06-2025 | 07-06-2025 | 07-06-2025 | 3000/- |
| 5. | Nut Bolt | 28-05-2025 | 09-06-2025 | 10-06-2025 | 10-06-2025 | 5000/- |
| 6. | Lighting Materials | 28-05-2025 | 09-06-2025 | 10-06-2025 | 10-06-2025 | 5000/- |
| 7. | Heavy Chemicals | 30-05-2025 | 10-06-2025 | 11-06-2025 | 11-06-2025 | 5000/- |
| 8. | Black Polyethene Sheets Poly Propylene Sheets Thread Trolly, Trolly Wheel | 30-05-2025 | 10-06-2025 | 11-06-2025 | 11-06-2025 | 5000/- |
| 9. | Nickel Screen | 02-06-2025 | 11-06-2025 | 12-06-2025 | 12-06-2025 | 5000/- |
| 10. | C/F Copper Liner Brass Supporting Liner | 02-06-2025 | 11-06-2025 | 12-06-2025 | 12-06-2025 | 5000/- |
| 11. | Tools & Tackles | 02-06-2025 | 11-06-2025 | 12-06-2025 | 12-06-2025 | 3000/- |
| 12. | P.V.C. Cables | 04-06-2025 | 12-06-2025 | 13-06-2025 | 13-06-2025 | 5000/- |
| 13. | Computer Stationery | 04-06-2025 | 12-06-2025 | 13-06-2025 | 13-06-2025 | 5000/- |
| 14. | Welding accessories | 05-06-2025 | 13-06-2025 | 14-06-2025 | 14-06-2025 | 3000/- |
| 15. | Servicing Testing/repairing/A.V.R./Relay/Alternator | 05-06-2025 | 13-06-2025 | 14-06-2025 | 14-06-2025 | 3000/- |

अधोहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तों में परिवर्तन करने एवं बिना कारण एक या समस्त ई-निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

पत्रांक : 138/लेखा-क्रय/2025-26 दिनांक: 15-05-2025 — प्रधान प्रबंधक

सी.आर.-327/D-

### पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या: ETender-GSU-TRD-L03-25-26**

**दिनांक: 15-05-2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/गतिशक्ति, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

**क्रम सं.-01,** कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में अमृत भारत योजना के अंतर्गत भटनी यार्ड के प्लेटफार्म संख्या 2 एवं 3 पर पीपी शेल्टर के निर्माण कार्य के कारण आ रहे अवरोधों को हटाने से संबंधित 25 केवी विद्युतीकरण कार्य। टेंडर रिफरेंश नं.: ETender-GSU-TRD-L03-25-26, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में: ₹ 60,01,157.91, धरोहर राशि रूपया में: ₹ 1,20,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया में: शून्य, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: 06-06-2025 upto 14:45 Hrs., कार्य पूरा करने की अवधि: 06 माह।

• खुली ई-निविदा दिनांक 06-06-2025 को 14:45 बजे तक जमा कर सकेंगे।

• पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/गति शक्ति**

मुजाधि/विद्युत-35 — वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**

स्थानीय संपादक : **विष्णु मोहन***

फोन : 0522-4043151

swatantrabharat77@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।

**समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।**

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, शनिवार, 17 मई, 2025

## विजय शाह की टिप्पणी को हथियार बना रहा पाक

### भारत में मुस्लिमों के प्रति कथित नफरत के तौर पर कर रहा पेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादास्पद बयान दिया था, जिसे लेकर देश में लोगों ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने भी मामले का संज्ञान लिया और मंत्री से माफी मांगने को कहा है।

इस बीच पाकिस्तान ने मंत्री विजय शाह के बयान को एक टूल का तरह इस्तेमाल कर प्रोपेगैंडा चलाने का काम किया है। पाकिस्तान के सरकारी चैनल पीटीवी ने इस बयान को भारत में मुस्लिम के प्रति कथित नफरत के प्रमाण के तौर पर प्रस्तुत किया है। पाकिस्तान के चैनल्स ने एक प्रोपेगैंडा के तहत विजय शाह के बयान को इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है और पीटीवी के अलावा जीओ न्यूज, द डैली जंग सहित कई पाकिस्तानी मीडिया आउटलेट्स ने इस बयान पर खबरें प्रकाशित कर दुनिया में मुस्लिम समुदाय में भारत की छवि धूमिल करने की कोशिश की है। पीटीवी ने बुधवार देर रात प्रसारित अपने प्राइम टाइम कार्यक्रम में कहा है, भारत के हिन्दू बीजेपी के सीनियर नेता विजय शाह ने एक वफादार मुस्लिम महिला अफसर को दहशतगर्दों की कतार में खड़ा कर दिया है। मोदी के भारत में मुस्लिम के प्रति नफरत इस हद तक बढ़ चुकी है कि अब सेना के उच्च अधिकारी और महिलाएं भी सुरक्षित नहीं हैं। पीटीवी, जीओ न्यूज और जंग टीवी ने आरोप लगाया कि भारत में मुसलमानों को मुख्यधारा से बाहर धकेला जा रहा है और अब जो लोग सेना जैसी संस्थाओं में भी अपनी सेवा दे रहे हैं, उन्हें संदेह की नजर से देखा जा रहा है। पाकिस्तान द्वारा कर्नल सोफिया के बहाने भारत की छवि को अल्पसंख्यक विरोधी राष्ट्र के रूप में प्रचारित करने की कोशिश की जा रही है। सिर्फ पाकिस्तानी टीवी चैनल्स ही नहीं, पाकिस्तानी सोशल मीडिया हैंडल्स से भी इस मुद्दे को लेकर नफरती एजेंडे और भारत के खिलाफ दुष्प्रचार को तेज कर दिया गया है।



## पाक मीडिया ने ही खोल दी अपने विदेश मंत्री की पोल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली।** पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने पाकिस्तानी सीनेट में एक विदेशी अखबार की फर्जी तस्वीर का जिक्र कर झूठा दावा किया कि पाकिस्तानी वायुसेना संघर्ष में भारतीय वायुसेना पर भारी पड़ी। इस दौरान पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने ब्रिटिश अखबार डेली टेलीग्राफ के एक लेख की तस्वीर का हवाला दिया। हालांकि पाकिस्तानी मीडिया ने ही अपने विदेश मंत्री के झूठ का पर्दाफाश कर दिया। फैक्ट चेक में विदेशी अखबार की तस्वीर फर्जी निकली है।

### इशाक डार ने संसद में फर्जी खबर के जरिए दिखाया बड़बोलापन

### फैक्ट चेक में फर्जी निकली तस्वीर



पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने गुरुवार को पाकिस्तानी सीनेट में बताया कि ब्रिटिश अखबार टेलीग्राफ ने लिखा कि पाकिस्तानी वायुसेना, आकाश में निर्विवाद किंग रही। इस पर पाकिस्तान के एक जाने-माने अखबार डॉन ने ही फैक्ट चेक कर अपने विदेश मंत्री के दावे को खारिज कर दिया। अखबार ने बताया कि इशाक डार ने जिस खबर का जिक्र किया, वह फर्जी है और वह सिर्फ सोशल मीडिया पर वायरल एक फर्जी तस्वीर है। पाकिस्तानी अखबार ने वायरल तस्वीर की जांच की तो उसे तस्वीर में कई खामियां नजर आई। जांच में पता चला कि डेली टेलीग्राफ ने ऐसी कोई खबर प्रकाशित ही नहीं की। पाकिस्तानी अखबार ने फैक्ट चेक के जरिए पता लगाया कि वायरल तस्वीर में जो लेख है, उसमें स्पेलिंग की गलतियां थीं, जो एक प्रतिष्ठित अखबार के संपादकीय में नहीं हो सकतीं। पेज का लेआउट भी डेली टेलीग्राफ के लेआउट से मेल नहीं खाता। पाकिस्तान के कई अन्य पत्रकारों ने भी इस तस्वीर का फैक्ट चेक किया और इस खबर को फर्जी पाया। एक यूजर ने डेली टेलीग्राफ की तस्वीर को एआई जेनरेट बताया और संसद में दिए उप-प्रधानमंत्री के दावे को शर्मनाक करार दिया।

## माउंट एवरेस्ट पर भारतीय पर्वतारोही की मौत

**काठमांडू।** दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर मौजूदा मार्च-मई पर्वतारोहण सीजन के दौरान दो पर्वतारोहियों की मौत की पुष्टि हुई है। इन मृतकों में एक

### इस सीजन पहली बार हुआ ऐसा

भारत से और दूसरा फिलीपींस से था। यह जानकारी शुक्रवार को नेपाल के पर्वतारोहण अधिकारियों ने दी। 45 वर्षीय भारतीय पर्वतारोही सुब्रत घोष ने एवरेस्ट के 8,849 मीटर (29,032 फीट) ऊंचे शिखर को सफलतापूर्वक फतह तो किया, लेकिन गुरुवार को हिलेरी स्टेप के नीचे लौटते समय उनकी मौत हो गई।

नेपाल के स्नोई होराइजन ट्रेक्स एंड एक्सपेडिशन कंपनी के आयोजक बोधराज भंडारी ने बताया, वह



हिलेरी स्टेप से नीचे आने के लिए तैयार नहीं थे। वहीं उनकी मौत हो गई। उनके शव को बेस कैंप तक लाने का प्रयास किया जा रहा है। मौत का कारण पोस्टमॉर्टम के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। हिलेरी स्टेप को 'डेथ जोन' भी कहा जाता है। यह 8,000 मीटर (26,250 फीट) से ऊपर का इलाका है। यहां प्राकृतिक ऑक्सीजन का स्तर इंसान के जीवित रहने के लिए पर्याप्त नहीं होता। फिलीपींस के 45 वर्षीय पर्वतारोही फिलिप सैंटियागो की मौत बुधवार देर रात साउथ कोल में हुई। नेपाल पर्यटन विभाग के अधिकारी हिमाल गौतम ने बताया कि वह चौथे उच्च शिविर (हाई कैंप) तक पहुंचे, लेकिन अत्यधिक थकान के कारण जब वह अपने टेंट में आराम कर रहे थे, तभी उनकी मृत्यु हो गई। दोनों पर्वतारोही एक ही अंतरराष्ट्रीय अभियान दल का हिस्सा थे, जिसका आयोजन बोधराज भंडारी द्वारा किया गया था। नेपाल ने इस सीजन के लिए 459 पर्वतारोहण परमिट जारी किए हैं। इस हफ्ते लगभग 100 पर्वतारोही और उनके गाइड पहले ही शिखर तक पहुंच चुके हैं।

## भारत-चीन को लड़ा रहे पश्चिमी देश : रूस

**मॉस्को।** पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य संघर्ष के दौरान खुल कर भारत का साथ देने वाला रूस अब चाह रहा है कि भारत और चीन के संबंधों में तनाव कम हो। इसके लिए प्रयास भी शुरू हो गये हैं। इस बीच, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि दरअसल पश्चिमी देश भारत और चीन को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर रहे हैं। सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस की खबर के मुताबिक, लावरोव ने मॉस्को में 'सीमाओं के बिना संस्कृति : सांस्कृतिक कूटनीति की भूमिका और विकास' विषय पर आयोजित डिप्लोमैटिक क्लब की बैठक में यह टिप्पणी की। रूसी विदेश मंत्री ने कहा, एशिया-प्रशांत क्षेत्र के हालिया घटनाक्रमों पर गौर करें, जिसे पश्चिम ने अपनी नीति को स्पष्ट रूप से चीन विरोधी रुझान देने के लिए हिंद-प्रशांत क्षेत्र कहना शुरू कर दिया है- इस उम्मीद के साथ भी कि इससे हमारे महान मित्रों और पड़ोसी देशों भारत व चीन के बीच टकराव पैदा किया जा सकेगा। चीन के बढ़ते प्रभाव से निपटने के लिए स्थापित चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) के मुखर आलोचक लावरोव ने ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अमेरिका के सैन्य गठबंधन एयूकेयूएस के गठन के बाद इसकी आलोचना कम कर दी है। क्वाड में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं।

## बंगाल में बेरोजगार हुए शिक्षकों ने प्रदर्शन किया

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में एसएससी भर्ती मामले में 26,000 शिक्षकों की नौकरी जाने के मामले में सीएम ममता बनर्जी की अगुवाई वाली राज्य सरकार के खिलाफ शिक्षकों ने विकास भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार पूरी नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी की गई है। विकास भवन के सामने प्रदर्शन कर रहे एसएससी शिक्षकों और पुलिस कर्मियों के बीच झड़प में कई शिक्षक घायल हो गए, जिसके बाद पुलिस ने भारी भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बेरोजगार हुए शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने साल्ट लेक में राज्य शिक्षा विभाग के मुख्यालय की घेराबंदी करने के लिए रेलिंग के घेरे को तोड़ दिया और लोहे के गेट तोड़ दिए।

## एक नज़र

### अमेरिका में मेंढक की भ्रूण तस्करी

**मोनरो।** रूसी मूल की वैज्ञानिक और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की शोधकर्ता केसेनिया पेट्रोवा पर अमेरिका में मेंढक भ्रूण की तस्करी करने का आरोप लगा है। उनके वकील ने बृहस्पतिवार को अदालत से अपील की कि पेट्रोवा को लुइसियाना के हिरासत केंद्र से वापस मैसाचुसेट्स लाया जाए, जहां तीन महीने पहले उन पर केस दर्ज हुआ था। 30 वर्षीय पेट्रोवा को पहले से ही निर्वासन का सामना करना पड़ रहा है। संघीय जिला न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा बुधवार को पेट्रोवा की रिहाई पर सुनवाई की गई, जिसके बाद उन पर अमेरिका में मेंढक भ्रूण के नमूने तस्करी से लाने का आरोप लगाया गया। लुइसियाना के न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को सुनवाई के दौरान आरोपों पर विचार किया।

### गाजा में फिर 20 लोग मरे

**गाजा।** इजरायल और हमास के जारी संघर्ष के बीच शुक्रवार सुबह एक बार फिर इस्राइल ने गाजा पर जोरदार और घातक हवाई हमला किया। इस हवाई हमले में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। साथ ही कई अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो वहां उपस्थित पत्रकार ने इंडोनेशियन अस्पताल में 20 शवों को गिनने की पुष्टि की। वहीं दूसरी ओर घायलों और बचावकर्मियों ने बताया कि कई लोग अब भी मलबे के नीचे दबे हुए हैं।

### करतारपुर गलियारा फिर खोलने की मांग

**अमृतसर।** अकाल तख्त के कार्यवाहक जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गर्गज ने करतारपुर कॉरिडोर को फिर से खोलने की मांग की है। यह श्रद्धालुओं को पाकिस्तान में ऐतिहासिक गुरुद्वारा दरबार साहिब में मत्था टेकने की सुविधा प्रदान करता है। यह गलियारा सात मई से बंद है। भारतीय सशस्त्र बलों ने सात मई को तड़के पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर के नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। करतारपुर गलियारा पाकिस्तान में गुरुद्वारा दरबार साहिब को गुरदासपुर जिले में डेरा बाबा नानक से जोड़ता है। जत्थेदार ने कहा कि सिख रोजाना उन गुरुद्वारों तक खुली पहुंच के लिए प्रार्थना करते हैं, इसलिए करतारपुर साहिब कॉरिडोर को बंद रखना उचित नहीं है।

### सऊदी के अलावा भी कई मुस्लिम देशों ने खदेड़े पाक भिखारी

**रियाद।** सऊदी अरब से बीते साल जनवरी से अब तक 5033 पाकिस्तानी भिखारियों को वापस भेजा गया है। अधिकृत जानकारी के अनुसार यह आंकड़ा बीते 16 महीनों का है। सऊदी अरब के अलावा पाकिस्तान से लोग मलयेशिया, इराक, यूएई, ओमान और कतर जैसे देशों में भी भीख के लिए जाते हैं। ये सभी इस्लामिक मुल्क हैं और पाकिस्तान के गरीब तबके के लोगों को लगता है कि यहां भीख मांगकर भी गुजारा किया जा सकता है। सऊदी अरब तो हर साल ही हजारों पाकिस्तानी भिखारियों को वापस भेजता है। उसने पाक सरकार से भी कहा था कि इन्हें रोकने के लिए कदम उठाए। सऊदी अरब, इराक, मलयेशिया, ओमान, कतर और यूएई से कुल 5402 भिखारियों को वापस भेजा गया है। यह आंकड़ा जनवरी 2024 से अब तक का है। इनमें से 4850 लोगों को सऊदी अरब समेत इन देशों ने 2024 में वापस भेज दिया था। इसके अलावा 552 पाकिस्तानी भिखारियों को इस साल ही लौटाया गया है।

### 'विद्या बालन को डिनर का ऑफर पूर्व सीएम की पत्नी पर टिप्पणी'

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के जनजातीय मंत्री विजय शाह इन दिनों अपने विवादास्पद बयान की वजह से सुर्खियों में हैं। पिछले दिनों उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद उनकी खूब आलोचना हुई थी। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब विजय शाह किसी विवाद में फंसे हैं। इससे पहले भी उनसे जुड़े कई ऐसे मामले हैं, जिसके बाद उनकी आलोचना हुई थी। इससे पहले उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की पत्नी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया था। इतना ही नहीं, उन्होंने मध्यप्रदेश में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन को डिनर का निमंत्रण देने के बाद भी विवाद खड़ा हुआ था। फिलहाल, मध्यप्रदेश हाई कोर्ट के आदेश के बाद विजय शाह के खिलाफ कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

## शहबाज शरीफ भारत के साथ वार्ता को तैयार, शर्तों में कश्मीर मुद्दा भी शामिल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बृहस्पतिवार को भारत से बातचीत का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि



पाकिस्तान शांति के लिए भारत के साथ बातचीत करने के लिए तैयार है। उन्होंने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कामरा एयरबेस के दौरे के दौरान यह टिप्पणी की। हालांकि, शहबाज ने यह भी कहा कि शांति की शर्तों में कश्मीर का मुद्दा भी शामिल है। संघर्ष विराम के लिए बनी सहमति के बाद शहबाज शरीफ का किसी सैन्य ठिकाने पर यह दूसरा दौरा था। इस दौरान उनके साथ उप प्रधानमंत्री इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू भी एयरबेस पर मौजूद थे। इससे पहले शहबाज शरीफ ने बुधवार को सियालकोट में पसरूर छावनी का दौरा किया, जहां उन्होंने पाकिस्तानी जवानों से बातचीत की।

## ब्रह्मोस के आगे पिट गए पाक-चीनी एयर डिफेंस सिस्टम

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली। भारत ने बीते दिनों जिस सटीकता और सर्तकता से ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया है, उससे देश-विदेश के एक्सपर्ट्स भी भारतीय सशस्त्र बलों की पीठ थपथपा रहे हैं। इसी कड़ी में अमेरिका के जाने माने वारफेयर

### अमेरिकी विशेषज्ञ हुए मुरीद




एक्सपर्ट जॉन स्पेंसर ने ऑपरेशन सिंदूर की जमकर तारीफ की है। जॉन स्पेंसर ने कहा है कि इस ऑपरेशन, और बाद में पाकिस्तान को जवाब देने में भारत ने अटैक और डिफेंस का गजब का संगम दिखाया है। उन्होंने कहा है कि भारत ने यह संदेश भी दे दिया है कि वह पाकिस्तान में कहीं भी और कभी भी हमला कर सकता है। जॉन स्पेंसर मॉडर्न वॉर इंस्टीट्यूट में अर्बन वॉरफेयर स्टडीज के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। रिटायर्ड कर्नल जॉन स्पेंसर ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दिए गए एक इंटरव्यू में कहा कि पाकिस्तान जिन चीनी एयर डिफेंस सिस्टम का इस्तेमाल करता है, वे कभी भी भारत की ब्रह्मोस मिसाइलों का मुकाबला नहीं कर सकते हैं। स्पेंसर ने इंडिया टुडे को बताया, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान में घुस कर हमला किया। वहीं भारत ने पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइलों को भी सफलतापूर्वक खदेड़ा। स्पेंसर ने आगे यह भी कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली किसी भी चीनी वायु रक्षा प्रणाली को भेदने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा, चीनी वायु रक्षा प्रणाली और मिसाइलें भारत की प्रणालियों की तुलना में कमजोर हैं। भारत का संदेश स्पष्ट था। भारत पाकिस्तान में कहीं भी, कभी भी हमला कर सकता है। बता दें कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने आतंकवाद पर कड़ा प्रहार करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में कई आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया था। इसके बाद पाकिस्तान ने भारत पर कायराना हमले शुरू कर दिए थे। हालांकि भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने ज्यादातर हमलों को नाकाम कर दिया। वहीं 10 मई को जब पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की तब भारत ने करारा जवाब देते हुए पाकिस्तान के कई एयर बेस को तबाह कर दिया।

## आवारा कुत्तों से बचने को तीसरी मंजिल पर चढ़ गई गाय


**पुणे।** आवारा कुत्तों ने दौड़ाया, बचने के लिए इमारत की तीसरी मंजिल पर चढ़ गई गाय महाराष्ट्र में पुणे की पारंपरिक इमारत 'वाड़ा' के लोगों की नींद शुक्रवार सुबह उस समय शोरगुल से खुल गई, जब आवारा कुत्तों से बचने के लिए एक गाय इमारत की तीसरी मंजिल पर चढ़ गई। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार पेठ इलाके के परदेसी वाड़ा में सुबह करीब 6 बजे की है। दमकल विभाग के अधिकारी ने कहा, 'आवारा कुत्तों के पीछा किए जाने पर एक जर्सी गाय इमारत के परिसर में घुस गई। वह एक संकरी लकड़ी की सीढ़ी से तीसरी मंजिल पर चढ़ गई।'

## न्यूयॉर्क सीनेट में भारतीय संविधान का सम्मान

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राज्य न्यूयॉर्क की सीनेट में औपचारिक रूप से भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर इसका सम्मान करते

### 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रस्ताव पारित

हुए एक प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव में भारतीय संविधान को राष्ट्र के रूप में भारत की निरंतर प्रगति के लिए एक मार्गदर्शक ढांचे के रूप में मान्यता दी गई है और देश के लोकतांत्रिक मूल्यों का जश्न मनाया गया। न्यूयॉर्क स्टेट सीनेटर जेरेमी कूनी ने यह प्रस्ताव पेश किया। जेरेमी कूनी वर्तमान में न्यूयॉर्क स्टेट सीनेट में सेवारत भारतीय मूल के




एकमात्र सदस्य हैं। कूनी के प्रस्ताव को बुधवार को एक समारोह में पारित किया गया। इस कार्यक्रम में न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्यदूत बिनय प्रधान के साथ-साथ न्यूयॉर्क में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के लोग भी शामिल हुए।

## सिंधु जल संधि को लेकर भिड़े उमर अब्दुल्ला और महबूबा

**श्रीनगर।** तुलबुल नौवहन परियोजना को पुनर्जीवित करने की मांग को लेकर शुक्रवार को जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उनकी पूर्ववर्ती महबूबा मुफ्ती के बीच सोशल मीडिया पर सार्वजनिक बहस छिड़ गई। महबूबा मुफ्ती ने सरकार पर भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता समाप्त होने के बीच उकसाने वाले कदम उठाने का आरोप लगाया। हालांकि, अब्दुल्ला ने आरोप लगाया कि मुफ्ती इस विचार का विरोध करके सस्ते प्रचार के लिए और पाकिस्तान में कुछ लोगों को खुश करने की कोशिश कर रही हैं। तुलबुल नेविगेशन परियोजना का उद्देश्य बांदीपुरा जिले में झेलम से बहने वाली वुलर झील को पुनर्जीवित करना है। परियोजना 1987 में शुरू की गई थी, लेकिन 2007 में पाकिस्तान की आपत्तियों के कारण इसे रोक दिया गया था कि यह सिंधु जल संधि का उल्लंघन करती है। पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद 23 अप्रैल को भारत द्वारा संधि को निलंबित करने के बाद, अब्दुल्ला ने गुरुवार को वुलर झील पर परियोजना में काम फिर से शुरू करने का आह्वान किया। एक्स पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि चूंकि पाकिस्तान के साथ जल समझौते को स्थगित रखा गया है, मुझे आश्चर्य है कि क्या हम परियोजना को फिर से शुरू कर पाएंगे। उन्होंने एक्स पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि उत्तरी कश्मीर में वुलर झील। वीडियो में आप जो सिविल कार्य देख रहे हैं, वह तुलबुल नेविगेशन बैराज है। इसे 1980 के दशक की शुरुआत में शुरू किया गया था, लेकिन सिंधु जल संधि का हवाला देते हुए पाकिस्तान के दबाव में इसे छोड़ना पड़ा। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता ने कहा कि अगर तुलबुल परियोजना पूरी हो जाती है तो इससे झेलम नदी का इस्तेमाल नौवहन के लिए करने में मदद मिलेगी।

## पढ़ाई के सफर को किया याद!

कहा जाता है कि आपकी पढ़ाई-लिखाई ही आपका भविष्य तय करती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपके पसंदीदा एण्डटीवी एक्टर्स कितने पढ़े-लिखे हैं? ये जाने-पहचाने चेहरे, जो हर दिन अपने मजबूत और दिल को छू जाने वाले किरदारों से दर्शकों का दिल जीतते हैं, असल ज़िंदगी में भी शैक्षणिक रूप से काफी होशियार रहे हैं। उनकी यही पढ़ाई एंटरटेनमेंट की दुनिया में आज इस मुकाम तक लाने में मददगार साबित हुई है।'भीमा' में कैलाशा बुआ का किरदार निभा रहीं नीता मोहिन्द्रा ने बताया, ''एक्टिंग में मेरे अनुभव को शिक्षा ने गहराई दी है। मेरे पास फाइन आर्ट्स में एमए और पीएचडी की डिग्री है और मुझे गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी में डिपार्टमेंट ऑफविजुअल एण्ड परफॉर्मिंग आर्ट्स की हेड बनने का सम्मान मिला है। शिक्षा मेरे लिये हमेशा से एक मार्गदर्शक रही है।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' में प्यारी कटोरी अम्मा का किरदार निभा रहीं हिमानी शिवपुरी ने कहा, '' विज्ञान में गहरी रुचि होने के कारण मैंने डीएवी कॉलेज, देहरादून से ऑर्गेनिक केमिस्ट्री में पोस्टग्रेजुएट डिग्री के लिये पढ़ाई



की थी। हालांकि, परफॉर्मिंग आर्ट्स के लिये मेरा झुकाव ज्यादा था और इसलिये मैंने 1984 में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से ग्रेजुएशन किया। मेरे लिये शिक्षा का मतलब है बौद्धिकता को भावना, तर्क तथा रचनात्मकता से मिलाना। मेरे एक्टिंग कॅरियर में इसकी बड़ी भूमिका रही है।'''भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाबी का मशहूर किरदार निभाने वालीं शुभांगी अत्रे ने कहा, ''मेरी असल जिन्दगी में शिक्षा का हमेशा बड़ा महत्व रहा है।

## 'सरू' ने लोगों के दिलों को छू लिया!

हाल ही में शुरू हुआ नया फिक्शन शो 'सरू' एक ऐसी लड़की की कहानी है जो राजस्थान के खरेस गांव से है। वो अपनी पढ़ाई के लिए समाज की सोच से लड़ती है और कभी हार नहीं मानती। इस कहानी को पर्दे पर ज़िंदा किया है डेब्यू कर रहीं मोहक मटकर ने, जो सरू बनी हैं, और शगुन पांडे ने, जो वेद का किरदार निभा रहे हैं। दोनों कलाकारों ने सिर्फ एक्टिंग नहीं की, बल्कि गांव के माहौल और संस्कृति में पूरी तरह उतरकर अपने किरदारों को निभाया है। शो की कहानी, इसका ट्रीटमेंट और राजस्थान की खूबसूरत लोकेशंस दर्शकों को खूब पसंद आ रही हैं। और अब, पब्लिक रिव्यू सामने आ चुका है और साफहै कि ये शो लोगों को बहुत पसंद आ रहा है। हर तरफ और सोशल मीडिया पर शो को लेकर जमकर तारीफें हो रही हैं। कुल मिलाकर, 'सरू' ने लोगों के दिलों को छू लिया है। इतनी तारीफें मिलने के बाद मोहक और शगुन दोनों बहुत खुश और



दर्शकों के शुक्रगुज़ार हैं। सरू का किरदार निभा रहीं मोहक मटकर ने कहा, ''दोस्तों, फैमिली और सोशल मीडिया पर जो मैसेज मिल रहे हैं, वो दिल को छू लेने वाले हैं। लोग कह रहे हैं कि उन्हें सरू की कहानी बड़ी अपनी-सी लग रही है। ये बस शुरुआत है। आगे की कहानी और भी मज़ेदार और इमोशनल होगी।'' वेद बिड़ला का रोल निभा रहे शगुन पांडे ने कहा, ''लोग वेद और सरू के रिश्ते को लेकर भी बहुत अच्छा रिस्पॉन्स दे रहे हैं। हम आगे भी उन्हें इस कहानी से बांधे रखना चाहेंगे।'' मालूम हो कि 'सरू' रोज शाम साढ़े सात बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।

## बाजार दर्पण







